आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

नं.1 क्षेत्रीय अखबार
सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 50 | उज्जैन, शनिवार 07 मार्च, 2026 | चैत्र कृष्ण 4 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### चारधाम यात्रा का रजिस्ट्रेशन शुरू, 19 अप्रैल से खुलेंगे कपाट

**देहरादून।** चारधाम यात्रा-2026 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन आज शुक्रवार की सुबह 7 बजे से शुरू हो गया। जबकि 17 अप्रैल से ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। उत्तराखंड सरकार ने यात्रा से पहले रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन उत्तराखंड सरकार की वेबसाइट और मोबाइल ऐप टूरिस्ट केयर उत्तराखंड से कर सकते हैं। उत्तराखंड सरकार की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 19 अप्रैल को यमुनोत्री और गंगोत्री के कपाट खुलेंगे। 22 अप्रैल को केदारनाथ और 23 अप्रैल को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। श्रीहेमकुण्ड साहिब की आधिकारिक घोषणा बाद में की जाएगी। उत्तराखंड सरकार की ओर से बताया गया है कि चारधाम यात्रा 2026 में आने के लिए भारतीय श्रद्धालु अपना पंजीकरण आधार कार्ड के माध्यम से कर सकेंगे, जबकि विदेशी श्रद्धालुओं के लिए ई-मेल आईडी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

### सरकार का तेल कंपनियों को प्रोडक्शन बढ़ाने का आदेश

**नई दिल्ली।** ईरान-इजराइल जंग अगर बढ़ी तो भारत में रसोई गैस की किल्लत भी बढ़ सकती है। इस स्थिति को देखते हुए सरकार ने इमरजेंसी पावर इस्तेमाल करते हुए देश की सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव से सप्लाई चेन में रुकावट आ सकती है। इससे गैस की सप्लाई प्रभावित हो सकती है। इसी खतरे को देखते हुए सरकार ने 5 मार्च को देर रात ये आदेश जारी किया। इस आदेश में कहा गया है कि अब रिफाइनयां अपने पास मौजूद प्रोपेन और ब्यूटेन का इस्तेमाल सिर्फ रसोई गैस बनाने के लिए करेंगी। इन गैसों का उपयोग किसी और काम में नहीं किया जाएगा।

### बादशाह के टटीरी सॉन्ग पर पंचकूला में एफआईआर



**लड़कियों को स्कूल बैग फेंकते दिखाया, गंदे शब्द का इस्तेमाल, महिला आयोग ने रैपर को तलब किया**

**पंचकूला।** बॉलीवुड रैपर-सिंगर बादशाह के नए हरियाणवी फोक सॉन्ग 'टटीरी' को लेकर पंचकूला के सेक्टर-20 स्थित साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, अभी मामला अज्ञात पर दर्ज हुआ है। रैप की लाइन आया बादशाह डोली चढ़ाने, इन सबकी घोड़ी बनाने और लड़कियों को स्कूल की वर्दी में बैग फेंकने का विरोध हो रहा है। उधर, पानीपत की नारी तू नारायणी संस्था की अध्यक्ष सविता आर्या और शिव आरती फाउंडेशन के प्रमुख शिव कुमार की शिकायत पर हरियाणा राज्य महिला आयोग ने बादशाह को समन जारी किया है। जिसमें बादशाह को अपना पक्ष रखने के लिए 13 मार्च को आयोग के समक्ष पेश होने को कहा गया है। यह सॉन्ग 1 मार्च को रिलीज हुआ था। इस गाने में कैथल की रहने वाली बॉक्सर सिमरन जागलान की भी आवाज है। वह हरियाणवी सिंगर कर्मबीर फौजी की बेटी हैं। टटीरी गाने को अभी तक यूट्यूब पर 4 मिलियन से ज्यादा लोग सुन चुके हैं। पंचकूला के चंडी मंदिर एरिया के पास रहने वाले अभय चौधरी ने साइबर थाने में शिकायत देकर कहा कि बादशाह नाम के एक सिंगर का टटीरी नाम का गाना ऑनलाइन और सोशल मीडिया पर चल रहा है। इस गाने में कुछ ऐसे शब्द और दृश्य हैं जो आपत्तिजनक हैं और समाज को गलत संदेश देते हैं। गाने में लड़कियों को स्कूल की वर्दी में दिखाया गया है और स्कूल को बैडशाला कहा गया है, जो पाठशाला शब्द का गलत रूप है। शिकायत के मुताबिक, गाने में आया बादशाह डोली चढाने, इन सबकी घोड़ी बनाने जैसी लाइनें हैं। ये स्कूल की वर्दी में दिख रही लड़कियों के साथ गलत तरीके से इस्तेमाल की गईं। यह सब समाज में गलत और अश्लील संदेश देता है। ये आपत्तिजनक शब्द हमारी बहनों-बेटियों की इज्जत को ठेस पहुंचाते हैं।

### नेपाल चुनाव: बालेन शाह की पार्टी आरएसपी 35 सीटों पर जीती

**काठमांडू।** नेपाल में आम चुनाव 2026 की मतगणना जारी है और शुरूआती रुझानों में बड़ा राजनीतिक उलटफेर दिख रहा है। देश के 43 निर्वाचन क्षेत्रों से आए शुरूआती नतीजों में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने जबरदस्त बढ़त बना ली है। चुनाव आयोग के मुताबिक पार्टी 35 सीटों पर आगे चल रही है, जिससे पारंपरिक दलों के लिए खतरे की घंटी बज गई है। यह चुनाव पिछले साल हुए बड़े राजनीतिक तख्तापलट के बाद हो रहा है, जब जेन-जी के नेतृत्व वाले हिंसक प्रदर्शनों ने केपी शर्मा ओली की सरकार को गिरा दिया था। गुरुवार को हुए मतदान में करीब 60 प्रतिशत वोटिंग दर्ज की गई। शुरूआती रुझानों के अनुसार नेपाली कांग्रेस 4 सीटों पर आगे है, जबकि सीपीएन-यूएमएल 3 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है।

### भारत को रूस से तेल खरीदने की छूट, अमेरिका ने रियायत दी

**नई दिल्ली।** भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का संकट फिलहाल खत्म हो गया है, क्योंकि भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने की छूट मिल गई है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने भारतीय रिफाइनरियों को 30 दिन का स्पेशल लाइसेंस दिया है। ये लाइसेंस 3 अप्रैल तक वैलिड रहेगा। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने 6 मार्च शुक्रवार को बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प के ऊर्जा एजेंडे के तहत यह अस्थायी कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका का एक महत्वपूर्ण पार्टनर हैं और ग्लोबल मार्केट में तेल की सप्लाई को स्थिर रखने के लिए यह छूट दी गई है। बेसेंट ने कहा कि ईरान ग्लोबल एनर्जी मार्केट को बंधक बनाने की कोशिश कर रहा है। इस दबाव को कम करने के लिए हम भारत को यह 30 दिनों की छूट दे रहे हैं।

---

वाह रे मनरेगा... मजदूरों को काम तो मिला, लेकिन मजदूरी नहीं

# राज्य के पास इतना भी पैसा नहीं मजदूरों की मजदूरी और सामग्री की राशि चुका सके

## प्रदेश में 36 लाख से अधिक मजदूरों की 575.81 करोड़ मजदूरी का भुगतान बकाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मनरेगा का नाम बदल दिया गया लेकिन जिन लोगों के हाथों में योजना है उनकी नियत नहीं बदली जा सकी है। हाल यह हैं कि मजदूरों से महीनों पहले काम करवा लिया गया और उसके बाद भी अब तक उनकी दिहाड़ी बकाया है। मजदूरों की दिहाड़ी का निवाला सरकार की तिजोरी में अटका पड़ा है। प्रदेश में लाखों मजदूरों की दिहाड़ी अब भी जिम्मेदारों के आश्रय पर अटकी पडी है। प्रदेश की जिम्मेदार सरकार कब तक इसका भूगतान करेगी इसे लेकर तय समय सीमा भी नहीं बताई जा रही है।

पूरे प्रदेश के साथ ही अब उज्जैन जिले में भी मजदूरों का पलायन रोकने और स्थानीय तौर पर रोजगार उपलब्ध कराने की कोशिशों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। मनरेगा से मजदूरों को रोजगार देने के दावे पर भी सवाल उठने लगे हैं। क्योंकि मजदूरों को काम तो मिला, लेकिन उनकी दिहाड़ी नहीं दी गई। इससे मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। यहां यह उललेखनीय है कि मनरेगा में स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए विभिन्न निर्माण कराए जाते हैं।

### बाला बच्चन के सवाल पर सामने आई स्थिति

हालत यह है कि प्रदेश में काम करने वाले 36 लाख से अधिक मजदूरों की 575.81 करोड़ मजदूरी का भुगतान बकाया है। यही नहीं इसी योजना में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए उपयोग की गई सामग्री का भी 819.04 करोड़ भुगतान बाकी है। सरकार इसकी समय-सीमा बताने के लिए भी तैयार नहीं है कि इन मजदूरों को उनके हक की राशि कब तक मिल जाएगी। इससे इनका होली का त्योहार भी फीका ही रहा है। विधानसभा के बजट सत्र में विधायक बाला बच्चन के प्रश्न के लिखित जवाब में श्रम एवं पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने यह जानकारी दी है। इसमें उन्होंने साफ कहा है कि मजदूरी एवं सामग्री की राशि भारत सरकार एवं राज्य सरकार से प्राप्त होकर व्यय किया जाना एक सतत प्रक्रिया है। इसलिए इस बकाया राशि के लिए भुगतान की समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। राज्य के पास भी इतना पैसा नहीं है कि मजदूरों की मजदूरी और सामग्री की राशि चुका सके। मंत्री ने बताया 2024-25 (31.03.2025) तक वित्तीय वर्ष 2023-24 में राशि 43.74 करोड़ एवं 2024-25 में 878.11 करोड़ कुल 921.85 करोड़ रुपए भारत सरकार से लेना शेष थी।



### चार बार का पत्राचार फिर भी हालात नहीं बदले

केन्द्र द्वारा राशि जारी करने के लिए मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद की तरफ से पिछले दो साल में चार बार पत्राचार किया गया। पहले उपयोगिता प्रमाणपत्र नहीं दिए जाने के कारण राशि अटकी हुई थी। इसके बाद उपयोगिता प्रमाणपत्र भी भेज दिए गए हैं, इसके बावजूद केन्द्र ने राशि जारी नहीं की है। राज्य के पास भी इतना पैसा नहीं है कि मजदूरों की यह मजदूरी और सामग्री की राशि चुका सके। इसलिए केन्द्र से पैसा आने के बाद ही इन मजदूरों को मजदूरी की राशि मिलना संभव है। अब तक 2025-26 में सरकार ने क्रियान्वयन एजेंसी को 2024-25 एवं 2025-26 में लंबित बिलों के भुगतान के लिए राशि जारी की।

---

## वायुसेना का सुखोई फाइटर जेट क्रैश होने से दोनों पायलट की मौत



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

असम के कार्बी आंगलोंग इलाके में ट्रेनिंग के दौरान रडार से गायब हुआ भारतीय वायु सेना का सुखोई एसयू-30एमकेआई फाइटर जेट क्रैश हो गया। हादसे में दोनों पायलट स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पूर्वेश दुरागकर की भी मौत हो गई है। पूर्वेश ऑपरेशन सिंदूर का भी हिस्सा थे।

वायु सेना ने गुरुवार देर रात 1 बजकर 9 मिनट पर क्रैश की पुष्टि की थी। शुक्रवार सुबह 9.14 पर एक और पोस्ट में दोनों पायलट की मौत की जानकारी दी। विमान ने जोरहाट एयरबेस से उड़ान भरी थी और शाम करीब 7.42 बजे रडार संपर्क टूट गया था। जब ये हादसा हुआ तब फाइटर जेट नियमित उड़ान पर था। वायु सेना के मुताबिक रडार से संपर्क समाप्त होने के बाद वायु सेना ने तुरंत अलर्ट जारी करते हुए घटना की जांच के लिए आईएएफ टीम को असम रवाना किया। फिलहाल विमान की सटीक स्थिति और संपर्क टूटने की वजह का पता लगाया जा रहा है। नागपुर के न्यू सुबेदार लेआउट में रहने वाले फ्लाइट लेफ्टिनेंट पूर्वेश दुरागकर के पिता रविंद्र दुरागकर ने बताया कि उनका बेटा देश सेवा के लिए पूरी तरह समर्पित अधिकारी था।

---

# किसानों के हित सर्वोपरि: सीएम यादव

## यूपीएससी टॉपर्स को दी बधाई, इंदौर में कहा- यह प्रदेश के युवाओं की प्रतिभा का प्रमाण है

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सीएम डॉ. मोहन यादव शुक्रवार शाम करीब 4.30 बजे इंदौर पहुंचे। वह यहां एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में प्रदेश के किसानों के हितों की रक्षा के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। नागलवाड़ी (बड़वानी जिले) में आयोजित कृषि कैबिनेट के बाद शुक्रवार शाम इंदौर एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा में उन्होंने कई उपलब्धियों का जिक्र किया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र द्वारा निर्धारित गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपए प्रति क्विंटल पर राज्य सरकार 40 रुपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस देगी। इससे किसानों को अब 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की खरीदी मिलेगी।



किसानों की सुविधा के लिए गेहूं उपार्जन पंजीयन की अंतिम तिथि भी बढ़ाई गई है। पहले यह 7 मार्च तक थी, जिसे अब 10 मार्च तक विस्तारित कर दिया गया है। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि किसानों को दिन में बिजली आपूर्ति मिले, ताकि रात में सिंचाई के दौरान होने वाली परेशानियों से बचा जा सके।

### सिविल सेवा परीक्षा के नतीजों पर जताई खुशी

- मुख्यमंत्री ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2025 के नतीजों पर खुशी जताई है। जिसमें मध्य प्रदेश के दो युवाओं भोपाल के ईशान भटनागर और धार के पक्षाल जैन ने टॉप-10 में स्थान बनाया। उन्होंने दोनों को बधाई दी और कहा कि यह प्रदेश के युवाओं की प्रतिभा का प्रमाण है।
- चर्चा के दौरान सीएम ने होली, रंगपंचमी जैसे रंगों के त्योहारों का जिक्र करते हुए कहा कि ये हमारी हजारों वर्ष पुरानी सनातन संस्कृति का हिस्सा हैं, जहां त्योहार सब मिलकर मनाते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों को इन पर्वों की हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री की ये घोषणाएं और बधाइयां किसान कल्याण वर्ष-2026 के संदर्भ में प्रदेश में सकारात्मक संदेश दे रही हैं, जहां सरकार अन्नदाताओं के कल्याण के लिए समर्पित है।

---

छत्तीसगढ़ में हादसा: रायपुर-बिलासपुर हाईवे पर भीषण हादसा

## बस-ट्रेलर की टक्कर में 5 की मौत, कई गंभीर

एजेंसी ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 पर सिमगा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। दरचुरा मोड़ के पास ट्रेलर ने एक यात्री बस को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बस के परखच्चे उड़ गए और बस हाईवे से नीचे जाकर पलट गई। हादसे में पांच लोगों की मौत होने की खबर है, जबकि दर्जनभर से अधिक यात्री घायल बताए जा रहे हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक यह हादसा शुक्रवार सुबह लगभग सवा ग्यारह बजे हुआ। यात्री बस रायपुर से बिलासपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान सिमगा से लगभग 10 किलोमीटर आगे दामाखेड़ा मार्ग पर दरचुरा मोड़ के पास पीछे से आ रहे ट्रेलर ने बस को जोरदार टक्कर मार दी।



### पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंची मौके पर

हादसे की सूचना मिलते ही सिमगा थाना पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। घायलों को तुरंत सिमगा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस और प्रशासन की टीम राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई है और मामले की जांच की जा रही है।

---

## ईरान मेरे बिना सुप्रीम लीडर न चुने: ट्रम्प

### सिलेक्शन में अमेरिका का रोल जरूरी, खामेनेई का बेटा मंजूर नहीं

एजेंसी ▸▸ तेल अवीव

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान को उनके बिना नया सुप्रीम लीडर नहीं चुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि नए नेता के चयन में अमेरिका की भूमिका जरूरी है और बिना अमेरिका की भागीदारी के ऐसा करना वक्त की बर्बादी होगी।

एक्सिओस को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि ईरान अगर अमेरिका को शामिल किए बिना नया सुप्रीम लीडर चुनता है तो इसका कोई मतलब नहीं होगा। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई को संभावित उत्तराधिकारी माना जा रहा है, लेकिन वह इसे स्वीकार नहीं करेंगे।



उन्होंने चेतावनी दी कि अगर नया नेता भी पुराने नेतृत्व की नीतियां जारी रखता है तो अमेरिका और ईरान के बीच आने वाले वर्षों में फिर टकराव हो सकता है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ऐसा नेता चाहता है जो ईरान में शांति और स्थिरता ला सके।

---

यूपीएससी सिविल सर्विस 2025 का फाइनल रिजल्ट जारी

## राजस्थान के अनुज अग्निहोत्री टॉपर, 958 कैंडिडेट्स सिलेक्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

यूपीएससी ने सिविल सर्विस एग्जाम 2025 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में रावतभाटा के अनुज अग्निहोत्री ने ऑल इंडिया टॉप किया है। 958 कैंडिडेट्स अलग-अलग सर्विसेज के लिए चयनित हुए हैं। पूरा रिजल्ट ऑफिशियल वेबसाइट पर उपलब्ध है।

जारी रिजल्ट में कुल 180 कैंडिडेट्स आईएएस के लिए चयनित हुए हैं। आईएफएस के लिए 55 कैंडिडेट्स का चयन





हुआ है। वहीं, 150 आईपीएस चुने गए हैं। यूपीएससी सिविल सर्विस 2026 प्रीलिम्स परीक्षा 25 मई 2025 को आयोजित की गई थी। इसके बाद मेन्स एग्जाम 22 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक आयोजित की गई। चयनित उम्मीदवारों के लिए पर्सनैलिटी टेस्ट या इंटरव्यू, 27 फरवरी 2026 को खत्म हुए थे।

### पक्षाल जैन ने 8वीं रैंक हासिल की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बाग

धार जिले के बाग कस्बे के पक्षाल जैन ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 8वीं रैंक हासिल की है। उनकी इस सफलता से परिवार और बाग कस्बे में खुशी का माहौल है। पक्षाल जैन के पिता नीलेश जैन एक कपड़ा व्यापारी हैं, जबकि उनकी माता दीप्ति जैन गृहिणी हैं। पक्षाल की इस उपलब्धि पर बाग नगर के



निवासियों ने उनके परिवार को बधाई दी है। पक्षाल शुरू से ही एक मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बाग में पूरी की और उसके बाद इंदौर से आगे की पढ़ाई की। आईआईटी कानपुर से फाइनेंस की पढ़ाई करने के बाद उन्होंने यूपीएससी परीक्षा की तैयारी शुरू की और कड़ी मेहनत से यह सफलता प्राप्त की।

---

# कर्नाटक बच्चों के सोशल मीडिया यूज पर बैन लगाएगा

## पैरेंट्स की परमिशन जरूरी, आंध्रप्रदेश में भी तैयारी

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

कर्नाटक सरकार ने शुक्रवार को 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाने की घोषणा की है। सीएम सिद्दारमैया ने कहा कि बच्चों में मोबाइल और सोशल मीडिया का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिससे उन पर गलत असर पड़ रहा है।

सीएम ने 2026-27 के राज्य बजट भाषण में कहा कि इस बैन को किस तरह लागू किया जाएगा, इसकी तैयारी चल रही है। कर्नाटक ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है। यह प्रस्ताव डेटा सुरक्षा कानून डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 और पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन रूल्स 2025 से भी जुड़ा है।

इसके तहत बच्चों को अकाउंट बनाने से पहले माता-पिता की अनुमति और उनकी वयस्कता की पुष्टि जरूरी होगी। इसके लिए सरकारी पहचान प्रणाली या डिजिटल लॉकर





का उपयोग किया जा सकता है।

वहीं आंध्र प्रदेश में सरकार को 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने का सुझाव मिला है। मुख्यमंत्री सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को विधानसभा में इसकी जानकारी दी।

कर्नाटक के बजट भाषण में सीएम ने कहा कि स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय छात्रों के स्वास्थ्य, व्यक्तित्व और भविष्य को बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। सरकार ने शैक्षणिक संस्थानों में नशे की समस्या रोकने के लिए भी कदम उठाने की बात कही है।

---

## सेंसेक्स 1097 अंक गिरकर 78,919 पर आया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

शेयर बाजार में आज यानी 6 मार्च को गिरावट रही। सेंसेक्स 1097 अंक (1.37%) गिरकर 78,919 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 315 अंक (1.27%) की गिरावट रही। ये 24,450 पर आ गया। आज के कारोबार में बैंक, रियल्टी और ऑटो शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली रही। जियोपॉलिटिकल तनाव और जंग जैसी स्थिति में महंगाई बढ़ने का खतरा रहता है। इससे कंपनियों का मुनाफा कम हो सकता है। ऐसे में निवेशक उनके शेयर बेचना शुरू कर देते हैं और इसे सोने-चांदी जैसी सुरक्षित जगह निवेश करते हैं। इससे बाजार में गिरावट आती है। साउथ कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 0.017% चढ़कर 5,585 पर बंद हुआ।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## जीरो पाइंट ब्रिज पर जाम

### चौडीकरण के विरोध में अब गाड़ी अड्डा से रणकेश्वर धाम के रहवासी उतरे, शहर का यातायात गड़बड़ाया, फ्रीगंज ओवरब्रिज पर काम की वजह से पहले ही जाम के हाल

# 24 की बजाय 18 मीटर चौड़ीकरण की मांग



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

चौडीकरण को लेकर चौतरफा विरोध की स्थिति उभर रही है। गुरूवार को पीपलीनाका झभैरवगढ क्षेत्र के रहवासियों ने विरोध में उतर कर विधायक और भाजपा कार्यालय लोकशक्ति का घेराव किया था। शुक्रवार को एमआर-4 गाडी अड्डा से रणकेश्वर धाम के रहवासी विरोध में उतर आए। दो घंटे से ज्यादा उन्होंने जीरो पाइंट ओवरब्रिज को जाम रखा।

सिंहस्थ -2028 के तहत इस मार्ग को 24 मीटर चौडा करने का प्रस्ताव है। इस क्षेत्र में भी कई हिस्सों में नोटिस दे दिए गए हैं। चौडीकरण की जद में इस मार्ग पर 190 से अधिक दुकानों एवं मकानों का आना संभावित है। इसी को लेकर रहवासी विरोध में उतर आए हैं। इसके पहले भी यहां के रहवासियों ने बराबर 24 मीटर मार्ग चौडीकरण का विरोध जताया था और इसे 18 मीटर करने के लिए कहा था। बराबर विरोध के बावजूद भी प्रशासनिक प्रक्रिया सतत रूप से जारी देखने पर रहवासियों ने शुक्रवार को एक बार फिर से मोर्चा खोल दिया। जीरो पाइंट ब्रिज पर चौडीकरण से प्रभावित होने वाले गाडी अड्डा से दारू गोदाम, अमर नगर,प्रीति नगर सहित रणकेश्वर क्षेत्र के रहवासी शामिल हुए। इस दौरान चौडीकरण के साथ प्रशासन के विरोध में नारेबाजी एवं प्रदर्शन किया गया। विरोध करने वाले रहवासियों का कहना था कि अब तक उन्होंने नगर निगम ,कलेक्टर सहित सभी जिम्मेदारों को अपनी मांग से अवगत करवाया है। 24 मीटर चौडीकरण से कई लोगों के आवास का मात्र कुछ ही हिस्सा बाकी रहेगा वे बेघर हो सकते हैं तो कई दुकानों का भी कुछ ही हिस्सा बच सकेगा जिससे वे बेरोजगार हो जाएंगे। रहवासियों का कहना था कि सूनवाई नहीं होने पर ही वे ब्रिज पर जाम के लिए पहुंचे हैं।







### दो घंटे जाम, यातायात बदहाल

जीरो पाइंट ब्रिज पर जाम से वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। इसके चलते फ्रीगंज क्षेत्र में यातायात की स्थिति डगमगा गई। फ्रीगंज ओव्हर ब्रिज पर निर्माण के कारण से पूर्व से ही यातायात रेंगने की स्थिति में बना हुआ है। ऐसे में जीरो पाइंट ब्रिज पर जाम से समस्या और गहरा गई। स्थिति यह बनी की यातायात बदहाल हो गया। कई लोगों को आवागमन के लिए तीन बत्ती-नीलगंगा-गधा पुलिया होकर पुराने शहर एवं आगर रोड के लिए जाना पडा। सिंधी कालोनी- गधा पुलिया मार्ग के साथ ही हरिफाटक मार्ग का चयन भी लोगों को करना मजबूरी हो गई। फ्रीगंज से उद्यन मार्ग होते हुए आगर रोड की और भी आवागमन करना मजबूरी रहा।

## सतर्क रहें,सजग रहें...

रंगों के पर्व के तहत ही रंगपंचमी का आयोजन मालवा में जमकर होता है। रंगों के इस पर्व को विकृत मानसिकता के लोगों ने कुछ वर्षों में विवाद का केंद्र बनाया हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में विवाद की स्थितियां इस पर्व पर कुछ ज्यादा ही सामने आई है। पर्व को नशाखोरी का दिन बना दिया गया है। जमकर हुडदंग किया जाता है। यहां तक की रंगों से खेलने की बजाय पर्व को रक्त रंजित किया जाने का प्रयास किया जाता है। त्यौहार जीवन में उल्लास एवं उत्साह का रंग भरने के लिए होते हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे घटनाक्रम को लेकर हम सभी को सजग रहने की जरूरत साफ तौर पर देखी जा रही है। इस सजगता में हमें अपने स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस का साथ देते हुए उनके निदेर्शों का पालन करना है। रंगपंचमी के दिन शहर में अन्यानेक आयोजन एक साथ होना है। समाजों की गेर के साथ ही बडे आयोजन भी होंगे। दिन भर ही ये आयोजन किए जाएंगे ।किसी भी प्रकार के मसले की स्थिति में नागरिक कर्त्तव्यों का पालन सुनिश्चित करना है। जरायम पेशाओं की हरकतों से पुलिस को तत्काल वाकिफ करवाना है। पुलिस एवं प्रशासन आम नागरिकों के अधिकारों एवं सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हुडदंग करने वालों की भी जानकारी तत्काल ही पुलिस एवं प्रशासन को दी जाना चाहिए। संयम एवं संस्कार के साथ रंगों का खेलना निश्चित करना चाहिए। किसी पर भी जबरिया रंग डालना या मजबूर करना किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं कहा जा सकता है। खुसूर-फुसूर है कि अगर कोई भगडकाने का काम करे तो आपको अपना संयम कायम रखना है न कि उसके मकसद में उसे कामयाब होने देने में। ऐसे तत्वों को नजरअंदाज करना है जो विवादित की पृष्ठभूमि बनाते हैं और अशांत स्थितियों को उजागर करते हैं। सोश्यल मिडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह को प्रसारित करने से भी बचना है। शांति,सद्भाव के साथ आमजन की सुरक्षा में तैनात प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग करते हुए जमकर त्यौहार का आनंद लेना है।




## ट्रैंडिंग



मैं चुनाव नहीं लड़ूंगी | मैं भी चुनाव नहीं लड़ूंगी | मैंने भी चुनाव नहीं लड़ने का फैसला लिया है




## 10 मार्च को निकलेगा फूल पाती चल समारोह

**उज्जैन।** आध्यगोड सनाढ्य ब्राहाण परिषद महिला जागृति मण्डल द्वारा 10 मार्च मंगलवार को शाम 4:30 बजे गायत्री शक्तिपीठ अंकपात से फूलपाती चल समारोह निकाला जाएगा जो निकास चौराहा हनुमान मान्दिर पर समापन होगा। जानकारी सचिव शीला शर्मा समाज ने देते हुए समाज की महिलाओं से फूलपाती चल समारोह में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

## विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह अब 17 मार्च को होगा

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के 30वें दीक्षांत समारोह की तारीख फिर बदल गई। अब समारोह 17 मार्च को होगा। पिछले चार साल से विश्वविद्यालय चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर दीक्षांत समारोह करता आ रहा है। इस साल भी परंपरा के अनुसार 19 मार्च को होना था। विश्वविद्यालय ने इसकी अधिसूचना जारी की। 19 मार्च की तारीख का प्रस्ताव राजभवन भेजा। यहां से 18 मार्च की तारीख मिली। अब फिर 5 मार्च को कुलसचिव डॉ. अनिलकुमार शर्मा ने संशोधित अधिसूचना जारी की।

## नागर ब्राह्मण समाज हाटकेश्वर धाम में आज मनाएगा फागोत्सव

### महिला मंडल देगा प्रस्तुति

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मध्य प्रदेश नागर ब्राह्मण समाज शाखा उज्जैन द्वारा आज 7 मार्च, शनिवार को हाटकेश धाम में पारंपरिक फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समाजजन अपने कुलदेवता भगवान हाटकेश्वर और संत नरसिंह मेहता का पूजन-अर्चन कर होली का पर्व उल्लास के साथ मनाएंगे।

समाज के अध्यक्ष विजय शर्मा और नागर महिला मंडल की अध्यक्ष प्रतिमा नेहा मेहता ने बताया कि उत्सव में नागर महिला मंडल की सदस्यों द्वारा सामूहिक होली गीतों और नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान समाज के गायक कलाकार और कविगण भी अपनी सहभागिता करते हुए फाग गीत और कविताएं प्रस्तुत करेंगे। इस विशेष मौके पर पदाधिकारियों को विभिन्न उपाधियों से नवाजा भी जाएगा।

आयोजन के अंत में सभी समाजजन एक-दूसरे के साथ फूलों की होली खेलेंगे, जिसके पश्चात स्वल्पाहार और ठंडाई की व्यवस्था रहेगी। अध्यक्ष विजय शर्मा और महिला मंडल अध्यक्ष प्रतिमा नेहा मेहता ने सभी समाजजनों से इस फागोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### इंदौर में हुई घटना से लेना चाहिए सबक

## नगर निगम कार्यालय के पीछे खुला चैंबर दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

पिछले दिनों इंदौर में सीवरेज के चैंबर से दो सफाई कर्मियों की मौत हो गई थी और सीवरेज का चेंबर मौत का कुआं साबित हुआ था। उज्जैन में भी कई ऐसे खुले चैंबर है जो कभी भी हादसे का कारण बन सकते हैं। इसी तरह नगर निगम कार्यालय के पीछे कुछ कदमों की दूरी पर एक सीवरेज के चेंबर का ढक्कन पिछले कई दिनों से खुला पड़ा है जो कि दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। लेकिन इस और किसी का ध्यान नहीं है। जिस जगह चैंबर बना हुआ है वह लोगों के आने-जाने का प्रमुख मार्ग है तथा इस चेंबर के ऊपर से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन सहित पैदल चलने वाले लोग आवाजाही करते हैं। ऐसे में इसका ढक्कन पिछले कई दिनों से खुला हुआ है। कभी भी इस खुले चैंबर से दुर्घटना हो सकती है। सीवरेज लाइन के लिए बनाए गए चैंबर की वजह से अभी तक कई दुर्घटनाएं हो चुकी है तथा लोग अपनी जान भी गवां चुके हैं अधिकांश चैंबर सड़क के लेवल से नहीं बनाए गए हैं कई चेंबर के ढक्कन सड़क की सतह से ऊपर उठे हुए है इस वजह से कई बार वाहन चालक इनके ऊपर से निकलते समय दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।



## धैर्य व स्मार्ट स्टडी ने दिलाई सफलता

### शुजालपुर के राजवर्धन ने यूपीएससी मे 666वी रेंक हासिल की

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सफलता कभी भी आसानी से नहीं मिलती। सतत प्रयास व कठिन परिश्रम किसी भी प्रतियोगी परीक्षा मे सफलता की कुंजी होते हैं। सुनहरी सफलता के लिए धैर्य रखना बहुत जरूरी है ये सिद्ध किया है शुजालपुर के राजवर्धन सिसौदिया ने जब शुक्रवार की दोपहर पब्लिक सर्विस कमिशन के रिजल्ट घोषित हुए। देश की इस प्रतिष्ठा प्राप्त परीक्षा मे राजवर्धन ने 666 वी रेंक प्राप्त कर अपने परिवार व शुजालपुर नगर का मान बढ़ाया है। दैनिक अवंतिका के वरिष्ठ पत्रकार राहुल शुक्ल से दूरभाष पर चर्चा करते हुए राजवर्धन ने बताया कि ये सफलता उन्हें पांचवे प्रयास मे मिली है। विगत वर्ष भी मुख्य परीक्षा क्लियर थी किन्तु साक्षात्कार मे असफल हो जाने से निराशा हाथ लगी थी। इस वर्ष अध्ययन के घंटे बढा देने से लाभ मिला है। शुजालपुर के दीप्ती कान्वेंट से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद राजवर्धन ने इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से कला संकाय मे अपना ग्रेजुएशन किया फिर उन्होने प्रशासनिक परीक्षा की तैयारी शुरू की। वे प्रतिदिन नियमित रूप से आठ से दस घंटे पढते रहे। मुख्य परीक्षा के लिए उन्होने प्रतिदिन चौदह घंटे पढाई की।राजवर्धन के पिता गजेन्द्र सिंह सिसौदिया कृषक हैं और कांग्रेस के नेता हैं।



**कठोर परिश्रम ही काफी नहीं:** जब राजवर्धन से पूछा गया कि प्रतियोगी परीक्षा का मंत्र क्या है जिससे प्रतियोगी अपनाकर लाभांवित हों तो उन्होने बेबाक अंदाज मे बताया कि इस प्रतिष्ठापूर्ण कठिन परीक्षा मे सिर्फ कठोर मेहनत ही काफी नहीं होती । कडी मेहनत के साथ स्मार्ट वर्क बहुत मायने रखता है। प्रतियोगी को यूपीएससी के पुराने प्रश्नपत्र अवश्य हल करना चाहिए तथा इस परीक्षा की पूरी रूपरेखा को समझना चाहिए।

### स्वप्न पूरा हुआ


राजवर्धन के पिता गजेन्द्रसिंह अपने बेटे की इस सफलता पर बहुत प्रसन्न हैं और उन्होने दूरभाष पर बताया कि वे अपने बेटे को प्रशासनिक अधिकारी के रूप मे देखना चाहते थे और आज ईश्वर की कृपा से उनका सपना पूरा हुआ। शुजालपुर जैसे छोटे शहर से इस प्रकार राजवर्धन का चयन होना ये संकेत देता है कि देश मे प्रतिभाओ के लिए छोटे शहर बाधा नहीं है। कठोर परिश्रम व लगन सफलता की कुंजी है।

## उज्जैन की बेटी प्रथा ने किया नाम गौरवांवित

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

हमारे शहर की बेटी प्रथा ठाकुर ने अपनी कला का एक अनोखा अजूबा पेश किया है। श्रीनाथ परिसर में रहने वाली प्रथा ठाकुर , पिता श्रीमान जयसिंह जी ठाकुर और माता श्रीमती आशा ठाकुर की बेटी ने इमली के बीज पर नरसिंह भगवान की कलाकृति उकेर कर अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए विश्व रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज करवाया।

प्रथा ठाकुर द्वारा बनाई गयी यह पेंटिंग 15 mm आकर की है, जिसे "Smallest Portrait Of Narsimha Bhagwan Made On Tamarind Seed by individual " मे दर्ज किया गया है।





प्रथा के अनुसार उन्होंने यह पेंटिंग केवल 10 मिनट मे तैयार की है। इसके लिए उन्होंने 25 फरवरी को आवेदन दिया था और उन्हे 27 फरवरी को वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से स्विक्रति प्राप्त हुई। वे अब अधिकारिक रूप से वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर बन गयी है।

प्रथा ठाकुर बीएफए (Bachelor Of Fine Arts) की छात्र है उन्होंने अपने गुरु श्री अभिषेक सिंह तोमर सर की शिष्यता मे रह कर ये रिकॉर्ड बनाने की चेष्टा की जिसमे वे बाबा महाकाल के आशीर्वाद से पूर्ण रूप से सफल रही। इन्होंने अपनी मेहनत और निरंतर अभ्यास से माइक्रो पेंटिंग जैसी कठिन कला में महारथ हासिल की।

### गर्मी की वजह से हरी सब्जियों की घटने लगी आवक...

## नींबू सहित कुछ हरी सब्जियां महंगी, टमाटर, आलू प्याज मिल रहा सस्ता

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

गर्मी की शुरूआत हो चुकी है ऐसे में हरी सब्जियों की आवक भी घटने लगी है इस वजह से सब्जियों के भाव भी बढ़ने लगे हैं। हरी सब्जियों की कीमतें बढ़ने का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। अभी करेला, भिंडी, गिलकी, शिमला मिर्च, ग्वारफली और गोभी महंगी हो गई हैं। लेकिन सबसे अधिक नींबू के भाव बढ़ने लगे हैं। गर्मी बढ़ने पर इसके भाव और अधिक बढ़ने के आसार हैं। लेकिन टमाटर, आलू, प्याज सस्ते बिक रहे हैं। दौलतगंज सब्जी व्यापारी मोहम्मद इकरार राईन ने बताया की मांग अधिक है लेकिन आवक कम है। आसपास के इलाकों के अलावा अन्य क्षेत्रों से भी सब्जियों की आवक घटने लगी है। जो लोग एक साथ सप्ताह भर अथवा चार-पांच दिन के लिए एक साथ सब्जी खरीदने थे वह महंगाई के कारण हर रोज सब्जी खरीदने को मजबूर है। प्रतिदिन सब्जियों की दर में उछाल आ रहा है।



### सब्जियों के थोक भाव इस प्रकार है

- नींबू 120 से 130
- हरी मिर्च 60 से 70
- गंवारफली 40 से 45
- टमाटर 10 से 15
- आलू 12 से 13
- प्याज 12 से 13
- धनिया 20 से 25
- पत्ता गोभी 10 से 15
- अरबी 25 से 30
- पालक 15 से 20
- लौकी 15 से 20
- गिलकी 30 से 40



- करेला 35 से 40
- भिंडी 40 से 45
- शिमला मिर्च 30 से 35
- सूरजना फली 60 से 70
- गोभी 30 से 35
- बैंगन 15 से 20
- टेंडस 35 से 40
- बालोर 15 से 20
- खीरा 20 से 25
- कद्दू 20 से 25
- कोलावेरी ककड़ी 30 से 40
- केरी 70 से 80
- अदरक 40 से 45
- लहसुन 120 से 130 रुपए किलो के भाव थोक में चल रहे हैं।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | शनिवार 7 मार्च, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### इंदौर जिले की 55 कंपोजिट मदिरा दुकानों के लिए ई-टेंडर आमंत्रित

**इंदौर।** वित्तीय वर्ष 2026-27 की सम्पूर्ण अवधि के लिए इंदौर जिले के कुल 56 मदिरा एकल समूहों में सम्मिलित 173 कम्पोजिट मदिरा दुकानों में से 18 मदिरा समूह क्रमशः एम.आर.-9, चंद्रगुप्त मौर्य चौराहा, द्वारकापुरी, राऊ, कनाडिया बायपास चौराहा, मांगलिया, खण्डवा नाका, ड्रीमलैण्ड चौराहा, महू, पलसीकर कालोनी, तेजाजी नगर चौराहा, अंजनी नगर, चिमनबाग, देपालपुर, रेवती, छावनी, कंपेल, जवाहर मार्ग, रंगवास में सम्मिलित 55 कंपोजिट मदिरा दुकानों का निष्पादन बैच-3 प्रथम चरण में ई-टेण्डर के माध्यम से निष्पादन हेतु विज्ञप्ति जारी की गई है। ई-टेण्डर हेतु ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र डाउन लोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि एवं समय 7 मार्च को दोपहर 02 बजे तक का रहेगा।

### राजबाड़ा पर उमड़ा क्रिकेट प्रेमियों का हुजूम

**इंदौर।** टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय क्रिकेट टीम ने रोमांचक सेमी फाइनल मुकाबले में जैसे ही इंग्लैंड को पराजित किया, लोगों का समूह राजबाड़ा की तरफ दौड़ पड़ा। शहर के लगभग हर हिस्से से वाहनों पर सवार क्रिकेट प्रेमी राजबाड़ा पहुंचे। तिरंगा लहराते हुए भारतीय टीम के उत्साह बढ़ाने वाले नारे लगे और जीत का जश्न मनाया गया। चौक के चारों तरफ हजारों लोग एकत्र हो गए। देर रात तक लोग यहीं डटे रहे। अब भारतीय टीम फाइनल में 8 मार्च को न्यूजीलैंड से मुकाबला करेगी।

### पंडित नलिन शर्मा का रेडिएंट बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड इंडिया में दर्ज

**उज्जैन।** रेडिएंट बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड इंडिया के द्वारा उज्जैन के ज्योतिषी डॉक्टर पंडित नलिन शर्मा को ज्योतिष के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान को लेकर और उनके द्वारा लगभग 2500 से ऊपर छात्रों को निशुल्क ज्योतिष और वेद की शिक्षा के लिए रेडिएंट बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड इंडिया में उनका नाम दर्ज किया गया है। इसके अलावा ज्योतिष के क्षेत्र में उनके द्वारा करी गई भविष्यवाणियों को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें ज्योतिष शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया गया है।

### दिंगबर जैन सामाजिक संसद के चुनाव 15 मार्च को प्रस्तावित

**इंदौर।** दिगंबर जैन सामाजिक संसद के चुनाव में पाटनी और गोधा के बीच होगा सीधा मुकाबला। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू एवं नेहा जैन ने बताया कि दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के चुनाव 15 मार्च को प्रस्तावित हैं। 3 नाम वापसी से अब सीधा मुकाबला दिलीप पाटनी और आनंद गोधा के बीच होगा। अब मुआबकला युवा बनाम अनुभवी हो गया है। पूर्व न्यायधीश और मुख्य निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र कुमार जैन ने बताया कि प्रत्याशी सुशील पांड्या, प्रिंसपाल टोंग्या, और आशीष जैन की नाम वापसी के बाद दिलीप पाटनी और आनंद गोधा दो ही उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। 15 मार्च को उदासीन आश्रम में चुनाव होंगे।

### डायवर्शन टैक्स जमा नहीं करने पर रुक्मणि मोटर का गोदाम सील

**इंदौर।** कलेक्टर शवम वर्मा के निर्देशन में इंदौर जिले में राजस्व वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आज अनुविभागीय अधिकारी कनाडिया के निदेर्शानुसार तहसील कनाडिया अंतर्गत डायवर्शन टैक्स की बकाया राशि वसूलने हेतु कार्रवाई की गई। रुक्मणि मोटर द्वारा लगभग 6 लाख रुपये का डायवर्शन टैक्स कई बार सूचना देने के बावजूद जमा नहीं किया गया था। इस पर प्रशासन द्वारा विधि अनुसार कार्रवाई करते हुए रुक्मणि मोटर के गोदाम को सील किया गया। यह कार्रवाई तहसीलदार संगीता गोलिया, नायब तहसीलदार पूजा नागवंशी, राजस्व निरीक्षक विशाल शर्मा, तेजसिंह तथा पटवारी योगेश भार्गव और पुष्पेंद्र जादौन की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

### अनियमितता पाए जाने पर कारखानों को कराया गया बंद

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निदेर्शानुसार गुरूवार को जिला प्रशासन की टीम द्वारा डॉ. अम्बेडकर नगर महू के ग्राम कोदरिया, नेउगुराडिया, आम्बाचन्दन और सांतेर में संचालित आलू चिप्स कारखानों की जाँच की गई । जाँच दल में मध्यप्रदेश प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड के श्री संजय जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री गिरीराज दुबे, तहसीलदार श्री विवेक सोनी, मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल के श्री धाकड, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी उपस्थित थे। जाँच का नेतृत्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डॉ. अम्बेडकर नगर महू श्री राकेश परमार द्वारा किया गया। जाँच दल द्वारा उक्त ग्रामों में स्थित आलू चिप्स कारखानों की गहन जाँच की गई, जिसमें मौके पर आलू चिप्स कारखानों की अनुमति प्राप्त नहीं होने पर विद्युत कनेक्शन का विच्छेद किया गया। साथ ही आलू चिप्स कारखानों में अनियमितता पाए जाने पर कारखानों को तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया। आगामी कार्यवाही प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा की जायेगी।

# अमेरिका-ईरान युद्ध: दुबई से आना हुआ महंगा

### मुंबई तक की फ्लाइट में किराया 1.21 लाख रुपए तक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच यूएई में पहले फ्लाइट बंद होने व अब सीमित संख्या में फ्लाइट संचालन के कारण कई लोग अब भी वहां फंसे हुए हैं। सीमित रूट पर फ्लाइट शुरू होने से इनके किराए में 8-10 गुना तक की बढ़ोतरी हो गई है। दुबई से मुंबई का किराया 60 हजार रुपए से लेकर 1.21 लाख रुपए तक पहुंच गया है, जबकि आम दिनों में यह किराया 15-18 हजार रुपए रहता है।

दुबई में फंसे इंदौर के आठ लोगों के ग्रुप ने दुबई से 160 किमी दूर फुजैरा से मुंबई तक फ्लाइट बुक की है। प्रति व्यक्ति किराया करीब 85 हजार रुपए रहा। ट्रेवल एजेंट



एसोसिएशन के अनुसार अभी सीमित संख्या में फ्लाइट संचालन से यह स्थिति बन रही है। आने वाले दिनों में सभी फ्लाइटों के संचालन के बाद स्थिति सामान्य हो जाएगी।

#### सबकुछ सामान्य, दुबई में रह रहे लोग मदद के लिए आगे आए

मिडिल ईस्ट दुबई के चेयरमैन चंद्रशेखर भाटिया ने कहा दुबई में सबकुछ नार्मल है। ऑफिस खुले हुए हैं। लोग आराम से घूम रहे हैं। यूएई सरकार भी लोगों को काफी सपोर्ट कर रही है। वहीं, दुबई के लोग भी फ्लाइट निरस्त होने से फंसे हुए लोगों की मदद कर रहे हैं। हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। विभिन्न संगठनों के लोगों द्वारा भी लगातार मदद की जा रही है। कई लोगों ने अपनी बिल्डिंग भी लोगों के लिए खोल दी है।

#### 85 हजार रुपए में करवाई बुकिंग

इंदौर से दुबई गए आठ लोगों का ग्रुप दुबई में चार दिन तक फंसा रहा। ग्रुप से जुड़े लोग 2 मार्च को आने वाले थे, हालांकि फ्लाइट निरस्त होने से वहीं रह गए। दो दिन पहले वाया कोच्चि होते हुए फ्लाइट करवाई थी, हालांकि आखिरी मौके पर वह फ्लाइट भी निरस्त हो गई।

ग्रुप से जुड़े संजय गोयल ने कहा अब फुजैरा से मुंबई तक की फ्लाइट बुक करवाई और रात को इससे मुंबई पहुंचे। उन्होंने कहा प्रति व्यक्ति 85 हजार रुपए फेयर आया है। फ्लाइट के लगातार निरस्त होने के कारण मुंबई से इंदौर तक के टिकट नहीं करवाए थे। गोयल ने कहा कि दुबई में सभी लोग सुरक्षित थे, किसी तरह की कोई परेशानी नहीं है। होटलें भी काफी सस्ती हैं। यूएई सरकार भी यात्रियों की काफी मदद कर रही है।

**लगातार निरस्त हो रहे टूर-** इधर, जिन लोगों ने पहले दुबई की आगे की बुकिंग थी, उन्होंने भी स्थिति को देखते हुए बुकिंग निरस्त कर दी है। एक ट्रेवल कंपनी के प्रमुख ने कहा कि उनकी मार्च के पहले सप्ताह में तीन बुकिंग थी, तीनों निरस्त कर दी गई हैं। जिनकी मार्च के आखिरी सप्ताह या अप्रैल की बुकिंग है, वे भी असमंजस में हैं।

# परिजनों को ट्रस्टी बनाने के आरोपों पर चलेगा मुकदमा

### चोइथराम फाउंडेशन विवाद; मोतियानी की एसएलपी सुप्रीम कोर्ट से खारिज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

प्रतिष्ठित सार्वजनिक धर्मार्थ संस्था टी चोइथराम फाउंडेशन से जुड़े लंबे विवाद में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से लेखराज ठाकुरदास पगरानी समूह को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने ट्रस्टी सतीश मोतियानी और अन्य द्वारा दायर स्पेशल लीव पिटीशन को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा गया है, जिसमें मोतियानी द्वारा दायर आवेदन को खारिज करते हुए ट्रस्ट के मुकदमे को आगे बढ़ाने की अनुमति दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश 5 मार्च को दिया है।

इस फैसले के बाद अब सतीश मोतियानी के खिलाफ ट्रस्टी नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं से जुड़े मुकदमे की सुनवाई का रास्ता साफ



हो गया है। मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि सतीश मोतियानी ने ट्रस्ट के नियमों के विपरीत अपने परिवार के कई सदस्यों को ट्रस्टी नियुक्त किया। इनमें उनकी पत्नी कंचन मोतियानी, बेटे दुष्यंत मोतियानी, दिवंगत भाई जय मोतियानी, बेटी भावना मोतियानी और दामाद गौरव जगवानी के नाम शामिल बताए गए हैं।

#### प्रारंभिक स्तर पर खारिज करने की मांग हुई थी

मोतियानी पक्ष ने इससे पहले सिविल प्रक्रिया संहिता के ऑर्डर 7 रुल 11 के तहत आवेदन दायर कर मुकदमे को प्रारंभिक स्तर पर ही खारिज करने की मांग की थी। हालांकि दिल्ली हाईकोर्ट की सिंगल जज पीठ और बाद में डिवीजन बेंच दोनों ने इस



आवेदन को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि मामले की सुनवाई जारी रहेगी। अब सुप्रीम कोर्ट द्वारा एसएलपी खारिज किए जाने के बाद मुकदमे की सुनवाई आगे बढ़ेगी।

#### ट्रस्टियों ने दायर किया था सिविल सूट

यह मुकदमा लेखराज टी. पगरानी, किशोर टी. पगरानी, रमेश पी. ठनवानी और दयाल दतवानी सहित ट्रस्ट के चार ट्रस्टियों द्वारा दायर किया गया था। वर्ष 1971 में स्थापित टी. चोइथराम फाउंडेशन से जुड़े इस विवाद में 2021 में दिल्ली हाई कोर्ट में सिविल सूट दायर किया गया था। याचिका में आरोप लगाया गया कि 1992 से 2021 के बीच सतीश मोतियानी ने ट्रस्ट डीड के प्रावधानों के अनुरूप न होते हुए कुछ व्यक्तियों और अपने रिश्तेदारों को अवैध रूप से ट्रस्टी नियुक्त किया। मुकदमे में यह भी कहा गया है कि इन नियुक्तियों के माध्यम से ट्रस्ट के प्रशासन और संपत्तियों में गैरकानूनी हस्तक्षेप किया गया।

### खेल प्रतियोगिताओं
### अस्मिता लीग 2026 का आयोजन 9 मार्च को

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जानकारी दी कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर देश के विभिन्न जिलों में लीग 2026 अंतर्गत महिलाओं की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाना है। उज्जैन जिले में यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग के अंतर्गत आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में तीन आयु वर्ग अंडर 13, 13 से 18 और 18 वर्ष से अधिक में तीन प्रतियोगिताएं 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। जिनमें लगभग 1 हजार महिला प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया जाएगा। यह कार्यक्रम राजमाता सिंधिया स्टेडियम नानाखेडा खेल मैदान पर आयोजित किया जाएगा। आगामी 08 मार्च को रंग पंचमी पर्व के चलते कार्यक्रम का आयोजन 09 मार्च को किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौपे हैं। इसके अंतर्गत जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी को असमिता लीग के आयोजन के लिए प्रतियोगिता प्रबंधक का कार्य सौपा गया है।

### बजरबट्टू का इस बार नहीं होने का बजा बर्जर

# इंदौर में भागीरथपुरा घटना है वजह या फिर केवल दिखावा

### सरकार और संगठन विरोधी कार्य में जुटे मंत्री विजयवर्गीय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पिछले कई वर्षों से मल्हारगंज स्थित टोरी कॉर्नर पर बजरबट्टू हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन होता आ रहा है। इस सम्मलेन के नहीं होने के कारण या तो पहले चुनाव की आचारसंहिता रही है या फिर कोरोना का समय रहा है। ऐसा पहली बार हुआ है कि बजरबट्टू बिना कोई वजह के रद्द किया गया है। इस बार नगरीय एवं प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस कार्यक्रम से दूरी बना ली है। दरअसल इसके पीछे कई सियासी कारण भी निकलकर सामने आए है। सबसे पहले विजयवर्गीय के कार्यकर्ता इस बात को हाइलाइट करने में लगे है कि भागीरथपुरा घटना से मंत्री जी दुःखी है।



इसी कारण से उन्होंने इस बार उनके खुद के फाग उत्सव के साथ बजरबट्टू सम्मलेन से दूरी बनाई है। वही दूसरी तरफ देखा जाए तो विजयवर्गीय अपनी ही सरकार में केबिनेट मंत्री होते हुए कृषि कैबिनेट बड़वानी में शामिल नहीं हुए । यदि दूसरी तरफ देखा जाए तो खुद अकेले ही भगोरिया में भी शामिल होने चले गए। होली वाले दिन रातभर कैलाश अपने घर बाहर क्रिकेट खेलते रहे, तो वही उसके 2 दिन पहले अपनी ही विधानसभा में रंगारंग बाने में शामिल होते हुए दिखाई दिए। अभी भी बड़ा प्रश्न यही है कि आखिर विजयवर्गीय किस ओर चलना चाहते है। क्या वे सत्ता और संगठन के खिलाफ जाकर खुद की शक्ति प्रदर्शन में लगे हुए है या फिर अब वे केवल टाइम पास के मूड में है।

# कांग्रेस के बचे हुए ब्लॉक अध्यक्षों के नामों पर सहमति

### 21 ब्लॉक अध्यक्षों को जल्द कार्यकारिणी घोषित करने के निर्देश, इंदौर में नेताओं के बीच बनी सहमति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर कांग्रेस में बचे हुए 4 ब्लॉकों के अध्यक्षों के नाम पर लगभग सहमति बनने के आसार नजर आ रहे हैं। हालांकि इनकी नियुक्ति का मामला लंबे समय से ठंडा पड़ा है और गुटबाजी के चक्कर में शहर अध्यक्ष भी अभी तक फैसला नहीं ले पाए हैं। अब 3 नंबर में बराबर का फामूर्ला बनाकर अध्यक्षों के नामों की घोषणा की जा सकती है। कांग्रेस ने सभी 24 में से 21 ब्लॉक में अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है और उन्हें कार्यकारिणी बनाकर भेजने के आदेश भी दे दिए हैं।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी तीन दिन तक इंदौर जिले का दौरा करेंगे। इस दौरान वे अलग-अलग स्थानों पर बैठक भी लेंगे। जिला कांग्रेस के अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने बताया कि 12, 13 और 14 मार्च को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी इंदौर ग्रामीण का ब्लॉक स्तरीय दौरा करेंगे। वे 3 दिन में 14 ब्लाकों में आयोजित ग्राम एवं वार्ड समिति कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। इस दौरान 12 को महू विधानसभा के ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन, 13 को सांवेर विधानसभा के ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन और 14 को देपालपुर विधानसभा के ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन आयोजित होंगे।

#### नेताओं के बीच 1-1 पद की बनी सहमति

शहर कांग्रेस विधानसभा 3 नंबर के 3 और 5 नंबर विधानसभा के 1 ब्लॉक अध्यक्ष के मामले में अभी तक कोई फैसला नहीं ले पाई है। संगठन सृजन अभियान के तहत दी गई समय सीमा भी समाप्त हो गई है। दरअसल तीन नंबर विधानसभा में पूर्व विधायक अश्विन जोशी, यहां से चुनाव लड़ चुके पिंटू जोशी और अरविन्द बागड़ी में अपने-अपने समर्थक को ब्लॉक अध्यक्ष बनाने का दबाव बनाया जा रहा है। इसी को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे अभी तक कोई निर्णय नहीं ले पाए हैं। सूत्रों का कहना है कि तीनों ही नेताओं के बीच एक-एक पद देने पर सहमति बन गई है, क्योंकि जल्द ही ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा के साथ-साथ कार्यकारिणी की घोषणा भी होना है और फिर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी जल्द ही ब्लॉक का दौरा शुरू करने वाले हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में ब्लॉक अध्यक्ष की घोषणा कर दी जाएगी, वहीं पांच नंबर का एक ब्लॉक भी गुटबाजी के कारण फंसा हुआ है।

#### प्रदेश का संगठन महामंत्री पद रह सकता है खाली

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पद से हितानंद शर्मा की रवानगी के बाद अभी तक इस पद पर किसी की नियुक्ति नहीं होना इस बात का संकेत दे रहा है कि दूसरे राज्यों की तरह भाजपा प्रदेश में भी बिना संगठन मंत्री के पार्टी के कामकाज को बढ़ावा देना चाहती है। पार्टी ने जिस तरह से मंडल से लेकर संभाग तक प्रभारी घोषित कर दिए हैं, उससे यह संभावना और प्रबल हो गई है। मध्यप्रदेश में वर्षों से चली आ रही प्रदेश संगठन महामंत्री की परंपरा अब समाप्त होने वाली है। एक समय था जब प्रदेश संगठन महामंत्री के निर्णय ही अहम माने जाते हैं, लेकिन अब पार्टी को फी हैंड देने संबंधी कवायद के चलते यह पद समाप्त किया जा सकता है। इसके पहले संघ से आए पदाधिकारियों को संभागीय संगठन मंत्री जैसा दायित्व दिया जाता था और एक तरह से पार्टी की तरफ से ये भाजपा पर कमान रखते थे, लेकिन पिछले कई सालों से इन पदों पर कोई नियुक्ति होने से पार्टी के साफ संकेत नजर आ रहे है कि संघ का दखल अब भाजपा में कम होने लगा है। संभागीय संगठन मंत्री का काम पार्टी के नेताओं में समन्वय बनाने का रहता था, लेकिन पिछले कुछ सालों में देखा गया कि इन्हीं के गुट पार्टी में पनपने लगे थे, जिसकी शिकायत ऊपर तक पहुंची थी, वहीं यह स्थिति प्रदेश संगठन महामंत्री के रूप में भी देखने को मिली। हितानंद शर्मा की रवानगी के बाद अब शीर्ष नेतृत्व इस पद पर किसी को भी नहीं बिठाना चाह रहा है। फिलहाल तो इसका प्रभार अजय जामवाल जैसे नेता देख रहे हैं, जिन्हें दो राज्य दिए गए हैं। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा तथा सरकार के बीच वे बखूबी तालमेल निभाते आ रहे हैं, वहीं केन्द्र की ओर से एक राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री भी प्रभारी बनाकर भेजा जाता है।

### मार्च की शुरूआत में ही तपने लगा मध्यप्रदेश, पारा 39 डिग्री के पार

# तापमान 40 डिग्री सेल्यिस पार पहुंचने के आसार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश में इस साल मार्च की शुरूआत से ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। आमतौर पर अप्रैल में महसूस होने वाली तेज गर्मी इस बार मार्च के पहले सप्ताह में ही दिखाई देने लगी है। प्रदेश का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जबकि मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में तापमान 40 डिग्री के आसपास पहुंचने की संभावना जताई है।गुरुवार को नर्मदापुरम प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां इस सीजन में पहली बार तापमान 39 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक मार्च के दूसरे पखवाड़े में आमतौर पर गर्मी बढ़ती है, लेकिन इस बार मौसम का ट्रेंड बदला हुआ नजर आ रहा है



#### ग्वालियर-चंबल और सागर संभाग सबसे ज्यादा गर्म

प्रदेश के ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग में गर्मी का असर सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। यहां अधिकतम तापमान सामान्य से 3 से 4 डिग्री तक ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। तेज धूप और साफ आसमान के कारण दिन के समय गर्मी का असर बढ़ गया है।

#### आसमान साफ, इसलिए बढ़ रही गर्मी

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार प्रदेश के पूर्वी हिस्से से एक टर्फ लाइन गुजर रही है और कुछ क्षेत्रों में साइक्लोनिक सकुर्लेशन भी सक्रिय है, लेकिन इसका प्रदेश के मौसम पर ज्यादा असर नहीं पड़ रहा। बादल नहीं होने से सूरज की तेज किरणें सीधे जमीन पर पड़ रही हैं, जिससे तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। गुरुवार को प्रदेश के प्रमुख शहरों में भी तापमान ऊंचा रहा। इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया, जबकि भोपाल में यह 34.6 डिग्री सेल्सियस रहा।अन्य शहरों में भी गर्मी का असर देखा गया। खजुराहो में 36.8 डिग्री, धार में 36.6 डिग्री, दमोह, सागर और श्योपुर में 36.4 डिग्री, रतलाम में 36.2 डिग्री तथा गुना और टीकमगढ़ में तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया।

### शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूप स्थापित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देशानुसार ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट निगरानी एवं हैण्डपंप संधारण संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण प्रकोष्ठ कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष कमांक 0734-259980 कंट्रोल रूम के उपखण्ड अनुसार प्रभारी उपखण्ड उज्जैन सहायक यंत्री राजेन्द्र कुमार बघेल 8223890828 विकासखंड उज्जैन उपयंत्री नेहा सोलंकी 7224847020, विकासखंड घट्टिया उपयंत्री सुश्री शीतल रावत 8085462889, उपखण्ड तराना सहायक यंत्री राजेश होल्कर 8305644073, विकासखंड तराना उपयंत्री अरशाद अहमद नागौरी 7879678497, विकासखंड महिदपुर उपयंत्री अशरफ हुसैन 8349964121, उपखण्ड खाचरौद सहायक यंत्री मनोहर परमार 424829510, विकासखंड खाचरौद उपयंत्री धर्मेन्द्र हारोड 8109348277 कंट्रोल रूम में कार्यालयीन दिवस में प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक छगनलाल की ड्यूटी रहेगी।

## न्यूज-कॉलम



### प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती – कलेक्टर श्रीमती माथुर

**आलीराजपुर।** ।जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम, आलीराजपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम ने चयनित विद्यार्थियों को समग्र शिक्षा केंद्र आलीराजपुर के माध्यम से प्रशस्ति पत्र और स्कूल बैग किट प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिले के कुल 23 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर अपने विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने कहा कि जनजातीय जिले के शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों का इस प्रतियोगिता में चयनित होना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें आगे भी मेहनत कर नई ऊंचाइयां हासिल करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से बच्चों को निरंतर प्रोत्साहित करते रहने की अपेक्षा की है।

### माहेश्वरी समाज टाण्डा द्वारा फाग महोत्सव का आयोजन किया



**टाण्डा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी माहेश्वरी समाज टाण्डा द्वारा फाग महोत्सव का आयोजन किया। जिसमे समाज बन्धुओ ने ठाकुर जी का डोल निकाला एवं समाज बन्धुओ का सहभोज का आयोजन किया तथा जिला कोषाध्यक्ष निर्वाचित होने पर श्री मति प्रिती जी लद्दड(माहेश्वरी) का एवं हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री परिक्षाओ में उच्च अंको से उत्तीर्ण करने पर रागिनी लद्दड ,राधीका लद्दड, आस्था लद्दड, तथा श्री मति विनय लता लढ्ढा का माहेश्वरी महिला मण्डल द्वारा सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष्य पर माहेश्वरी समाज द्वारा निजी धर्मशाला बनाने का निर्णय किया गया। जिसमें समाज के सभी बन्धुओ ने बढ चडकर अपनी राशि की घोषणा की। उक्त जानकारी माहेश्वरी समाज अध्यक्ष श्री अजय माहेश्वरी ने दी।

### बुरहानपुर उर्वरक दुकानों पर कृषि विभाग का छापा

**बुरहानपुर।** कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देश पर कृषि विभाग ने गुरुवार को ग्राम दर्यापुर में उर्वरक और माइक्रोन्यूट्रिएंट विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। जांच में कई दुकानों में नियमों की अनदेखी और रिकॉर्ड में गड़बड़ियां सामने आईं। कई दुकानों में स्टॉक पंजी का सही तरीके से संधारण नहीं किया जा रहा था। स्टॉक रजिस्टर में दर्ज मात्रा और वास्तविक स्टॉक में अंतर पाया गया। कई दुकानदारों द्वारा कंपनी से मिलने वाले उर्वरकों की मासिक विक्रय रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई। कुछ दुकानों पर स्टॉक बोर्ड भी प्रदर्शित नहीं किया गया था। संबंधित विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।सतपुड़ा कृषि सेवा केन्द्र का लाइसेंस निलंबन की प्रक्रिया शुरू की गई है। अन्य दुकानदारों को निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### महेश्वर विधायक राजकुमार मेंव ने किए लाखों के भूमि पूजन

**महेश्वर।** विधायक राजकुमार मैंव ने नगर के विभिन्न समाज व मंदिरों में जीर्णोद्धार के भूमि पूजन कीए सर्वप्रथम मल्हारगंज मोहल्ले में राधा कृष्ण मंदिर में 5 लाख की राशि का भूमिपूजन किया जिसमें समस्त मोहल्ला वासियों ने विधायक मेव का स्वागत कर तुलादान किया उसके बाद वल्लभ विहार कॉलोनी में सभी कॉलोनी वासियों के साथ मांगलिक भवन का 5 लाख का भूमि पूजन किया। तत्पश्चात पाटीदार समाज महेश्वर में जाकर समाजजनों की उपस्थिति में 5 लाख का भूमि पूजन किया इसी तरह राजपूत समाज में 5 लाख, जंबू ब्राह्मण समाज में 5 लाख रूपए का भूमि पूजन किया।

### माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न

**बड़वानी ।** बड़वानी जिले में 6 मार्च को माध्यमिक शिक्षा मंडल की वार्षिक परीक्षाएँ शांतिपूर्वक एवं सुचारू रूप से संपन्न हुईं। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमति शीला चौहान ने बताया कि कक्षा 12वीं के उर्दू विषय की परीक्षा जिले के केवल एक परीक्षा केंद्र पर आयोजित की गई। इस विषय में कुल 1 छात्र दर्ज था, जो परीक्षा में उपस्थित रहा। इसी प्रकार कक्षा 10वीं के हिंदी विषय की परीक्षा जिले के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई। इस परीक्षा में कुल 11,162 छात्र-छात्राएँ दर्ज थे, जिनमें से 10,791 छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे तथा 371 छात्र-छात्राएँ अनुपस्थित रहे।सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा संचालन के दौरान प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा व्यवस्थाओं का सतत निरीक्षण किया गया।

### मदिरा दुकानों के निष्पादन हेतु ऑनलाईन टेण्डर आवेदन आमंत्रित

**बड़वानी ।** जिले के ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के प्रथम चरण वैच-3 में 4 कम्पोजिट मदिरा दुकान समूहों का (17) कम्पोजिट मदिरा दुकानों) निष्पादन हेतु ई-टेण्डर पत्र आमंत्रित किये जा रहे है। ई-टेण्डर आवेदन पत्र एमपी टॅण्डर पोर्टल पर दिनांक 6 मार्च 2026 को प्रातः 10 बजे से दिनांक 7 मार्च 2026 दोपहर 2 बजे तक ऑनलाईन डाउनलोड एवं सबमिट किए जा सकते है।

# कलेक्टर ने जिले में जल संरचनाओं एवं पेयजल योजनाओं की समीक्षा की

## ग्रीष्मकाल से पहले पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ आलीराजपुर



कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में पेयजल की उपलब्धता, नलजल योजना, जल जीवन मिशन एवं जल संरचनाओं के निर्माण की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती संघमित्रा गौतम, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्री एस.आर.मेडा, महा प्रबंधक मध्य प्रदेश जल निगम श्री कुलदीप सिंह, नगर पालिका एवं नगर परिषदों के सीएमओ सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने मध्य प्रदेश जल निगम मर्यादित परियोजना क्रियान्वयन इकाई द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। जल निगम महाप्रबंधक ने बताया कि जिले के कुल 539 ग्रामों की 774109 जनसंख्या को शुद्ध पेयजल प्रदाय करने हेतु आलीराजपुर ग्रामीण समूह जल योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिले में निमार्णाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और इंटैक वेल के कार्यों की प्रगति लक्ष्य के अनुरूप नहीं पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई तथा समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए । उन्होंने महाप्रबंधक जल निगम को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए तथा निर्माण एजेंसियों से सख्ती के साथ कार्य कराया जाए।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती माथुर द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले में किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान कार्यपालन यंत्री ने बताया कि जिले में पेयजल व्यवस्था के लिए विभाग द्वारा 16,842 हैंडपंप स्थापित किए गए हैं, जिनमें से 16,583 वर्तमान में चालू स्थिति में हैं और ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध करा रहे हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में 158 नलजल योजनाओं में से 120 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि 38 योजनाएं प्रगति पर हैं। प्रगतिरत योजनाओं में 85 से 99 प्रतिशत तक कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं 104 योजनाएं ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित की जा चुकी हैं।

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने जिला शहरी विकास अभिकरण के अंतर्गत शहरों में पेयजल की स्थिति की भी समीक्षा की और सभी नगर पालिका तथा नगर परिषद के सीएमओ को निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल में शहरों में पेयजल की आपूर्ति निरंतर बनी रहे और किसी भी प्रकार का पेयजल संकट उत्पन्न न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेयजल से संबंधित शिकायतों का स्वतः संज्ञान लेकर त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए सभी जनपद पंचायत स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा उसकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई हैंडपंप खराब हो जाए तो उसे तत्काल ठीक कराया जाए और पेयजल के वैकल्पिक संसाधनों की भी व्यवस्था रखी जाए, ताकि किसी भी क्षेत्र में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत समाधान किया जा सके।

# दुग्ध किसानों के प्रतिनिधियों एवं संघ प्रबंधन के बीच सकारात्मक वातावरण में चर्चा संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ इंदौर



इंदौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इंदौर के परिसर में आज दुग्ध किसानों के प्रतिनिधियों एवं संघ प्रबंधन के बीच सकारात्मक वातावरण में चर्चा संपन्न हुई। इस अवसर पर दुग्ध संघ द्वारा किसान प्रतिनिधियों एवं किसानों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह भी बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। संभवतः अपने तरह के पहले इस होली मिलन के दौरान सभी ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं व गले लगाया। संघ के प्रबंधन तथा किसानों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विभिन्न मांगों पर तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट की गई तथा कई मुद्दों पर सहमति बनी।

दुग्ध संघ प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि दुग्ध उत्पादक किसानों के हितों की रक्षा संघ की सर्वोच्च प्राथमिकता है। दुग्ध उत्पादक किसान दुग्ध संघ परिवार का अभिन्न हिस्सा हैं।किसानों द्वारा उठाए गए अधिकांश मुद्दों पर पहले से ही कार्रवाई की जा चुकी है या निर्णय की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

संघ प्रबंधन ने बताया कि वर्तमान में 25-26 सीएलआर पर कोई कटौती नहीं की गई है। वर्तमान में पूर्व से संचालित व्यवस्था के अनुसार ही भुगतान किया जा रहा है।

दूध के क्रय मूल्य में वृद्धि की मांग के संदर्भ में जानकारी दी गई कि 01 मार्च 2026 से दूध का क्रय मूल्य 820 प्रति किलोग्राम फैट से बढ़ाकर 850 प्रति किलोग्राम फैट कर दिया गया है। आगामी दुग्ध सीजन में बाजार की स्थिति, मांग एवं प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए 900 प्रति किलोग्राम फैट तक वृद्धि किए जाने की संभावना पर भी विचार किया जाएगा।

संघ ने यह भी बताया कि 15 किलो घी के डिब्बों की आपूर्ति दुग्ध समितियों एवं बाजार में नियमित रूप से की जा रही है*एवं भविष्य में भी यह आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहेगी।

दुग्ध संघ प्रबंधन ने सभी दुग्ध उत्पादक किसानों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सीधे दुग्ध संघ कार्यालय या संबंधित दुग्ध समिति से संपर्क करें तथा अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें।

### रंग पंचमी पर निकलेगी भव्य केशव फाग यात्रा, नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी विशाल गैर

**बड़वानी।** रंग पंचमी के पावन पर्व पर हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में रंगो से भरपूर केशव फाग यात्रा एवं विशाल गैर यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह गैर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ निकलेगी। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष बालकृष्ण गुप्ता, उपाध्यक्ष नारायण लछेटा एवं कोषाध्यक्ष संजय चौहान (बंटी) के मार्गदर्शन में आयोजन को सफल बनाने हेतु एक वृहद बैठक आयोजित की गई। बैठक में संसाधन समिति, प्रचार-प्रसार समिति, सुरक्षा समिति, संग्रह समिति सहित विभिन्न समितियों का गठन कर कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए। समिति पदाधिकारियों ने सभी कार्यकताओं से समन्वय के साथ जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। केशव फाग यात्रा प्रातः 10.30 बजे से जगत तृप्ति केंद्र झंडा चौक से प्रारंभ होकर रणजीत चौक, महात्मा गांधी मार्ग, मोटी माता होते हुए विजय स्तम्भ, कारंजा चौराहा में समापन होगी। पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ निकलेगी फाग यात्रा में फायर फाइटर की व्यवस्था के साथ ध्वनि विस्तारक यंत्र, पारंपरिक वाघ यंत्र एवं अन्य वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनि वातावरण को भक्तिमय और उत्सवमय बनाएगी।

# 14 से 15 साल की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी का निःशुल्क टीकाकरण किया जा रहा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बाग



सामुदायिक अस्पतालों में 14 से 15 साल की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी का निशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। हालांकि, त्योहारों के कारण टीकाकरण की गति धीमी रही है। अभी तक बाग अस्पताल में 15 किशोरियों को एचपीवी के टीके लगाए गए हैं। शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाग में तीन किशोरियों को एचपीवी टीके दिए गए।

सीबीएमओ डॉ. हरिसिंह मुवेल ने बताया कि एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन पहले केवल निजी अस्पतालों में उपलब्ध थी। भारत सरकार की ओर से अब यह सुविधा सरकारी अस्पतालों में निशुल्क उपलब्ध करवाई गई है।

14 से 15 वर्ष की किशोरियों को इस टीके के लिए चिन्हित किया जा रहा है। किशोरावस्था में टीका लगाने से भविष्य में सर्वाइकल कैंसर की संभावना पूरी तरह से समाप्त हो सकती है। यह टीका पूरी तरह से सुरक्षित है।

**बाग ब्लॉक में अब तक 15 टीके ही लगे**

डॉ. मुवेल ने बताया कि भगोरिया और होली जैसे त्योहारों के चलते एचपीवी टीके लगाने का प्रचार-प्रसार नहीं हो पाया था। बाग ब्लॉक में अब तक केवल 15 टीके ही लगे हैं। अब शुक्रवार से प्रचार-प्रसार शुरू किया जा रहा है। इसके तहत, बाग ब्लॉक के कन्या छात्रावासों और आश्रमों में वार्डन को सूचित किया गया है कि वे अपने हॉस्टलों में 14 से 15 वर्ष की बच्चियों को एचपीवी टीका लगवाने के लिए अभिभावकों से स्वीकृति लें। डॉ. मुवेल ने यह भी कहा कि ग्रामीण अंचलों के हॉस्टल में किशोरियों को टीका लगाने के लिए अस्पताल की टीम स्वयं वहां पहुंचेगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी 14 से 15 वर्ष की बच्चियों को एचपीवी टीका अवश्य लगवाएं।

### एक दिवसीय अप्रेंन्टिसशिप मेले का आयोजन 11 मार्च को होगा

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश शासन के युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र व शासकीय आई.टी.आई संस्थान के तत्वावधान में 11 मार्च को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मक्सी रोड ब्रिज के नीचे उज्जैन में एक दिवसीय युवा संगम मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेंन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा।उक्त रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियां जैसे, बोकेम हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, न्यू जील फैशन वियर प्राइवेट लिमिटेड बदनावर, आइसेक्ट लिमिटेड, एसबीआई लाइफ उज्जैन, भारतीय जीवन बीमा निगम उज्जैन, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, भागीरथ मोटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, टी.एस.सी. एफ.एम. सेज फाउंडेशन इन्दौर, प्रतिभा स्वराज प्रा.लि. उज्जैन, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड, इन्दौर, बेस्ट लाइफस्टाइल अपैरल प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी न्यू दिल्ली आदि के लगभग 280 से अधिक विभिन्न पदों जैसे- सेल्स एक्जिकिटीव, टेक्नीशियन, ट्रेनर, सैल्स, टीम लीडर, बैंक आफिस, सुरक्षा गार्ड, ऑपरेटर, हेल्पर, ऑफिस बॉय आदि पदों के लिए आकर्षक वेतन पर रोजगार प्रदान करने के लिए कम्पनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन करेंगे।

## नरवाई प्रबंधन के लिए उज्जैन विकासखंड में हार्वेस्टर संचालकों की बैठक आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

रबी सीजन में गेहूं फसल की कटाई के बाद नरवाई ना जलाने के लिए उचित नरवाई प्रबंधन के लिए कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के निर्देशन में विकासखंड उज्जैन में एसडीएम सुश्री कृतिका भीमावत की अध्यक्षता में उज्जैन विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सभी हार्वेस्टर संचालकों / ऑपरेटर की बैठक जनपद पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपस्थित हार्वेस्टर संचालकों को नरवाई प्रबंधन के लिए शासन की कार्य योजना से सभी को विस्तार से अवगत कराया गया एवं उन्हें बिना स्ट्रा रीपर के गेहूं ना काटने की चेतावनी दी गई। हार्वेस्टर संचालकों को बताया गया कि हार्वेस्टर मशीन के साथ स्ट्रा रीपर अनिवार्य रूप से उपयोग किया जाए। साथ ही सचेत किया गया कि बगैर स्ट्रा रीपर के गेहूं कटाई करने पर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई सहित कडी दंडात्मक कार्रवाई हो सकती है। हार्वेस्टर संचालकों ने भी इस पर सहमति जताई एवं कहा कि कृषकों को नरवाई ना जलाने के लिए जागरूक करने में सहयोग करेंगे। हार्वेस्टर संचालकों ने कहा कि उनके द्वारा अपने स्तर से भी किसानों को बताया जाएगा कि? नरवाई ना जलाएं इससे पर्यावरण के साथ-साथ जमीन का भी नुकसान हो रहा है। बैठक में सहायक कृषि यंत्री पीसी सिसोदिया,श्री वैभव प्रजापति, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री सुबोध कुमार पाठक द्वारा विस्तार से हार्वेस्टर संचालकों को नरवाई जलाने से हानि और उससे बचने की जानकारी दी। बैठक में निर्देशित किया कि सभी कृषि विस्तार कार्यकर्ता भी अपने-अपने क्षेत्र में भी नरवाई ना जलाए जाने के लिए किसानों को भ्रमण के दौरान नरवाई की जानकारी दें।

## चिंचाला श्मशान घाट का होगा सुनियोजित विकास

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर



विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) ने कहा कि श्मशान जीवन का सबसे बड़ा सत्य है। मनुष्य का शरीर क्षणभंगुर है और अंततः हर किसी को माँ भारत की मिट्टी में विलीन होना होता है। श्मशान वह स्थान है जहाँ अमीर-गरीब, ऊँच-नीच और भेदभाव की सभी सीमाएँ समाप्त हो जाती हैं।श्रीमती चिटनिस ने लालबाग क्षेत्र स्थित चिंचाला श्मशान घाट के विकास और व्यवस्थाओं को लेकर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, नगर निगम अधिकारियों तथा स्थानीय नागरिकों के साथ श्मशान परिसर का निरीक्षण कर आवश्यक विकास कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि चिंचाला श्मशान घाट के विकास के लिए विधायक विशेष निधि से स्वीकृत लगभग 50 लाख रुपये के विभिन्न निर्माण कार्यों के वर्क ऑर्डर जारी कर दिए गए हैं और शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 12 लाख 50 हजार रुपये की लागत से शेड निर्माण के कार्य हेतु वर्क ऑर्डर जारी कर दिए गए हैं।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि विकास कार्यों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने के लिए श्मशान परिसर में विद्युत पोल एवं विद्युत लाइन शिफ्टिंग का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है, जिससे आगामी निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी।

श्रीमती चिटनिस ने बताया कि चिंचाला श्मशान के पीछे लगभग 4.5 हेक्टेयर क्षेत्र में नगर वन विकसित करने की योजना को स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इस नगर वन को समाज की भागीदारी से विकसित किया जाएगा, जहाँ नागरिक अपने पूर्वजों की स्मृति में पौधारोपण कर सकेंगे।

# राज्य स्तरीय रेफरल संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

न्यायमूर्ति श्री संजीव सचदेवा, मुख्य न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं मुख्य-संरक्षक, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व तथा न्यायमूर्ति श्री विवेक रूसिया, प्रशासनिक न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन में गत दिनों मेडिटेशन फॉर नेशन केंपेन 2.0 के अंतर्गत जिला न्यायालय में पदस्थ न्यायाधीशगण के लिए राज्य स्तरीय रेफरल संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

यह अभियान सर्वोच्च न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति द्वारा प्रारंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य मध्यस्थता योग्य प्रकरणों की समय पर पहचान, प्रभावी रेफरल एवं शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करना है।

प्रशिक्षण सत्र ऑनलाइन माध्यम से श्रीमती गिरिबाला सिंह, पूर्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम, भोपाल एवं वरिष्ठ प्रशिक्षक, मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति द्वारा संचालित किए गए। प्रशिक्षण सत्रों में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि प्रभावी रेफरल ही सफल मध्यस्थता प्रणाली की आधारशिला है।

समय पर एवं सुविचारित रेफरल से न केवल सौहार्दपूर्ण समझौते की संभावना बढ़ती है, बल्कि न्यायालयों का बहुमूल्य समय भी बचता है, पक्षकारों के मध्य वैमनस्य में कमी आती है तथा न्याय वितरण प्रणाली के प्रति जन-विश्वास सुदृढ़ होता है।

न्यायिक अधिकारियों को प्रारंभिक अवस्था में ही मध्यस्थता योग्य प्रकरणों की पहचान करने के लिए संवेदनशील बनाया गया, ताकि विवाद अनावश्यक रूप से लंबित एवं विवादास्पद न बनें।सुश्री सुमन श्रीवास्तव, सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने अवगत कराया कि वर्ष 2025-26 के दौरान राज्य के 622 न्यायिक अधिकारियों को 40 घंटे के सघन मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है। इसके अतिरिक्त 285 सामुदायिक मध्यस्थता स्वयंसेवकों को जमीनी स्तर पर सामुदायिक मध्यस्थता संचालित करने हेतु प्रशिक्षित किया गया है, जिससे छोटे-छोटे विवाद समुदाय स्तर पर ही सुलझाए जा सकें और न्यायालयों तक न पहुँचें। उन्होंने आगे बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित 45 एडीआर केंद्र तथा तहसील स्तर पर कार्यरत 102 तहसील मध्यस्थता केंद्र सक्रिय रूप से मध्यस्थता को प्रोत्साहित कर रहे हैं, तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों और न्यायालयों में लंबित वादों, दोनों को ही प्रारंभिक स्तर पर चिन्हित कर मध्यस्थता हेतु संदर्भित किया जा रहा है, जिससे विवादों का शीघ्र एवं सौहार्दपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। इन केंद्रों में अधिवक्ताओं, सेवानिवृत्त न्यायाधीशों, न्यायिक अधिकारियों, विषय विशेषज्ञों एवं समाजसेवियों सहित कुल 3.020 मध्यस्थ तथा 520 सामुदायिक मध्यस्थता स्वयंसेवक सौहार्दपूर्ण विवाद निराकरण के उद्देश्य से कार्यरत हैं।

# कल भिक्षा ले जाना



याद आती है मुझे एक छोटी सी घटना। युधिष्ठिर अज्ञातवास में छिपे हुए हैं, वेशभूषा बदल रखी है, किसी को पता नहीं कि वह कौन हैं? युधिष्ठिर कुटी के सामने बैठे हैं। भीम एक कोने में बैठे कुछ सोच रहे हैं। एक भिखारी आता है और युधिष्ठिर से भीख मांगता है। युधिष्ठिर ने उससे कहा, तुम कल आ जाना। भीम उछलकर खड़े हो गए और भीतर कुटी की तरफ दौड़े। युधिष्ठिर ने पूछा, तुझे क्या हो रहा है?

भीम ने कहा कि मैं सबको बताने जा रहा हूं कि मेरे भ्राताश्री ने समय पर विजय पा ली। आपने भिक्षुक से कहा कि कल आ जाना। इससे एक बात पक्की है कि आप सुनिश्चित हैं कि कल आएगा। इसलिए मैं जरा गांव भर में खबर कर आऊं कि मेरे भैया ने समय पर विजय पा ली है। युधिष्ठिर भागते हुए उस भिखारी के पास पहुंचे, उसे रोका और कहा, तू आज ही ले जा, क्योंकि कल का सच कहां भरोसा? कल के लिए क्या उपाय है कि हम कुछ तय कर सकें? जो टालता है, वह अपने को धोखा देता है। जो कल पर छोड़ता है, वह किसी और से नहीं, अपने से ही बेईमानी कर रहा है। इसलिए अगर कल आपके हाथ में हो, तो स्थगित करना और कल अगर हाथ में न हो, तो स्थगित मत करना। अगर स्थगित ही करना हो, तो कल के लिए बुराई को स्थगित करना, क्योंकि कल कभी नहीं आता। क्रोध आए, तो कहना कि कल करेंगे। चोरी करनी हो, तो कहना कि कल करेंगे। फिर तुमसे पाप हो ही नहीं सकेंगे, क्योंकि कल कभी नहीं आता। जो कुछ भी ठीक करना हो, शुभ करना हो, वह अभी कर लेना। अगर उसे कल पर टाला, तो यह भी नहीं हो सकेगा। जिस आदमी ने कल में अपने स्वर्ग को देखा है, उसका आज नर्क होगा, इतना पक्का है, क्योंकि कल तो आएगा नहीं। जब भी कल आएगा, आज होकर आएगा। अगर तुमने यह गलत आदत सीख ली कि तुम कल में ही नजर लगाए रहते हो, तो तुम आज को सदा गंवाते जाओगे। जब भी आएगा आज आएगा; जो भी आएगा, आज की तरह आएगा। तुम्हारी आंखें अगर कल पर लगी रहेंगी, तो तुम जो मिला था, उसे कभी न भोग पाओगे; जो तुम्हारे हाथ में रखा है, उसे देख ही नहीं पाओगे; जो नृत्य-गीत चल ही रहा था, उसमें सम्मिलित ही न हो पाओगे।

अस्तित्व वर्तमान है- उतरो, छलांग लो। तैयारी तो सदा से पूरी है, सिर्फ तुम्हारी प्रतीक्षा है। तुम नाचो! तुम यह मत कहो कि कल नाचेंगे। तुम यह मत कहो कि आंगन ही टेढ़ा है, नाचें कैसे? जिसे नाचना आता है, वह टेढ़े आंगन में भी नाच लेता है। जिसे नाचना नहीं आता, आंगन कितना ही सीधा, चौकोर हो जाए, तब भी नाच न पाएगा।



## सम्पादकीय

# भारत और युद्ध

ईरानी युद्धपोत को जिस तरह से अमेरिकी पनडुब्बी ने निशाना बनाया है, उससे भारत व दक्षिण एशिया में चिंता की लहर स्वाभाविक है। श्रीलंका के गाले तट से 50 समुद्री मील दूर खुले समुद्र में अमेरिका ने ईरानी युद्धपोत डेना को डुबो दिया, इसमें सवार कुछ नौसैनिकों को श्रीलंका की सेना ने बचाया है, जबकि 150 से ज्यादा सैनिकों के मारे जाने की आशंका है। हमारे लिए चिंता की बात यह है कि यह ईरानी युद्धपोत भारत में आयोजित एक प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए विशाखापत्तनम आया था। प्रदर्शनी या युद्धाभ्यास का समापन 25 फरवरी को हुआ और उसके बाद यह युद्धपोत भारतीय क्षेत्र से बाहर निकल गया। इसके बाद 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ युद्ध छिड़ा है। ईरान इस युद्धपोत को भारत का मेहमान पोत बता रहा है, पर वास्तव में यह कूटनीतिक चतुराई है। भारतीय समुद्री सीमा में अगर घुसकर अमेरिका किसी को निशाना बनाता, तो मामला बहुत गंभीर हो जाता। दूसरी बात, इस युद्धपोत ने भारतीय सीमा को छोड़ने के बाद मदद की गुहार नहीं लगाई।

फिर भी इस पूरे प्रकरण में भारत का नाम आना अच्छी बात नहीं है। यह एक सराहनीय बात है कि भारत ऐसे किसी भी देश के युद्धपोत को अपनी सीमा में नहीं रहने देता है, पर श्रीलंका ऐसा करने की स्थिति में नहीं है। मिसाल के लिए, अब सभी की निगाहें ईरानी सैन्य टैंकर बुशेर पर टिकी हैं, जो कोलंबो बंदरगाह से 10 समुद्री मील दूर लंगर डाले हुए है। आज अमेरिका को भारत किस हक से रोक सकता है और अमेरिका भला भारत की बात क्यों सुनेगा? हालांकि, भारत को बहुत सावधान रहने की जरूरत है। एक पूर्व अमेरिकी जनरल ने दावा किया है कि पश्चिम एशिया में सैन्य अड्डे तबाह हो चुके हैं और अमेरिका अब भारतीय अड्डों का इस्तेमाल कर रहा है। सावधान, अमेरिका में ऐसे तत्व हैं, जो भारत को युद्ध में घसीटना चाहते हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने उचित ही ऐसे किसी सहयोग से इनकार किया है। युद्ध को लेकर फैल रही तमाम भ्रांतियों के प्रति भारत को सचेत रहना होगा। फिलहाल, ईरान हो या अमेरिका, दोनों से हमारे संबंध उतने अच्छे नहीं हैं कि हम उनकी नीतियों को प्रभावित करने लगें। हालांकि, आज दोनों देश चाहेंगे कि भारत उसके साथ दिखे, पर भारत को अपना हित देखना है। उसकी स्थिति अन्य देशों की तरह नहीं है। भारत सरकार जो फैसला लेगी, उससे उसके 140 करोड़ लोग प्रभावित होंगे।

## राष्ट्रीय भाव से बड़ी विचारधारा नहीं

# नौजवानों में राष्ट्रीयता की भावना को जगाने की जरूरत



किशन सनमुखदास
(दैनिक अवन्तिका)

वैश्विक स्तरपर सबसे युवा देश जिसकी 65 फीसदी आबादी उसकी सबसे मूल्यवान संपत्ति है वह है भारत!जहां दुनियाँ की युवा आबादी का पांचवा हिस्सा है जो एक जनस-ांख्यिकीय लाभांश पैदा करने की ताकत रखता है, इतिहास गवाह है कि आज तक दुनियाँ में जितने भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं, चाहे वे सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक रहे हों, उनके मुख्य आधार युवा ही रहे हैं। भारत में भी युवाओं का एक समृद्ध इतिहास है। प्राचीनकाल में आदिगुरु शंकराचार्य से लेकर गौतम बुद्ध और महावीर स्वामी ने अपनी युवावस्था में ही धर्म और समाज सुधार का बीड़ा उठाया था।पुनर्जागरण काल में राजा राममोहन राय, स्वामी दयानंद सरस्वती के साथ विवेकानंद जैसे युवा विचारक ने धर्म और समाज सुधार आंदोलन का नेतृत्व किया। इतिहास ने युवाओं की शक्ति का प्रभाव देखा है। उदाहरण के तौर पर भारत की आजादी में अनेक युवाओं ने अपना योगदान दिया और कई युवाओं ने बलिदान तक दिया। इसके परिणामस्वरूप हमारा देश ब्रिटिश सरकार को भागने में कामयाब हुआ। युवाओं ने इस प्रकार अनेक ऐतिहासिक बदलाव किए हैं। इसलिए आज का युवा भी विजन 2047, विजन 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की देश की अर्थव्यवस्था के महत्वकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जो कार्यबल के साथ साथ बाजार की उपलब्धि करा सकता है।नवाचार, नवोन्मेष, स्टार्टअप, उद्यमशीलता, विविधता की संस्कृति को चला रहे हैं ऐसी मुल्यवान ताकत युवाओं में हमें राष्ट्र हित से जुड़े मुद्दों की समझ विकसित करने, उनकी चिंताओं जिज्ञासाओं को समझकर उनको उत्साहवर्धन करने की तात्कालिक खास जरूरत है जो सर्वोपरि राष्ट्र सेवा है, क्योंकि यदि राष्ट्रहित सर्वोपरि होगा तो हमारा राष्ट्र आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, अन्तर्राष्ट्रीय बाधाओं सहित अनेक मुद्दों और विषयों में सुरक्षित होगा।

साथियों बात अगर हम युवाओं को उत्साहवर्धन की करें तो आज अभिभावकों, शिक्षकों, बुद्धिजीवियों, राजनीतिक नेताओं से लेकर हर उस जानकार व्यक्तित्व का कर्तव्य है कि युवाओं में राष्ट्रहित की भावना को तेजी से विकसित करें युवाओं में यह भाव पैदा करना होगा कि घर से महत्वपूर्ण समाज, उस से महत्वपूर्ण गांव, शहर, राष्ट्र है। इसलिए राष्ट्र हित की भावना सबसे पहले युवाओं में जागृत कराना जरूरी हैं। क्योंकि, युवा राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है। हर राष्ट्र की सफलता का आधार उसकी युवा पीढ़ी और उनकी उपलब्धियाँ होती हैं। राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है। इसलिए युवा राष्ट्र निर्माण में सर्वोच्च भूमिका निभाते हैं, इसके साथ ही देश का प्रत्येक नागरिक अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट और सर्वोच्च विकास के लिए प्रयासरत रहे। वास्तव में यही राष्ट्रहित है। जाति, धर्म और क्षेत्रीयता की संकीर्ण मानसिकता से उपर उठकर देश के प्रति गर्व की एक गहरी भावना महसूस करना ही राष्ट्रवाद है।

साथियो बात अगर हम भारत के सबसे कम उम्र वाली आबादी होने की करें तो, भारत के 1.35 बिलियन लोग इसे दुनियाँ का दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश बनाते हैं, लेकिन औसतन 29 वर्ष की आयु के साथ, यह विश्वस्तर पर सबसे कम उम्र की आबादी में से एक है। जैसे ही युवा नागरिकों का यह विशाल संसाधन कार्यबल में प्रवेश करता है, यह एक 'जनसांख्यिकीय लाभांश' बना सकता है।संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा जनसांख्यिकीय लाभांश को जनसंख्या की आयु संरचना में बदलाव के परिणामस्वरूप आर्थिक विकास के रूप में परिभाषित किया जाता है, मुख्यतः जब कामकाजी उम्र की आबादी आश्रितों की संख्या से बड़ी होती है।

साथियों बात अगर हम युवाओं में राष्ट्रहित, राष्ट्रीयता भावना जगाने की करें तो, पहला कार्य व्यक्ति निर्माण का है और राष्ट्रीय संस्कार व्यक्ति में बनेंगे तो निश्चित तौर से वह निज हित से ऊपर राष्ट्र हित को प्राथमिकता देगा। देश के हर वर्ग के युवा राष्ट्रहित को सर्वोपरि समझे तभी हम एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर पाएंगे। युवाओं को हमरे पूर्वजों से प्रेरणा लेनी चाहिए संस्कृति को समझना होगा। युवा संगठन से ऑनलाइन जुड़कर भी देश को मजबूती दे सकते हैं राष्ट्र से बड़ा कोई संगठन नहीं है और राष्ट्रीय भाव से बड़ी विचारधारा नहीं हो सकती। इसलिए आज नौजवानों में राष्ट्रीयता की भावना को जगाने की जरूरत है।

साथियों बात अगर हम बच्चों, युवाओं में राष्ट्रहित राष्ट्रवाद को गहराई से समझाने की करें तो, प्रत्येक नागरिक के लिए अपने राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता प्रदर्शन करना अनिवार्य है क्योंकि हमारा देश अर्थात हमारी जन्मभूमि हमारी मां ही तो होती है। जिस प्रकार माता बच्चों को जन्म देती है तथा अनेक कष्टों को सहते हुए भी अपने बच्चों की खुशी के लिए अपने सुखों का परित्याग करने में भी पीछे नहीं हटती है उसी प्रकार अपने सीने पर हल चलवाकर हमारे राष्ट्र की भूमि हमारे लिए अनाज उत्पन्न करती है, उस अनाज से हमारा पोषण होता है।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार, पीएम ने कहा, एक बात जिसने हमारे लोकतंत्र व्यवस्था को बड़ा नुकसान पहुंचाया वह है राष्ट्रहित से ज्यादा प्राथमिकता अपनी विचारधारा को देना।अगर कोई विचारधारा यह कहती है कि देशहित के मामलों में भी मैं इसी दायरे में काम करूंगा तो यह रास्ता सही नहीं है। दोस्तों यह गलत है। आज हर कोई अपनी विचारधारा पर गर्व करता है। यह स्वाभाविक भी है, लेकिन फिर भी हमारी विचारधारा राष्ट्रहित के विषयों में राष्ट्र के साथ नजर आनी चाहिए। राष्ट्र के खिलाफ कतई नहीं। आप देश के इतिहास में देखिए जब -जब देश के सामने कोई कठिन समस्या आई है हर विचारधारा के लोग राष्ट्रहित में एक साथ आए हैं। आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी के नेतृत्व में हर विचारधारा के लोग एक साथ आए थे। उन्होंने देश के लिए एक साथ संघर्ष किया था। उन्होंने कहा, आपातकाल के खिलाफ आंदोलन में कई राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता और संगठन के लोग भी थे। समाजवादी लोग भी थे, कम्युनिस्ट भी थे, जेएनयू से जुड़े कितने ही लोग थे जिन्होंने एक साथ आकर इमरजेंसी के खिलाफ संघर्ष किया था। इस लड़ाई में किसी को अपनी विचारधारा से समझौता नहीं करना पड़ा था।

# डाइट कंट्रोल और समोसे का सम्मोहन

मनुष्य के जीवन में 'संकल्प' और 'समोसे' का वही रिश्ता है जो चूहे और बिल्ली का होता है। आप कितनी भी बड़ी 'डाइट कंट्रोल' की दीवार खड़ी कर लें, एक गरम समोसा उस दीवार के नीचे से 'सुरंग' बनाकर आपके आत्मबल को धराशायी कर देता है। हमारे मित्र 'गजाधर बाबू' ने जब से डॉक्टर की यह बात सुनी कि उनका शरीर अब 'इंसानी शरीर' कम और 'फैट का गोदाम' ज्यादा लग रहा है, उन्होंने 'डाइट' का भीषण व्रत ले लिया।

गजाधर बाबू ने घोषणा कर दी कि अब वे केवल 'घास-फूस' यानी सलाद पर जीवित रहेंगे। उनके डाइनिंग टेबल पर अब खीरे, ककड़ी और उबली हुई लौकी का साम्राज्य था। वे इन चीजों को ऐसे देखते थे जैसे कोई मुजरिम अपनी हथकड़ियों को देखता है। श्रीलाल शुक्ल के शब्दों में कहें तो, गजाधर बाबू का यह त्याग वैसा ही था जैसे कोई भ्रष्ट अधिकारी रिटायरमेंट के बाद 'सत्य और अहिंसा' पर प्रवचन देने लगे।

लेकिन विधाता को कुछ और ही मंजूर था। एक शाम गजाधर बाबू दफ्तर से लौट रहे थे। रास्ते में 'मुन्ना हलवाई' की दुकान थी। मुन्ना हलवाई के यहाँ समोसे तलने की क्रिया किसी 'यज्ञ' से कम नहीं होती। कड़ाही में खौलता हुआ तेल, और उसमें गोते खाते हुए सुडौल समोसे–जैसे स्वर्ग की अप्सराएँ अमृत कुंड में स्नान कर रही हों।

समोसे की वह सोंधी खुशबू जब गजाधर बाबू की नासिकाओं से टकराई, तो उनके 'डाइट संकल्प' के फेफड़े फूलने लगे। उनका मन चिल्लाया– भाग गजाधर, ये मायाजाल है! पर उनका पेट पलटकर बोला– अबे रुक! देख तो सही, आलू का वो श्रृंगार, मसालों की वो जुगलबंदी! गजाधर बाबू दुकान के सामने ऐसे ठिठक कर खड़े हो गए जैसे कोई सन्यासी अपनी पुरानी प्रेमिका को देख ले। उन्होंने सोचा, एक समोसे से क्या होगा? न्यूटन ने भी तो कहा था कि हर क्रिया की प्रतिक्रिया होती है, तो एक समोसे की प्रतिक्रिया में मैं कल दो किलोमीटर ज्यादा चल लूँगा। यह वह तर्क है जो दुनिया का हर डाइट करने वाला इंसान खुद को 'बेवकूफ' बनाने के लिए इस्तेमाल करता है। वे दुकान के करीब पहुँचे। समोसा एकदम गरम था, उसकी पपड़ी ऐसी कुरकुरी कि छूने मात्र से 'साहित्यिक संगीत' पैदा हो। गजाधर बाबू ने समोसे को हाथ में लिया। वह उनके हाथ में ऐसे थिरक रहा था जैसे कोई नवजात शिशु।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 07 मार्च 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:47 सूर्यास्त 18:29
चैत्र मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - चतुर्थी 19:17 उपरांत पंचमी
नक्षत्र - चित्रा 11:16 उपरांत स्वाति
योग - वृद्धि 06:52 उपरांत ध्रुव
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण तुला में रहेगा।
मुस्लिम मास - रमजान मास 17 तारिख

**मेष-** नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय

**वृषभ-** परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए। अच्छा चलेगा।

**मिथुन-** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा।

**कर्क-** घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा।

**सिंह-** नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे।

**कन्या-** जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। खानपान पर नियंत्रण रखें।

**तुला-** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक-** कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। अपनी वस्तुएँ संभालकर रखें। दूसरों की जमानत न लें।

**धनु-** संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी। प्रयास की मात्रा के अनुसार लाभ की अधिकता रहेगी।

**मकर-** मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे।

**कुंभ-** धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है।सगे-संबंधी मिलेंगे। दूसरों की जमानत न लें।

**मीन-** बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी। व्यापार में कार्य का विस्तार होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

## समसामयिक

# खामनेई की मौत पर छाती पीटने वाले, निर्दोष भारतीयों की मौत पर मौन क्यों है?



अमेरिका इजरायल की संयुक्त कार्रवाई में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई की मृत्यु के बाद भारत सहित अनेक देशों में उनके समर्थकों द्वारा छाती पीट-पीटकर मातम मनाया जा रहा है और अमेरिका तथा इजराइल की आलोचना की जा रही है। किंतु प्रश्न यह है कि युद्ध हो या आतंकवाद, उसके घाव सदैव गहरे और त्रासद होते हैं। उनकी टीस लंबे समय तक जनमानस को व्यथित करती रहती है । ईरान के सुप्रीम लीडर के रूप में लगभग 36 वर्षों तक सत्ता में रहे खामनेई के शासनकाल में कितने निर्दोष लोगों ने दमन और कठोर नीतियों का सामना किया, यह किसी से छिपा नहीं है। क्या मातम मनाने वाले उनके समर्थकों को यह स्मरण है? जब किसी देश के नागरिक स्वयं अपने सर्वोच्च नेता की मृत्यु पर सड़कों पर उतरकर जश्न मनाते दिखाई दें, तो यह शासन और जनता के बीच गहरे असंतोष का संकेत देता है। ऐसे में भारत में शोक प्रकट करने वाले लोग आखिर किस मानसिकता का प्रतिनिधित्व करते हैं ?

ईरानी सुप्रीम खामनेई पर आरोप रहे कि उन्होंने महिलाओं की स्वतंत्रता पर कठोर प्रतिबंध लगाए । हिजाब को अनिवार्य करना और इस्लामी नियमों की कठोर व्याख्या के आधार पर सामाजिक जीवन को नियंत्रित करना उनकी नीतियों का हिस्सा रहा । आधुनिक युग में जब ईरान की महिलाओं और युवाओं ने स्वतंत्रता तथा समान अधिकारों की मांग उठाई, तब विरोध प्रदर्शनों को सख्ती से दबाया गया। अनेक अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने इन कार्रवाइयों की आलोचना की है । यह भी विचारणीय है कि जब भारत में आतंकी हमलों में निर्दोष नागरिक मारे गए, तब क्या इन शोक प्रकट करने वालों ने उतनी ही तीव्रता से संवेदना व्यक्त की ? यदि हम सचमुच मानवीय मूल्यों के पक्षधर हैं, तो हमारी संवेदनाएं चयनात्मक नहीं होनी चाहिए । हिंसा चाहे कहीं भी हो ईरान में या भारत में उसकी समान रूप से निंदा होनी चाहिए ।

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में स्थायी मित्र या शत्रु नहीं होते । कभी ईरान और इजरायल के संबंध सामान्य थे, किंतु वैचारिक टकराव और क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं ने उन्हें कट्टर विरोधी बना दिया। मध्य-पूर्व के कई देश, जैसे सऊदी अरब, बहरीन और कुवैत, भी इस तनावपूर्ण वातावरण से प्रभावित रहे हैं । निस्संदेह, किसी भी युद्ध की विभीषिका अत्यंत भयावह होती है। हुक्मरानों के अहंकार की कीमत अंततः आम नागरिकों, महिलाओं, बच्चों और सैनिकों को ही चुकानी पड़ती है। अतः किसी भी शासक की मृत्यु पर भावनात्मक प्रतिक्रिया देने से पूर्व उसके शासनकाल का समग्र और निष्पक्ष मूल्यांकन आवश्यक है । यदि हम वास्तव में मानवता के पक्षधर हैं, तो हमें हर निर्दोष की पीड़ा पर समान रूप से संवेदनशील होना चाहिए चाहे वह किसी भी देश या धर्म का क्यों न हो।



अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

# दही के साथ किशमिश का सेवन वरदान से कम नहीं, मिलते हैं कमाल के फायदे



आप सभी जानते हैं कि तली-भुनी चीजें सेहत के लिए बड़ी नुकसानदायक होती है। ऐसे में आप चाय के साथ मठ्ठी, समोसा, कचौड़ी और चाट-पकौड़ी जैसी पेट और हार्ट के लिए अनहेल्दी चीजों से हेल्दी चीजों पर स्विच कर सकते हैं। भोजन के साथ दही खाना हर किसी को खूब पसंद होता है। रायता और छाछ के रुप में लोग दही का सेवन अलग-अलग तरीके से करते हैं। दही खाने से पाचन क्रिया बढ़ती है। इससे त्वचा की चमक बनी रहती है। दही के साथ अगर किशमिश मिला ली जाए तो ये बहुत ही फायदेमंद होता है।

दही-किशमिश खाने का समय भी काफी मायने रखता है। इसलिए हेल्थ का पूरा फायदा लेना है तो ये जानना आवश्यक है कि हम इसका सेवन किस तरह और कब करें। दही और किशमिश का कॉम्बिनेशन। ये कॉम्बिनेशन न केवल पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है बल्कि कई अन्य स्वस्थ्य संबंधी परेशानियों से निजात दिलाने में मदद करता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए स्वस्थ खानपान का होना जरूरी है। क्योंकि हेल्दी डाइट से ही व्यक्ति का मानसिक और शारीरिक विकास संभव हो सकता है।

**दही**

एक्सपर्ट हमें हेल्दी लाइफस्टाल से जुड़े कई सुझाव देते हैं। इनके अनुसार, शरीर को स्वस्थ रखने के लिए कई ऐसे सुपरफूड होते हैं जो पाचन तंत्र के साथ कई अन्य स्वस्थ्य संबंधी समस्याओं को दूर कर सकते हैं। इन्हीं में एक है दही और किशमिश का कॉम्बिनेशन। ये कॉम्बिनेशन न केवल पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है बल्कि कई अन्य स्वस्थ्य संबंधी परेशानियों से निजात दिलाने में मदद करता है।

ये कॉम्बो बेड बैक्टीरिया को बेअसर करने में मदद करता है और गुड बैक्टीरिया के विकास को बढ़ावा देता है। इसके अलावा, इसके सेवन से आंतों में सूजन कम होती है, क्योंकि दही प्रोबायोटिक के रूप में कार्य करती है और किशमिश में सॉल्युबल फाइबर की भरपूर मात्रा होने के कारण ये प्रीबायोटिक के रूप में काम करती है।

### किराने का सामान

दही और किशमिश का कॉम्बिनेशन बालों को सफेद होने से रोकता है। एक्सपर्ट के अनुसार, आप दही और किशमिश का एकसाथ सेवन करके अपने बालों को सफेद और बेजान होने से रोक सकते हैं।

दही और किशमिश का ये हेल्दी कॉम्बिनेशन न केवल पीरियड्स के दर्द में आराम देता है बल्कि पीएमएस (प्रीमेंस्ट्रुअल सिंड्रोम) से निपटने में भी मदद करता है, जो महिलाओं के मासिक धर्म के दौरान सबसे आम समस्याएं हैं।

एक कटोरी में फुल-फैट गर्म दूध में किशमिश (ज्यादातर काली) और आधा चम्मच दही या छाछ मिलाकर इसका सेवन करें। ये रूखी त्वचा या त्वचा पर खुजली को ठीक करने में मदद करता है।

दही और किशमिश दोनों में कैल्शियम की उच्च मात्रा होती है। ये हड्डियों और जोड़ों को मजबूत बनाने के साथ बोन डेंसिटी को बढ़ाने में मदद करते हैं।

## धर्म-आस्था

# तिलक की परंपरा – आस्था, अनुशासन और आत्मस्मरण का प्रतीक

भारतीय जीवन पद्धति में अनेक ऐसी परंपराएँ हैं जो पहली दृष्टि में साधारण प्रतीत होती हैं, किन्तु उनके भीतर गहरा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अर्थ निहित होता है। स्नान के बाद माथा ढकना अथवा उस पर तिलक या सुगंध लगाना भी ऐसी ही एक परंपरा है। हमारे पूर्वज इस बात पर विशेष बल देते थे कि स्नान के बाद माथा खुला न रखा जाए और उस पर चंदन, कुंकुम अथवा सुगंध का तिलक अवश्य लगाया जाए। यह केवल धार्मिक आडंबर नहीं, बल्कि आस्था, आत्मसंयम और आत्मस्मरण की एक सूक्ष्म साधना है।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

भारतीय दर्शन में मानव शरीर को देवालय के समान माना गया है। जैसे मंदिर में देवत्व की उपस्थिति का सम्मान किया जाता है, वैसे ही शरीर को भी पवित्रता और सजगता के साथ संभालने की परंपरा रही है। शरीर के प्रत्येक अंग को जीवन के आधार स्तंभ के रूप में देखा गया है। जब शरीर को देवमंदिर माना गया है, तब उसके प्रति श्रद्धा और पवित्रता का भाव स्वाभाविक रूप से विकसित होता है। स्नान के पश्चात माथे पर तिलक या सुगंध लगाना उसी भावना की अभिव्यक्ति है।

माथे का मध्य भाग भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में विशेष महत्व रखता है। दोनों भौंहों के बीच स्थित स्थान को चेतना और एकाग्रता का केंद्र माना गया है। जब इस स्थान पर चंदन, कुंकुम या अष्टगंध का तिलक लगाया जाता है, तो यह केवल बाहरी चिह्न नहीं रहता, बल्कि मन को स्थिर और शांत करने का एक माध्यम भी बनता है। सुगंधित द्रव्यों की प्रकृति शीतल और संतुलित मानी गई है, जो मन को शांति प्रदान करती है और व्यक्ति को संयमित बनाए रखने में सहायक होती है।

तिलक का एक सामाजिक और नैतिक पक्ष भी है। माथे पर तिलक लगाने वाला व्यक्ति अनायास ही अपने आचरण के प्रति सजग हो जाता है। उसे निरंतर यह स्मरण रहता है कि वह ईश्वर की उपस्थिति में है और उसके प्रत्येक कर्म का साक्षी कोई अदृश्य शक्ति है। यह भाव व्यक्ति को अनुशासन, मयार्दा और सदाचार की ओर प्रेरित करता है। जब मन में यह विश्वास होता है कि ईश्वर हमारे भीतर ही विराजमान हैं, तब जीवन के प्रत्येक कार्य में पवित्रता और जिम्मेदारी का भाव स्वतः जागृत होता है।

भारतीय समाज में तिलक का उपयोग केवल व्यक्तिगत साधना तक सीमित नहीं रहा। शुभ अवसरों पर अतिथियों का स्वागत तिलक से किया जाता है, विजय प्राप्त करने वाले का अभिनंदन तिलक से किया जाता है और परिवार में मंगल कार्यों के समय भी यह परंपरा निभाई जाती है। बहनें भाइयों को तिलक लगाकर उनके दीघार्यु और कल्याण की कामना करती हैं। इसी प्रकार नए भवन, नए कार्य और नए आरंभ के समय भी तिलक और सुगंध के माध्यम से शुभता का आह्वान किया जाता है।

तिलक के पीछे औषधीय और व्यावहारिक कारण भी बताए गए हैं। चंदन, हल्दी, कुंकुम और अष्टगंध जैसे पदार्थों में स्वाभाविक रूप से शीतलता और सुगंध होती है। ये पदार्थ मन को शांत रखने, मस्तिष्क को संतुलित बनाए रखने और वातावरण में पवित्रता का अनुभव कराने में सहायक माने गए हैं। यही कारण है कि संत, आचार्य, प्रवचनकर्ता और साधक प्रायः चंदन अथवा अष्टगंध का तिलक धारण करते हैं, जिससे उनके व्यक्तित्व में एक पवित्र आभा का अनुभव होता है। समय के साथ जीवनशैली में परिवर्तन अवश्य आया है, परंतु परंपराओं के पीछे छिपे मूल भाव आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। तिलक केवल माथे पर लगाया जाने वाला चिह्न नहीं, बल्कि यह अपने भीतर स्थित दिव्यता को स्मरण करने का प्रतीक है। यह हमें यह याद दिलाता है कि जीवन केवल भौतिक उपलब्धियों का नाम नहीं, बल्कि आत्मिक जागरूकता और नैतिकता की यात्रा भी है।

इसलिए स्नान के बाद माथे पर तिलक या सुगंध लगाने की परंपरा को केवल बाहरी रस्म समझकर त्याग देना उचित नहीं होगा। यदि इसके पीछे छिपे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अर्थ को समझा जाए, तो यह परंपरा हमें अपने भीतर के ईश्वर का स्मरण कराते हुए जीवन को अधिक संयमित, पवित्र और सार्थक बनाने की प्रेरणा देती है। यही इसकी वास्तविक महत्ता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1831-2729 चना काबली- 4000-4801, चना बड़ा- 2401-5411, रायड़ा- 5445, बलटा- 3601, सोयाबीन- 2027-5851, मसूर- 5091-5976 तिल्ली- 8290, धनिया- 7500 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,63,400, रवा- 1,63,300 चांदी- टंच- 2,68,000 पाट- 2,67,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## गेहूं पंजीयन के लिए किया किसानों से आग्रह

**सुसनेर।** स्थानीय मार्केटिंग सोसायटी के अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह काँवल ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में किसान हितैषी मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व एवं खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति मंत्री गोविंदसिंह राजपूत के मार्गदर्शन में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने हेतु किसानों का पंजीयन विगत 7 फरवरी 2026 से निरंतर जारी है। उक्त कार्य आगामी 7 मार्च 2026 तक किया जाएगा। मार्केटिंग अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह काँवल ने पंजीयन कराने से जो वंचित रहे किसान भाइयों से आग्रह किया कि वो अनिवार्य रूप से अंतिम समय में अपना पंजीयन करा लेवे। इस वर्ष गेहूं का एमएसपी ?2585 प्रति क्विंटल निर्धारित है। किसान अपने नजदीकी केंद्र, एमपी ऑनलाइन या सीएससी के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। गेहूं पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च 2026 है। जिसमें मात्र एक दो दिवस बचे हैं आप सभी पंजीयन से वंचित किसान आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नंबर, समग्र आईडी, और खसरा/भूमि के दस्तावेज सहकारी समितियों, विपणन सहकारी संस्थाओं, या सीएससी/एमपी ऑनलाइन केंद्रों पर जाकर अपना पंजीयन करा लेवे।

## खेड़ापति हनुमान मंदिर पर धधकते अंगारों पर भक्त चले



**खाचरौद।** नगर के प्राचीन मंदिर श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर प्रतिवर्षोर्नुसार चुल का आयोजन किया गया। मंदिर में लगभग 100 वर्षो से यह परंपरा चली आ रही है। चुल शाम को 7 बजे हवन पुजन कर प्रारंभ की गई। मंदिर पर यह परंपरा श्री 1008 मंगलदासजी महाराज के दिवंगत होने पर उनके शिष्य प्रहलाद गुरू द्वारा आयोजन विधिविधान से किया गयां। नगर के सैकड़ो भक्तो की आस्थाा इस चुल से निकलने से पहले अपनी मनोकामना कर प्रारंभ की जाती रही है। मंदिर में सच्चे भाव से मांगी गई मनोकामना कर चुल के धधकते अंगारो पर चलकर हनुमान जी के मंदिर पर नारीयल चढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। इस आयोजन के हजारो भक्त साक्षी रहते है।

## पुलिस विभाग ने होली के अगले दिन अपने परिवार के साथ होली पर्व मनाया



**खाचरौद।** नगर में होली पर्व पर प्रशासनिक ड्युटी समाप्त होने पर पुलिस विभाग द्वारा होली पर्व धुमधाम से मनाया गया। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आंकाक्षा बैछोटे के निवास पर नगर की महिला वर्ग द्वारा फाग उत्सव रंग गुलाल लगाकर भजनो के साथ होली मनाई गई। सभी पुलिस विभाग द्वारा होली ढोल के थाप पर खुब थिरके और होली के रंगबिरंगे रंग में रंग गये।

## सुठालिया-मऊ पुलिस ने किया चोरी की 10 मोटरसाइकिल सहित 5 लाख का माल जब्त

**ब्यावरा।** पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित कुमार तोलानी तथा एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सुठालिया (मऊ) उनि अनिल राहोरिया एवं पुलिस बल ने कार्यवाही की, थाना सुठालिया (मऊ) के बीएनएस एवं बीएनएस में आरोपी प्रकाश पिता मोहर सिंह भील 22 वर्ष निवासी भगवानपुरा लटेरी जिला विदिशा को गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ कर तस्दीक की, जिसमें आरोपी के द्वारा बताए स्थान पारसाना, शंभुपुरा, कालाजी बाग जंगल शंभुपुरा एवं ग्राम दुर्गपुरा से चोरी की गई 10 मोटरसाइकिलें जप्त की, उक्त मोटरसाइकिलों में से थाना सुठालिया (मऊ) से 02 मोटरसाइकिलें जप्त की गईं एवं शेष 08 मोटरसाइकिलें चोरी की होना पाई जाने से जप्त कर इस्तगासा बीएनएस तैयार किया। आरोपी प्रकाश भील को न्यायालय में पेश किया। प्रकरण में आरोपी संतोष पिता जगदीश लोधी एवं फूल सिंह पिता भागीरथ लोधी निवासी दुगार्पुरा फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

## क्रोध करना अधर्म है , क्षमा करना धर्म है

**महिदपुर।** स्थानीय श्री शांतिनाथ आराधना भवन में गुरुवार को एक धर्म सभा को संबोधित करते हुए धर्मदास गणनायक आगम विशारद,पूज्य प्रवर्तक श्री जिनेंद्र मुनिजी म.सा.ने कहा कि जो आत्मा क्षमा का भाव रखती है ,उसके नए कर्मों का बंध नहीं होता है। आत्मा में जितनी सहनशीलता, सहिष्णुता एवं शांति आती है वह क्रोध और मोहनीय कर्म को जीत लेती है । यदि क्रोध पर विजय प्राप्त करना है तो जीवन में शांति रखकर सहनशील बनने का प्रयास करें। ज्ञानी कहते हैं कि क्रोध करना आत्मा का गुण नहीं,स्वभाव है।

मनमोहक प्रस्तुतियों के बीच मना गौरव दिवस

# शुजालपुर नगर विकास के लिए मुख्यमंत्री ने की 5 करोड़ की घोषणा, प्रतिभाओं का सम्मान भी किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर




नगर पालिका परिषद शुजालपुर की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर नगर पालिका परिषद ने गुरूवार को गौरव दिवस मनाते हुए सिटी बस स्टेंड पर शताब्दी समारोह का आयोजन किया। समारोह में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार मौजूद रहे तो वर्चुअल रूप से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी समारोह को संबोधित करते हुए स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर नागरिकों को बधाई दी। साथ ही नगर विकास के लिए 5 करोड़ रुपए दिए जाने की घोषणा की। जिसमें 3 करोड़ से नगर पालिका के नवीन भवन निर्माण व 2 करोड़ रुपए वार्डो के विकास कार्य के लिए दिए गए। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में शुजालपुर अनाज मंडी की सरहाना की। नपा अध्यक्ष बबीता परमार ने उपस्थितजनों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री से शहर में गौशाला निर्माण, नवीन बस स्टेंड के लिए भूमि आवंटन एवं नेवज नदी के बामन घाट पर लाए जाने वाले नर्मदा के जल की व्यवस्थाओं के लिए बजट प्रदान करने की मांग की। समारोह में पूर्व ऊर्जा मंत्री विजेन्द्र सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराजसिंह सिसोदिया, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक नायक, जिला महामंत्री विजय सिंह बैस, विवेकानंद बैंक अध्यक्ष डॉ. विजयसिंह खीची, योगेन्द्रसिंह बंटी बना, डॉ. सी व्ही मिश्रा, डॉ. एसएन गुप्ता सहित कलेक्टर ऋजु बाफना, एसपी यशपालसिंह आदि विशेष रूप से मौजूद रहे। उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने नगर गौरव दिवस पर नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि सबके विश्वास और प्रयास से शुजालपुर को नई पहचान मिल रही है और आने वाले समय में सभी के सहयोग से शुजालपुर विकास की एक नई गाथा के साथ मध्यप्रदेश में अपना स्थापना बनाएगा। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र परमार व कपिल व्यास से किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले नागरिकों का सम्मान किया गया।

### छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुति

नगर पालिका के गौरव दिवस के उपलक्ष्य में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर शुजालपुर शहर की बहनों द्वारा अत्यंत मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में छात्राओं की प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम में संरक्षक सरिता यादव एवं मेघा राजपूत का मार्गदर्शन रहा। प्रस्तुति के पश्चात उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार एवं नगर पालिका अध्यक्ष बबीता परमार द्वारा मंच पर बहनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के उन छात्रों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने सत्र 2024-25 में कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। सभी विद्यार्थियों को शील्ड एवं जटाशंकर महादेव की स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

पुलिस लाईन में आयोजित हुआ पुलिस का होली मिलन समारोह

# पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर दीं होली की बधाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना



पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में गुना पुलिस लाईन में गुरुवार को प्रातः होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, एसडीएम श्रीमती शिवानी पाण्डेय, डीएसपी मुख्यालय जमीलउद्दीन सिद्दीकी, एसडीओपी राघौगढ़ श्रीमति दीपा डोडवे, एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना, रक्षित निरीक्षक श्रीमति पूजा उपाध्याय सहित जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई देते हुये हर्षोल्लास से होली खेली गई।

इस मौके पर एसपी अंकित सोनी ने कहा कि त्यौहार कोई भी हो पुलिस के सामने उन्हें शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना हमेशा चुनौती रहती है। इसी के चलते रंगों के त्यौहार इस होली पर्व पर जिले में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मुस्तैदी का ही परिणाम रहा कि गुना शहर ही नहीं बल्कि पूरे जिले में आमजन के द्वारा होली का पर्व पूरे उमंग, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान कहीं कोई विवाद की स्थिति नहीं बनी, न ही कोई गंभीर घटना घटित हुई। जब सभी लोग अपने अपने त्यौहार अपने घर और परिवार के बीच मनाते हैं तब पुलिस उनकी सुरक्षा में तैनात रहती है, सुरक्षा व्यवस्था में लगे होने से पुलिस बल के होली का त्यौहार नहीं मना पाने से गुना पुलिस अधीक्षक श्री सोनी द्वारा भाईदूज के मौके पर पुलिस लाईन में जिले के समस्त पुलिस फोर्स के लिये होली मिलन समारोह आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये।

## स्कूल के विवाद में चाकू मारा

**शुजालपुर।** शहर स्थित सांदीपनि विद्यालय के दो छात्रों पर स्कूल में हुए पुराने विवाद को लेकर चाकू मारा गया। यह हमला सिटी थाना क्षेत्र के पचोर रोड पर होना बताया गया। मिली जानकारी अनुसार प्रिंस जाटव एवं श्रेयांश पुरबिया निवासी चितोडा पर बुधवार की सुबह नाबालिक आरोपियों ने चाकू से जानलेवा हमला किया, जिससे श्रेयांश को कमर में और प्रिंस को कोहनी में चोटे आई, दोनों घायल छात्रों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार घायलों व नाबालिग आरोपियों के बीच पूर्व में विवाद हुआ था, इसी के चलते रंजीशवश हमला किया गया। पुलिस ने दोनों नाबालिग आरोपियों को पकड़ लिया।

## लेवे को दी श्रद्धांजलि

**शुजालपुर।** पाटीदार समाज शैक्षणिक न्यास शुजालपुर के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व कोषाध्यक्ष रामचरण लेवे का गत दिवस निधन हो गया, उनकी शव यात्रा में बडी संख्या में जनप्रतिनिधियों व समाजजनों ने शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। लेवे का अंतिम संस्कार गायत्री परिवार के सदस्यों ने विधि विधान से करवाया। लेवे के निधन पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार, सरदार पटेल विद्यापीठ शुजालपुर के संस्थापक अध्यक्ष हरिचरन मंगलावत, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक नायक, आलोक खन्ना, बेजनाथ पाटिल, मांगीलाल लेवे, भागीरथ प्रसाद सिसोदिया आदि ने श्रद्धांजलि दी।

आग के अंगारों पर निकले मन्नतधारी भक्त

## भक्ति, आस्था और विश्वास का अद्भुत संगम

**बड़नगर।** होली के पावन पर्व पर बड़नगर तहसील के ग्राम खरसोद कला में आस्था, विश्वास और भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब मन्नतधारी श्रद्धालु जलते हुए अंगारों पर नंगे पांव चलकर अपनी अटूट श्रद्धा का परिचय देते नजर आए। पूरा वातावरण हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा और गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा। जानकारी के अनुसार, समीपस्थ ग्राम खरसोद कलामें प्रतिवर्ष धुलेंटी के दिन शाम लगभग 5 बजे चुल कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी परंपरा के अनुसार विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद यह आयोजन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। ग्रामीणों के अनुसार यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है और गांव की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। मन्नतधारी श्रद्धालु दिनभर उपवास रखकर भगवान शिव की आराधना करते हैं। हाथ में जल से भरा लोटा लिए, घड़ियाल बजाते हुए और शिव नाम का जप करते हुए भक्त जलते हुए लकड़ियों के बड़े-बड़े अंगारों पर चलते हैं। आग की तेज लपटों और तपते अंगारों के बीच भी श्रद्धालुओं का विश्वास अडिग दिखाई देता है। भक्त अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए फुलेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना करते हैं और महादेव से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

कानड़ में जल्द ही कॉलेज की भी शुरूआत होगी विधायक गहलोत

# अतिरिक्त कक्ष एवं लेब निर्माण सहित 70 लाख के निर्माण कार्य का भूमि पूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ कानड़

नगर के शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को अतिरिक्त कक्ष एवं लेब निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया।

विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि विद्यालय को अतिरिक्त कक्ष एवं प्रयोगशाला निर्माण के लिए कुल 70 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है, जिससे छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकेंगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक मधु गेहलोत रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने की। इस अवसर पर नप अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी, मंडल अध्यक्ष अंतरसिंह सिंह दौलतपुर, जिला मंत्री कविता शर्मा, भूपेंद्र सिंह दरबार, पार्षद विजयलक्ष्मी माली, जनपद सदस्य सुंदरलाल यादव, दिनेश अंकल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विधायक मधु गेहलोत का स्वागत प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ओम मालवीय का स्वागत विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया गया। जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य हो रहे हैं और इसी क्रम में विद्यालय के लिए राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रयोगशाला में सीखकर वे नगर, जिले और प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और भारत शांति व भाईचारे का संदेश देने वाला देश हे। जहां सभी समुदाय मिल-जुलकर त्योहार मनाते हैं।विधायक मधु गेहलोत ने कहा कि कानड़ में जल्द ही कॉलेज की शुरूआत भी होगी इसको लेकर हम प्रयासरत है ताकि क्षेत्र में शिक्षा का स्तर और बेहतर हो सके। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि क्षेत्र के 11 छात्र और 11 छात्राओं, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उन्हें इंदौर के अच्छे संस्थान में एमपीपीएससी और यूपीएससी की तैयारी कराने में सहयोग दिया जाएगा। पढ़ाई का खर्च वे वहन करेंगी, जबकि भोजन ओर अन्य की व्यवस्था अभिभावकों को करनी होगी। इसके लिए विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यालय का स्टाफ, छात्राएं एवं नगर के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## भाजपा कार्यकारिणी घोषित, पदाधिकारियों का किया स्वागत

**सुसनेर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल व संभाग प्रभारी सांसद लता वानखेड़े, प्रदेश मंत्री एवं आगर जिला प्रभारी जयदीप पटेल, सांसद रोडमल नागर, जिलाध्यक्ष ओम मालवीय एवं वरिष्ठ नेतृत्व की अनुशंसा पर सुसनेर मण्डल अध्यक्ष डॉ सौरभ जैन ने मण्डल कार्यकारिणी की घोषणा बुधवार शाम को कर दी है। नई कार्यकारिणी में 6 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 6 मंत्री, एक कार्यालय मंत्री, 2 सह कार्यालय मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, 2 सह कोषाध्यक्ष, 1 मीडिया प्रभारी व सह प्रभारी, 1 सोशल मीडिया प्रभारी व सह प्रभारी व 1 आईटी सेल प्रभारी सहित कुल 25 पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौपी गई है। जिसमें कल्याण सिंह, अभय जैन, पीरू सिंह सारखा, जसवंत सिंह पालड़ा, मानसिंह गुराड़ी, कमल भावसार को उपाध्यक्ष, लखन सेन व बनास कुंवर कालूसिंह चौहान को महामंत्री गोपाल सिंह, जितेंद्र सिंह राजपूत, हेमराज जाट, कमलसिंह सेमली, सिद्धू सिंह पटपडा, दुगार्बाई विक्रम चौहान को मंत्री, दिनेश कानुडिया कोषाध्यक्ष, ईश्वर सिंह पटेल व गोपाल पाटीदार को सह कोषाध्यक्ष, अनिल जैन कार्यालय मंत्री, नारायण सिंह कलारिया व मनोज सुमन को सह कार्यालय मंत्री, दीपक जैन को मीडिया प्रभारी व स्नेहा युगल किशोर परमार को सह मीडिया प्रभारी, यशवंत बैरागी सोशल मीडिया प्रभारी, सह सोशल मिडिया प्रभारी सिया भावसार व आईटी सेल प्रभारी कार्तिक शर्मा को बनाया गया है।

## शेख सलीम टेलर का इनतकाल

**तराना।** काजी चोक निवासी शेख राशिद टेलर के छोटे भाई शेख सलीम टेलर (57) का इंतकाल हो गया है। जिनका जनाजा गुरुवार रात 09:45 बजे निकाल गया। जिससे समाज जन,रहवासी परिजन आदि शामिल हुए।छबनिया बढ़ कब्रिस्तान में सुपुर्दे- खाक किया गया।

## शिक्षाविद्, सराफा व्यवसायी चांदमल मेहता का देवलोकगमन



**महिदपुर।** नगर के जैन समाज के वरिष्ठ सुश्रावक, शिक्षाविद् एवं सराफा व्यापारी चांदमल मेहता का 87 वर्ष की उम्र में देवलोकगमन होने से नगर में शोक फैल गया। स्वनिवास से निकली अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन, जनप्रतिनिधिगण, व्यापारी एवं अनेक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। सत्या शांति में उनके बड़े पुत्र विरेन्द्र मेहता एवं परिवारजन ने अग्नि संस्कार किया। तत्पश्चात आयोजित शोक सभा में समाजसेवी जैनेन्द्र खेमसरा ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। नगर के पत्रकार जगत से वरिष्ठ पत्रकार शांतिलाल छजलानी ने उनके जीवन के अनछुए पहलू को उजागर करते हुए उनके अमूल्य योगदान को सराहा। त्रिस्तुतिक श्रीसंघ पारस लुणावत, ललित नासकावाला, सरदारमल चैपड़ा, आशीष सकलेचा, अनिल आंचलिया, अशोक नवलखा ने श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा का संचालन समाजसेवी जैनेन्द्र खेमसरा ने किया।

## थाने पर पुलिस वालों ने खेली होली



**महिदपुर रोड।** गुरुवार को महिदपुर पुलिस थाना परिसर में थाना प्रभारी सहित पूरे स्टाफ ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली खेली तथा होली के गीतों पर मस्ती से नाचे इस दौरान थाना प्रभारी राम सिंह भाभौर एस आई प्रेम मालवीय रविंद्र सिंह बैस तथा पुलिस थाने का पूरा स्टाफ मौजूद रहा होली दहन की रात्रि से ही पुलिस थाने का पूरा स्टाफ दिन रात नगर सहित थाना क्षेत्र के सभी गांव में लगातार अगस्त में व्यस्त रहा था होली धूलैडी का पर्व कुल मिलाकर पूरे थाना क्षेत्र में शांतिपूर्वक गुजर जाने से पूरे स्टाफ ने तनाव मुक्त होकर खुशी का प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को होली खेली।


### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार श्रीमती किरण यादव पति स्व. अजय यादव द्वारा दी गई जानकारी व निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 200 रकबा 4890 हेक्टेयर पटवारी हलका नंबर 71 पुराना नया नंबर 37 स्थित ग्राम चंदेसरा तहसील व जिला उज्जैन के द्वारा दिनांक 08.02.2023 को निष्पादित विक्रय पत्र के माध्यम से रौनक बोहरा पिता पवन बौहरा के द्वारा क्रय की गई थी। उक्त भूमि का सम्पूर्ण विक्रय मूल्य रौनक बोहरा के द्वारा मेरे पक्षकार को अदा नहीं किया गया है तथा रौनक बोहरा द्वारा भी उक्त भूमि को अन्यत्र विक्रय कर दिया गया है। जिस कारण मेरे पक्षकार ने उक्त भूमि के संबंध में एक व्यवहार वाद किरण यादव विरूद्ध रौनक बोहरा आदि के नाम से श्रीमान सप्तम जिला न्यायाधीश महोदय उज्जैन के समक्ष प्रस्तुत किया है जो विचाराधीन है। ऐसी दशा में कोई भी व्यक्ति/बैंक/संस्था/निकाय उक्त भूमि के संबंध में कोई भी संव्यवहार/क्रय विक्रय/दान/अंतरण ना करे। यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/बैंक/निकाय द्वारा उक्त भूमि के संबंध में संव्यवहार किया जाता है तो ऐसा संव्यवहार प्रकरण के विचाराधीन रहने की दशा में अवैधानिक होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगा तथा जिसके समस्त हर्जे-खर्चे व परिणामों की जिम्मेदारी संव्यवहारकर्ता की रहेगी। इतिदिनांक :- 6.3.26

**धर्मेन्द्र बागेला हाईकोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय- 119, प्रथम तल नवकार पेराडाईज देवास रोड, उज्जैन मोबा. 9993277786, 7999494314**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार उमंग यादव पिता श्री दिलीप यादव उम्र 25 वर्ष व्यवसाय व्यापार निवासी 174/1 निकास चौराहा, उज्जैन ने भूमि स्वामि कैलाश चौधरी पिता श्री रामसिंह चौधरी उम्र 68 वर्ष व्यवसाय कृषि निवासी ग्राम नानाखेडी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 68/1/2/1 रकबा 0.20 हेक्टर व सर्वे नंबर 278/370/1 रकबा 0.05 हेक्टर कुल कीता 2 कुल रकबा 0.25 हेक्टर लगानी बरूए रेट स्थित ग्राम नानाखेडी तहसील घटिटया जिला उज्जैन में स्थित है को मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध किया हैं और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं।

इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा दशा में आपत्ति की निर्धारित अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगीं व किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांकः 06-03-2026 उज्जैन

**आशीष भदौरिया एडव्होकेट**
**कार्यालय 2, द्रविड मार्ग, कुशलपुरा, उज्जैन मोबा. 99812-60727**

### जाहिर सूचना

**कृषि भूमि सर्वे क्र. 72/1/1 रकबा 0.1800 हें तथा आवासिय भूखण्ड कमांक 71 बी भूखण्ड संख्या 119 पी क्षेत्रफल 64 वर्ग मीटर, ग्राम पिपल्याबीछा तह. उज्जैन व जिला उज्जैन के सबंध में**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त वर्णित कृषि भूमि एवं उक्त आवासिय भूखण्ड मेरे पक्षकार के द्वारा कृषि भूमि स्वामी पीरीया उर्फ पीरूलाल पिता केशा जाति बागरी व भूखण्ड स्वामी श्रीमती रामकुंवरबाई पति पीरूलाल निवासीगण ग्राम पिपल्याबीछा तह. व जिला उज्जैन से विधिवत क्रय करने का अबंधपत्र संपादित किया गया है तथा बयाना राशि अदा कर दी गई है तथा विक्रय पत्र का संपादन होना शेष है।

यदि उक्त कृषि भूमि एवं भूखण्ड पर किसी व्यक्ति संस्था, बैंक का कोई ऋण भार बोझ आदि बकाया हो या अन्यथा भारीत हो या किसी दीगर व्यक्ति को उक्त सम्पत्ति के विक्रय पर कोई विधिक आपत्ति हो या अन्यथा कोई हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन की अवधि में मेरे कार्यालय में लेखी में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद अवधि मेरा पक्षकार उक्त भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र अपने हित में निष्पादित करवाने हेतु स्वतंत्र रहेगा एवं नियत अवधि पश्चात कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधकारी नही रहेगी सूचित हो।

इति दिनांक :- 06.03.2026

**गणेश कुमावत, अश्विन कुमावत अधिवक्तागण**
**कार्यालय - भार्गव काम्पलेक्स तीन बत्ती चौराहा फ्रीगंज उज्जैन मो. 9827381808, 9200092666**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी रंजना कुंवर पति श्री शिवपालसिंह जी पंवार, निवासी- 73, पुरानी आबादी, ग्राम मालीखेड़ी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि एवं अपने हक हिस्से की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 71 रकबा 0.240 हेक्टर, सर्वे नम्बर 333 रकबा 0.520 हेक्टर, सर्वे नम्बर 334/2 रकबा 0.120 हेक्टर, सर्वे नम्बर 344/1 रकबा 0.210 हेक्टर, सर्वे नम्बर 344/2 रकबा 0.200 हेक्टर, सर्वे नम्बर 347 रकबा 1.520 हेक्टर, सर्वे नम्बर 371 रकबा 2.320 हेक्टर, सर्वे नम्बर 372 रकबा 2.990 हेक्टर, कुल किता 08 कुल रकबा 8.120 हेक्टर भूमि मे से रकबा 1.624 हेक्टर भूमि, ग्राम- सनावद तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है, उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से बयाना राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो। इतिः दिनांक-05/03/2026, उज्जैन

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-D-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन, मोबाईल नम्बर- 94248 78460**

## न्यूज कॉलम

### आरपीएफ-जीआरपी जवानों पर मारपीट का आरोप, एक जवान भी घायल

**जबलपुर/कटनी।** मध्य प्रदेश के कटनी के कोतवाली थाना क्षेत्र में रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) और शासकीय रेल पुलिस (जीआरपी) जवानों पर स्थानीय लोगों से मारपीट का आरोप लगा है। बैलट घाट क्षेत्र की महिलाओं और रहवासियों ने जवानों पर नशे की हालत में मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इस घटना की खबर जबलपुर में रेल एसपी व आरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह घटना 5 मार्च गुरुवार देर शाम की है। बस्ती के पास एक पेड़ के नीचे कुछ युवक नशा कर रहे थे। इसी दौरान आरपीएफ और जीआरपी के दो जवान वहां पहुंचे, जिससे युवकों से उनका विवाद हो गया और मारपीट शुरू हो गई। बताया गया कि शुरूआती विवाद के बाद दोनों जवान मौके से चले गए, लेकिन कुछ देर बाद आरपीएफ और जीआरपी के सात से आठ जवान दोबारा वहां पहुंचे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन जवानों ने लोगों के साथ मारपीट की। इस दौरान एक युवक के साथ मारपीट की गई, और उसे बचाने पहुंची उसकी बहन को भी चोटें आईं। रहवासियों ने यह भी आरोप लगाया है कि मारपीट करने वालों की तलाश में जवान घरों में घुस गए और वहां भी लोगों से मारपीट की। घटना के बाद करीब आधा सैकड़ा स्थानीय लोग कोतवाली थाने पहुंचे और आरोपी जवानों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा किया।

### जस्टिस धर्माधिकारी मद्रास हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस नियुक्त, एमपी हाईकोर्ट में भी पदस्थ रहे

**जबलपुर।** एमपी हाईकोर्ट में रहे जस्टिस धर्माधिकारी मद्रास हाईकोर्ट के अगले चीफ जस्टिस होंगे। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की अनुशंसा के बाद गुरुवार को केंद्र के विधि एवं न्याय मंत्रालय ने उनकी नियुक्ति का नोटिफिकेशन जारी किया। इसके साथ ही वे मप्र हाईकोर्ट से अन्य राज्यों में चीफ जस्टिस बनने वाले 17वें न्यायाधीश बन गए हैं। 8 जुलाई 1966 को रायपुर में जन्मे जस्टिस धर्माधिकारी का अपॉइंटमेंट मद्रास हाईकोर्ट के मौजूदा चीफ जस्टिस मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव के रिटायरमेंट के दिन 5 मार्च को हुआ है। 8 जुलाई, 1966 को रायपुर में जन्मे जस्टिस धर्माधिकारी ने 1992 में अपना लीगल करियर शुरू किया। उन्होंने दो दशकों से ज्यादा समय तक मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में प्रैक्टिस की, जिसमें सिविल, क्रिमिनल और कॉन्स्टिट्यूशनल मामले में सटीक पैरवी की। जज बनने से पहले जस्टिस सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में करीब 24 साल तक वकील के रूप में काम किया। अप्रैल 2025 में केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर बताया था कि भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श के बाद राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 222 के तहत उनके तबादले को मंजूरी दे दी है। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर जारी बयान में कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 20 मार्च, 24 मार्च और 3 अप्रैल 2025 को हुई बैठकों में जस्टिस सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट से केरल हाई कोर्ट में स्थानांतरित करने की सिफारिश की थी।

### बंगाल एसआईआर- ममता बनर्जी कोलकाता में धरने पर बैठी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कोलकाता में वोटर रोल से नाम हटाने के खिलाफ धरना शुरू किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पोस्ट-एसआईआर प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची से मनमाने तरीके से नाम हटाए जा रहे हैं। कोलकाता के एस्प्लेनेड मेट्रो चैनल पर शुरू हुए इस विरोध के दौरान ममता बनर्जी ने कहा कि बीजेपी और चुनाव आयोग बंगाली मतदाताओं को वोट देने से रोकने की साजिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे इस साजिश को बेनकाब करेंगी। टीएमसी प्रमुख ने आरोप लगाया कि संशोधित वोटर सूची में कई मतदाताओं को गलत तरीके से मृत घोषित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को वे धरना स्थल पर लाकर दिखाएंगी, जिन्हें चुनाव आयोग ने मृतक के रूप में दर्ज कर दिया है। यह धरना दोपहर करीब 2.15 बजे शुरू हुआ। प्रदर्शन राज्य में चुनाव आयोग के पूरे दल के प्रस्तावित दौरे से दो दिन पहले हो रहा है। इसकी घोषणा पहले टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने की थी। 28 फरवरी को चुनाव आयोग ने पोस्ट-एसआईआर के बाद संशोधित वोटर लिस्ट जारी की थी। इसके बाद सत्तारूढ़ टीएमसी और चुनाव आयोग के बीच टकराव तेज हो गया है। चुनाव आयोग वोटर लिस्ट का स्पेशल इंटेसिव रिविजन राजनीतिक मकसद से कर रहा है। हटाए गए नामों में अल्पसंख्यक समुदाय, प्रवासी मजदूर और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग ज्यादा प्रभावित हुए हैं।

### दमोह में वीभत्स घटना : नरभक्षी ने नाबालिग की हत्या कर मांस खाया

**दमोह।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले के देहात थाना क्षेत्र के समन्ना गांव में गुरुवार दोपहर एक ऐसी सनसनीखेज घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को दहला दिया। यहां एक सिरफिरे आरोपी ने 16 वर्षीय किशोर की लोहे की रॉड और हथौड़े से हत्या कर दी और इसके बाद उसके शरीर से मांस निकालकर खाने व खून पीने जैसी वीभत्स हरकत की। घटना के बाद गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल बन गया। इमलिया चौकी क्षेत्र के अर्थखेड़ा गांव का रहने वाला भरत विश्वकर्मा 16 वर्ष अपनी बहन तमन्ना के घर समन्ना गांव भाईदूज का टीका लगवाने आया था। टीका लगवाने के बाद जब वह बाइक से वापस लौट रहा था, तभी गांव के ही गुड्डा पटैल ने उस पर हमला कर दिया। बताया गया है कि आरोपी ने पहले लोहे की रॉड से भरत के सिर पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद आरोपी पास से लोहे का हथौड़ा लाया और उसके सिर पर लगातार वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी ने हत्या के बाद किशोर के सिर से मांस निकालकर खाया और हाथों में खून भरकर पी लिया। इस भयावह दृश्य को देखकर गांव के लोग दहशत में आ गए। जब ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की तो वह मौके से भागकर गांव के पास एक खेत में जा छिपा।

### ईरान ने 22वीं बार इजराइल पर मिसाइलें दागी कुवैत में अमेरिकी मिलिट्री बेस पर भी हमला

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज सातवां दिन है। ईरान ने इजराइल के खिलाफ मिसाइलों की 22वीं खेप दागी है। साथ ही कुवैत में मौजूद अमेरिकी सैन्य बेस को सुसाइड ड्रोन से निशाना बनाकर हमला करने का दावा किया है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 की 22वीं लहर के तहत इजराइल के कब्जे वाले क्षेत्रों के अंदरूनी हिस्सों को निशाना बनाया गया। इस दौरान खोर्रमशहर-4, खैबर और फत्ताह जैसी उन्नत मिसाइलें दागी गईं। दूसरी ओर ईरानी सेना ने कहा कि उसके जमीनी बलों ने कुवैत में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बड़े पैमाने पर सुसाइड ड्रोन से हमला किया। ईरानी सरकारी टीवी के मुताबिक कई विनाशकारी ड्रोन अमेरिकी बेस की ओर भेजे गए। ईरानी सेना ने कहा कि आने वाले समय में भी ऐसे हमले जारी रहेंगे। ट्रम्प ने खामेनेई के बेटे को उनका उत्तराधिकारी मानने से इनकार किया। अमेरिका-इजराइल हमलों में ईरान में 1332 लोगों की मौत। ईरान में अब तक 1300 हमले हुए, 14 मेडिकल सेंटर निशाना बने। ईरान में कई जगह पानी और बिजली सप्लाई ठप हुई। इजराइल ने ईरान के 300 मिसाइल लॉन्चर तबाह किए। ईरान बोला- कुवैत-बहरीन और यूएई में 20 अमेरिकी बेस को नुकसान हुआ।

## सीएम डॉ. मोहन यादव ने गेहूं खरीदी के पंजीयन के लिए 10 मार्च तक तारीख बढ़ाई

# गेहूं पर 40 बोनस, उड़द पर 600 प्रोत्साहन देगी सरकार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए समर्पित भाव से काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा के बाद किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण फैसलों की घोषणा की है।

**40 प्रति क्विंटल गेहूं पर मिलेगा बोनस-** सीएम ने कहा कि इस साल प्रदेश में गेहूं खरीदी पर किसानों को 40 प्रति क्विंटल बोनस दिया जाएगा। इसके साथ ही गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च से बढ़ाकर 10 मार्च कर दी गई है, ताकि अधिक से अधिक किसान पंजीयन कर सकें। मुख्यमंत्री ने उड़द की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि उड़द खरीदी पर किसानों को 600 प्रति क्विंटल बोनस दिया जाएगा। सरकार चाहती है कि किसान उड़द की खेती बढ़ाएं, ताकि उन्हें बोनस का लाभ मिल सके और अगली फसल की तैयारी भी बेहतर तरीके से हो सके।



डॉ. यादव ने यह भी कहा कि किसानों की सुविधा के लिए सिंचाई के लिए दिन के समय बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। इससे किसानों को रात में सिंचाई के दौरान होने वाली परेशानियों और दुर्घटनाओं के जोखिम से राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए लगातार निर्णय ले रही है और आगे भी किसान हित में कदम उठाए जाते रहेंगे।

- **पीएम किसान सम्मान निधि से सालाना 12 हजार की सहायता-** केंद्र सरकार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को सालाना 6 हजार रुपए देती है। मध्य प्रदेश सरकार की ओर से भी 6 हजार रुपए दिए जाते हैं। इस तरह पात्र किसानों को कुल 12 हजार रुपए सालाना सीधे खाते में मिलते हैं।
- **एमएसपी पर खरीदी: कई फसलों के तय हैं समर्थन मूल्य-** सरकार किसानों की फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर करती है। वर्तमान में गेहूं का एमएसपी करीब 2585 रुपए प्रति क्विंटल, धान (सामान्य) 2369 रुपए, सोयाबीन 5328 रुपए, उड़द 7400 रुपए, मूंग 8558 रुपए, अरहर 8000 रुपए, चना 5875 रुपए, मसूर 7000 रुपए और सरसों 6200 रुपए प्रति क्विंटल है। प्रदेश में मुख्य रूप से गेहूं, धान, चना, मसूर और सरसों की सरकारी खरीदी की जाती है।

**गेहूं और उड़द पर बोनस की घोषणा-** एमएसपी के अलावा राज्य सरकार कई बार फसलों पर बोनस भी देती है। अब सरकार ने गेहूं खरीदी पर 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस और उड़द खरीदी पर 600 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देने की घोषणा की है।

**भावांतर भुगतान योजना से कीमत का अंतर भरपाई-** इसके अलावा भावांतर भुगतान योजना भी लागू है। इस योजना के तहत यदि किसान की फसल मंडी में एमएसपी से कम कीमत पर बिकती है तो सरकार उस अंतर की राशि सीधे किसान के खाते में जमा करती है। यह योजना मुख्य रूप से सोयाबीन और कुछ तिलहन फसलों पर लागू की जाती रही है।

**सब्सिडी, बीमा और सस्ते ऋण की सुविधा-** इसके अलावा किसानों को खाद पर सब्सिडी, कृषि उपकरणों पर अनुदान, ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई पर सब्सिडी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल नुकसान पर मुआवजा और किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए कम ब्याज पर ऋण जैसी सुविधाएं भी दी जाती हैं।

### गेहूं बोनस पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

एमपी सरकार के ऐलान पर कांग्रेस के किसान नेता केदार सिरोही ने फेसबुक पर लिखा- भारतीय किसान संघ और सरकार के बीच गेहूं के लिए 40 रुपए प्रति क्विंटल के बोनस पर समझौता एक बड़ा सवाल खड़ा करता है। क्या यह संघ वास्तव में किसानों के हितों की बात कर रहा है? या सरकार की एजेंसी बनकर काम कर रहा हैं? प्रदेश में किसान 2700 रुपए प्रति क्विंटल की मांग कर रहे हैं, लेकिन समझौता 2625 रुपए पर हुआ है, जो एक बड़ा अंतर है। भाजपा ने अपने चुनावी वादे में 2700 रुपए प्रति क्विंटल पर गेहूं खरीदने की बात कही थी, लेकिन अब 2028 तक इसे पूरा करने की बात कहकर अपना वादा भूलती नजर आ रही है, जिससे लगता है कि अगले साल से 40 रुपए का बोनस भी बंद हो सकता है। अब किसानों को तय करना होगा कि वे अपनी मांग पर अड़े रहना चाहते हैं या नहीं, और यदि हां, तो उन्हें अपनी एकता दिखानी होगी। क्योंकि किसान संघ के नेता महेश चौधरी भाजपा सरकार से कोम्प्रोमाइज हैं, इनके कृषि मेले और कई काम सरकार के सहारे हो रहे हैं, इसलिए यह सरकार की भाषा बोलेंगे।

## 15 दिवसीय श्री गरीबनाथ मेले का आज शुभारंभ

# रंगपंचमी पर उमड़ेगा आस्था का जनसैलाब

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

रंगपंचमी के अवसर पर जहां देशभर में लोग रंग-गुलाल से होली का उल्लास मनाते हैं, वहीं अवंतीपुर बड़ोदिया में संत बाबा गरीबनाथ का पुण्य स्मरण कर आस्था का अद्भुत पर्व मनाया जाता है। इसी अवसर पर शुक्रवार से प्रसिद्ध श्री गरीबनाथ मेला प्रारंभ होगा, जो 7 मार्च से 21 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। मेले में दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर बाबा की समाधि पर नतमस्तक होंगे।

परंपरा के अनुसार रंगपंचमी के दिन समाधि स्थल पर स्थापित लगभग



85 फीट ऊंचे ध्वज को सुबह करीब 9 बजे मोटे रस्सों की सहायता से उतारा जाता है और शाम 4 बजे पुनः चढ़ाया जाता है। सागौन की लकड़ी के पाटों से निर्मित इस ध्वज को उतारने-चढ़ाने का कार्य अनुभवी लोगों द्वारा किया जाता है। इस अनूठी परंपरा को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण एकत्रित होते हैं।

### प्राचीन मान्यता से जुड़ी है परंपरा

प्राचीन उल्लेखों के अनुसार बाबा गरीबनाथ का जन्म उत्तर प्रदेश के झांसी में एक गोस्वामी परिवार में हुआ था। अपने भाइयों के साथ देशाटन करते हुए वे संवत 1244 में अवंतीपुर बड़ोदिया पहुंचे और नेवज नदी के तट पर कुटिया बनाकर साधना करने लगे। बताया जाता है कि संवत 1345 में उन्होंने यहीं जीवित समाधि ली। कहा जाता है कि तीर्थ यात्रा के दौरान नगरवासियों को उत्तर प्रदेश के सोंरम घाट पर बाबा के दर्शन हुए। ग्रामीणों के आग्रह पर जब उन्हें पालकी में लेकर लौटाया जा रहा था, तब लश्कर ग्वालियर में रात्रि विश्राम के दौरान वे अंतर्ध्यान हो गए। वहां एक पत्र मिला, जिसमें उन्होंने रंगपंचमी के दिन सागौन की लकड़ी के नौ पाटों से ध्वज बनाकर विधिविधान से उतारने-चढ़ाने की परंपरा प्रारंभ करने का संदेश दिया था तभी से यह परंपरा आज तक श्रद्धा और विश्वास के साथ निभाई जा रही है।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण हर आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के व्दारा विक्रय अनुबंध-पत्र सम्पादित निम्नलिखित लोगों से किया जा रहा है जो कि

1. श्री अमित बोबल पिता सुभाष बन्द्र निवासी उज्जैन तहसील व जिल्ला उज्जैन मध्य प्रदेश ऋषि भूमि ग्राम चंदुखेडी तह. व जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य कि ऋषि भूमि सर्वे नंबर 164/मिन-2 रकबा 0.060 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 165/मिन-2 रकबा 0.040 हेक्टेयर, सर्वे नंबर 166/मिन-2 रकबा 0.0500 हेक्टेयर, सर्वे नंबर 167/मिन-2 रकबा 0.020 हेक्टेयर कुल किता 4 रकबा 0.1700 हेक्टेयर प.ह.न. 0002 को क्रय करने का सौदा किया है।

अतः आप लोगों को सबंध में सूचना दी जाती है की इन कृषि भूमियों स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार का कोई विवाद हक बंधक एवं अन्य किसी प्रकार की आपति हो तो उस दशा में एस जाहिर सूचना पत्र के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस जाहिर सूचना कि विज्ञप्ति के 7 दिवस में मुझे अथवा मेरे कार्यालय में इस संबंध में समस्त लेखी मय दस्तावेज के आपत्ति पस्तुत करे जिसका निराकरण विधिवत किया जा सके अन्यया मेरे पक्षकार संबंधित विक्रयता से विक्रय पत्र का सपादित करवा लेगे उस दशा में आपति प्रस्तुत करने का एवं स्वामित्व संबंधित निराकरण करने का अवसर समाप्त हो जायेगा दिनांक 07/03/2026

**गौरव विश्वकर्मा (हाईकोर्ट एडवोकेट)**
**ऑफिस-6 वाकणकर मार्केट, फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. +91 9098967869, 7566688839**


## राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का समापन



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय उज्जैन का राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का समापन ग्राम मंगरोला में भारतीय किसान संघ के प्रांतीय महामंत्री मालवा प्रांत भारत सिंह बैस की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। भारत सिंह ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ अपने पारंपरिक व्यवसाय को भी सीखने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे सरपंच मुकेश एवं नित्य नियम के संस्थापक एवं मुख्य वक्ता अभिलाष जैन का स्वागत बैच लगाकर किया गया। अभिलाष जैन ने विद्यार्थियों को वर्तमान में चल रही सरकारी योजना के बारे में बताया। हर कार्य को करने में कठिनाइयां आती है परंतु अपने लक्ष्य पर डटे रहने से मार्ग प्रशस्त होता है। अधिवक्ता कुलदीप अरोड़ा ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को सतर्क रहने और करने के लिए कहा। दशहरा मैदान कन्या विद्यालय के मोहन सिंह ने विद्यार्थियों को सर्प के प्रकार की जानकारी देते हुए बताया कि सर्प की हमें रक्षा करनी चाहिए क्योंकि वे प्रकृति मित्र होते हैं। शिविर के दौरान कई गतिविधियां आयोजित की गई जैसे ब्लड डोनेशन रैली निकाल कर जन जागरण करना सर्वे करना स्कूल एवं आंगनवाड़ी में सर्वेक्षण करना नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करना देश भक्ति के गीत और समूह नृत्य भी किया गया। सभी विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भागीदारी की। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्मृति जैन ने सभी अतिथियो को आभार प्रदर्शित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेश त्रिपाठी ने विद्यार्थियों की प्रशंसा की। लोकमान्य तिलक संस्कृत नया धीश के अध्यक्ष किशोर खंडेलवाल एवं कार्यपालन अधिकारी गिरीश भालेराव विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए मंगल कामनाएं प्रेषित की।

## नगर पालिका ने घर-घर पहुंचकर की वसूली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

नगर पालिका द्वारा मार्च 2026 में संपत्ति कर, जलकर, भवन भूमि तथा दुकान किराया वसूली को लेकर अभियान तेज कर दिया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम ने शुक्रवार को शहर में घर-घर और दुकान-दुकान पहुंचकर बकायेदारों से संपर्क कर कर वसूली की कार्रवाई की। इस दौरान बड़े बकायेदारों को सख्त चेतावनी दी गई कि यदि लीजधारी दुकानदार किराया जमा नहीं करते हैं तो उनकी लीज निरस्त कर दुकानों पर ताला लगाया जाएगा।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नंबर 3186509L NK, सवाई सिंह भारतीय सेना से 31 .07. 2012 को सेवा निवृत हुआ था। सेवानिवृत्ति के समय मेरी पत्नी का नाम त्रुटिवश निरंजनई कुंवर दर्ज हो गया है जो कि गलत है जबकि मेरी पत्नी का सही नाम निरंजना शेखावत है उक्त सही नाम मेरी पत्नी के आधार कार्ड, पेनकार्ड, वोटर आई.डी., ई.सी.एच.एस कार्ड आदि में दर्ज है। अतः अब भविष्य में मेरी पत्नी को उसके सही नाम निरंजना शेखावत से जाना व पहचाना जावे।

**सवाई सिंह पिता श्री हनुमान सिंह**
**52, विक्रम नगर, उज्जैन (म.प्र.)**

### पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल

**ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली निविदा' के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है: **ई-टेंडरिंग : RTM-2025-26-201 कार्य का नाम:** Ratlam-Repair to toilet blocks at DRM office & TRD building campus, provision of officers Toilet block near Account section at DRM office. **अनुमानित मात्रा:** As per tender schedule **अनुमानित लागत:** Rs.68,93,197.10 **बयाना राशी :** Rs. 1,37,900.00 **कार्य समापन अवधि:** 08 Months **Similar type of work:** Any Civil Engineering Work **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि:** 03.03.2026 **निविदा खुलने की तिथि:** 30.03.2026 विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in.** पर उपलब्ध है।

Apex/5/1/496

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार उमंग यादव पिता श्री दिलीप यादव उम्र 25 वर्ष व्यवसाय व्यापार निवासी 174/1 निकास चौराहा, उज्जैन ने भूमि स्वामि कैलाश चौधरी पिता श्री रामसिंह चौधरी उम्र 68 वर्ष व्यवसाय कृषि निवासी ग्राम नानाखेडी तहसील घटिटया जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 68/1/2/1 रकबा 0.20 हेक्टर व सर्वे नंबर 278/370/1 रकबा 0.05 हेक्टर कुल कीता 2 कुल रकबा 0.25 हेक्टर लगानी बरूए रेट स्थित ग्राम नानाखेडी तहसील घटिटया जिला उज्जैन में स्थित है को मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध किया हैं और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं।

इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा दशा में आपत्ति की निर्धारित अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगीं व किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांकः 06-03-2026 उज्जैन

**आशीष भदौरिया एडव्होकेट**
**कार्यालय 2, द्रविड मार्ग, कुशलपुरा, उज्जैन**
**मो. 99812-60727**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी विरूनाथ पिता श्री बापूनाथ जी, निवासी ग्राम खोकरी तहसील उन्हेल जिला उज्जैन म.प्र. से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 168/2 रकबा 0.400 हेक्टर, सर्वे नम्बर 169/2 रकबा 0.180 हेक्टर, सर्वे नम्बर 171/2 रकबा 0.200 हेक्टर, सर्वे नम्बर 172/2 रकबा 0.580 हेक्टर, कुल किता 04 कुल रकबा 1.360 हेक्टर मे से रकबा 0.800 हेक्टर भूमि, ग्राम खोकरी तहसील उन्हेल जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है, उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्ज व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो।

इतिः दिनांक-06/03/2026, उज्जैन

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-डी-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन**
**मो. 94248 78460**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा ऑफिस न. 103 प्रथम मंजिल स्मार्ट ट्रेड भोज मार्ग, फ्रिगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 35 टाइप सी स्थित अंजुषा एन्क्लेब सेक्टर बी पांडयाखेड़ी उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 44.17 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे- भवन क्रमांक 36, पश्चिम मे- भवन क्रमांक 34, उत्तर मे- भवन क्रमांक 32 एवं दक्षिण मे- रास्ता कॉलोनी का स्थित है। उक्त सम्पत्ति श्रीमति त्रिवेणी पति श्री ओमप्रकाश जी ने इसके पूर्व स्वामी श्री राजाराम डाबिया पिता श्री भंवर सिंह डाबिया से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी432022023ए11847039 दिनांक 16/05/2023 के माध्यम से क्रय कि। एवं श्रीमति त्रिवेणी का स्वर्गवास दिनांक 08/02/2025 को हो जाने के पश्चात उक्त सपंत्ति पर उनके उत्तराधिकारी श्री ओमप्रकाश रायकवार, जतिन रायकवार एवं मयंक रायकवार पुत्रगण ओमप्रकाश रायकवार तथा डिम्पल रायकवार पुत्री ओमप्रकाश ने अपने नाम का नामांतरण कार्यालय उज्जैन नगरपालिक निगम में प्रकरण क्रमांक 2053/2025/7पीटी दिनांक 25/01/2026 को अपना नाम दर्ज करवाया एवं ओमप्रकाश रायकवार आदि ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड में आवेदन किया है, तथा मेरे पक्षकार पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड का उक्त संपत्ति पर बंधक ऋण प्रस्तावित है। अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त संपत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त संपत्तियों के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक 06/03/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3, तुलसी कॉम्पलेक्स**
**विक्रम मार्ग टॉवर, चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9301860352**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा ऑफिस न. 103 प्रथम मंजिल स्मार्ट ट्रेड भोज मार्ग, फ्रिगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 04 जो कि भूमि सर्वे क्रमांक 135/2 का भाग स्थित ग्राम पंवासा मक्सी रोड़ तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 600 वर्गफीट है। जिसके पूर्व मे- भूखण्ड क्रमांक 03, पश्चिम मे-, भूखण्ड क्रमांक 05, उत्तर मे- रास्ता,, दक्षिण मे- भूखण्ड क्रमांक 47 स्थित है। उक्त सम्पत्ति प्रमोदशंकर खण्डेलवाल पिता स्व. श्री बालगंगाधर जी खण्डेलवाल ने इसके पूर्वस्वामी बसंतसिंह राजपुत एवं दीपसिंह राजपुत पिता श्री हरिसिंहजी से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी432022016ए1202486 दिनांक 31/03/2016 के माध्यम से क्रय कि। एवं प्रमोदशंकर खण्डेलवाल द्वारा मुख्तयारआम श्री गौरव पटेल पिता श्री गौतमलाल मीणा ने उक्त भूखण्ड को विक्रय करने का अनुबंध श्रीमती रेखा देवी पति श्री गौतमलाल मीणा से किया है। एवं श्रीमति रेखा देवी ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड में आवेदन किया है, तथा मेरे पक्षकार पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड का उक्त संपत्ति पर बंधक ऋण प्रस्तावित है। अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त संपत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक 06/03/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3, तुलसी कॉम्पलेक्स**
**विक्रम मार्ग टॉवर, चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9301860352**

न्यूज-कॉलम

## बालाजी मंदिर ग्वालटोली की दान पेटी खुली

**नीमच।** शहर के ग्वालटोली में हाईवे स्थित दक्षिणमुखी एवं प्राचीन श्री विराट विराय मारुति नंदन बालाजी मंदिर की दान पेटी को प्रत्येक माह के पहले मंगलवार को खोलने का क्रम मार्च 2025 से निरंतर जारी है। इसी कड़ी में कल फरवरी माह के पहले मंगलवार को मंदिर की दान पेटी खोली गई। इस बार मंदिर समिति को 28270 रुपए की राशि प्राप्त हुई। जबकि बीते जनवरी माह में मंदिर समिति को 26020 रुपए की राशि दान पेटी से प्राप्त हुई थी। कल इस अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारी नंदलाल बानिये, लोकेश रियार, मनोज कुमार प्रजापति, अध्यक्ष सोहन थम्मार, अनिल दीवान, गोविंद सफा, श्रवण भगत, रतन सुराह, कुंदन पटेल, भीम भगत, मनीष पंवार, अशोक सुराह सहित अन्य सदस् उपस्थित थे। दान पेटी खोलने के बाद मंदिर समिति से जुड़े पदाधिकारी एवं सदस्यों की बैठक भी हुई, जिसमें आगामी श्री हनुमान जन्मोत्सव की तैयारीयों को लेकर विचार विमर्श किया गया। कुछ समय से मंदिर निर्माण कार्य जारी है ।

## दर्जी समाज के धारवा अध्यक्ष मनोनीत

**जावरा ।** श्री दामोदर वंशी जूना गुजराती दर्जी समाज सकल पंच द्वारा वार्षिक बैठक में समाज के नवीन अध्यक्ष का मनोनयन सर्वानुमति से किया गया। समाज के नवीन अध्यक्ष मनोहर लाल धारवा (परमार) को सवार्नुमति से मनोनीत किया गया। पूर्वाध्यक्ष संजय मकवाना ने गत वर्ष का आयव्यय प्रस्तुत किया । बैठक में उपस्थित समाज जनों ने नव नियुक्त अध्यक्ष धारवा का पुष्प मालाओं से स्वागत किया ।बैठक में समाज के वरिष्ठ जन आदि उपस्थित थे।



## आज मंदसौर के लाइनमैन होगें सम्मानित

**मन्दसौर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत ओझा द्वारा बताया गया कि मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में लाइनमैन दिवस के अवसर पर आज 7 मार्च को मंदसौर समेत प्रदेश के 42 ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस (टीएलएम) मुख्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंदसौर मे ट्रांसको परिसर स्थित टी. एल. एम. मुख्यालय मे उज्जैन से विशेष तौर पर नियुक्त किये गए अधीक्षण अभियंता वाय के माथुर मंदसौर के सभी लाइनमैन साथियों का सम्मान एवं अभिनंदन करेंगे। इस अवसर पर प्रबंध संचालक सुनील तिवारी के संदेश का वाचन किया जायेगा एवं सुरक्षा सबंधी शपथ भी ली जायेगी।

## हॉकी खिलाड़ी वैभव का ईस्टर्न रेलवे में चयन

**मन्दसौर।** जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा द्वारा बताया गया कि मंदसौर जिले के होनहार हॉकी खिलाड़ी वैभव खुशालानी का चयन स्पोर्ट्स कोटे के तहत ईस्टर्न रेलवे कोलकाता में हो गया है। यह उपलब्धि कई चरणों की ट्रायल और चयन प्रक्रिया से गुजरने के बाद प्राप्त हुई है। अब वैभव ईस्टर्न रेलवे की टीम से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में खेलते हुए नजर आएंगे।

## खेत पर सिंचाई के लिए गये युवक की करंट लगने से मौत

**रतलाम।** युवक सिंचाई के लिए खेत पर पानी पिलाने के लिए सुबह ५ गया था। काफी देर तक घर नहीं आया, तब चिंतित परिजन खेत पहुंचे, जहां पर जितेंद्र अचेत व्यवस्था में मिला। पुलिस को खबर की गई। जितेंद्र को अस्पताल भेजा गया, जहां पर परीक्षण के उपरांत मृत घोषित कर दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जिले की सैलाना तहसील के बोदिना ग्राम निवासी जितेंद्र पिता ईश्वरलाल पाटीदार (35) शुक्रवार को बिजली आने पर सुबह 5 बजे सिंचाई के लिए खेत पर गया था जहां पर करंट लगने से गिर गया। काफी समय तक वह घर नहीं आया, तब परिजन खेत पर गए जहां पर जितेंद्र को अचेत जमीन पर पड़ा देखा। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और जितेंद्र को अस्पताल भेजा गया।

**सूचना**

समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

मोबा. 9977755777

7771090777

# केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के खिलाफ कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

## यास्मीन शेरानी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, बर्खास्तगी की मांग

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के खिलाफ लगाए गए आरोपों के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं और महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर पर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश महासचिव यास्मीन शेरानी ने किया।

धरने में शहर महिला कांग्रेस सहित कांग्रेस के विभिन्न मोर्चा संगठनों की महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और केंद्रीय मंत्री को मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त करने की मांग दोहराई।

**आरोपों को लेकर जताया विरोध**

धरने के दौरान वक्ताओं ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित अपराधी जेफरी एपस्टीन से कथित संबंधों के सामने आने के बाद केंद्रीय मंत्री को नैतिक आधार पर पद से हटाया जाना चाहिए। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि जब तक इन आरोपों की निष्पक्ष जांच नहीं हो जाती, तब तक मंत्री को पद पर बने रहना उचित नहीं है।

धरने को संबोधित करते हुए यास्मीन शेरानी ने कहा कि कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा और प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी के मार्गदर्शन में यह आंदोलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि गंभीर आरोपों के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस आगामी दिनों में आंदोलन को और व्यापक करेगी।

**बड़ी संख्या में पार्षद व कार्यकर्ता रहे उपस्थित**

धरना प्रदर्शन में कांग्रेस की महिला पार्षदों और कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या मौजूद रही। इनमें प्रमुख रूप से कांग्रेस पार्षद मनीषा व्यास, कविता महावर, आशा रावत, नीलोफर खान, मीनाक्षी सेन, केसरबाई, पूर्व पार्षद नजमा बेलुत, याहेदा बी, रुखसाना खान, राधा प्रजापत, शबनम खान, सलमा खान, रेखा, तबस्सुम, गायत्री सहित शहर महिला कांग्रेस एवं कांग्रेस के विभिन्न मोर्चा-संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे। इस दौरान शांतिलाल वर्मा भी मौजूद रहे और उन्होंने भी धरने को समर्थन देते हुए कार्रवाई की मांग की। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए सरकार से मंत्री को तत्काल पद से हटाने और मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की तथा जानकारी यास्मीन शेरानी ने दी।



## आरटीओ विभाग ने बिना दस्तावेज संचालित वाहनों पर की कार्यवाही

**मन्दसौर।** परिवहन विभाग द्वारा जिले में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कार्यवाही करते हुए 12 ऑटो रिक्शा, एक टाटा मैजिक, दो विक्रम टेम्पो तथा एक यात्री बस को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने के कारण जब्त किया गया। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री पी.एस. भीलाला ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बिना आवश्यक दस्तावेजों के संचालित हो रहे वाहनों पर सख्त कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि चेकिंग के दौरान कुछ वाहनों में दस्तावेजों की कमी पाए जाने पर तीन वाहनों से लगभग 10 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। इसके अतिरिक्त जिन वाहनों पर कर बकाया था, उनसे करीब 60 हजार रुपये का बकाया कर भी जमा कराया गया। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग द्वारा इस प्रकार की वाहन जांच की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## बंडीजी के बाग में ढूंढोत्सव मनाया गया



**मन्दसौर।** हूमढ़ समाज की महिला इकाई पार्श्व मंडल द्वारा बंडीजी के बाग में ढूंढ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें हूमड समाज में इस वर्ष जन्म लेने वाले पांच बच्चों की समाज में ढूंढ की गई। नवागंतुक सदस्यों को श्री सुनील रौनक मिंडा परिवार की ओर से उपहार दिए गए। पार्श्व मंडल द्वारा मनोरंजक कार्यक्रम सास बहू के रिश्तों पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया। पार्श्व मंडल द्वारा ही नवागंतुक के परिवार सुनील मिंडा, शशि कुमार मिंडा, अजय मेहता, कांतिलाल दोषी, एवं हुकमीचंद भूता परिवार में से किसी भी राज्य के श्रेष्ठ परिधान में पूरे परिवार की उपस्थिति एवं प्रस्तुति पर पारितोषिक देने की घोषणा की थी जिसमें सुनील मिंडा परिवार ने प्रथम, शशि कुमार मिंडा परिवार ने द्वितीय एवं अजय मेहता परिवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मंडल द्वारा पारितोषिक हूमड समाज के अध्यक्ष दीपक भूता के करकमलों से प्रदान करवाए गए। कार्यक्रम का संचालन पार्श्व मंडल अध्यक्ष इंदू मेहता एवं सचिव आयुषी कियावत द्वारा किया गया। इस दौरान स्व. केसरीमल गोटूलाल दोशी की स्मृति में दोशी परिवार द्वारा एक कमरा निर्माण की राशि देने की घोषणा की।

# श्री खिड़की माता मेले की तैयारियाँ तेज- नपाध्यक्ष ने ली बैठक, मेला स्थल का किया निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



नगरपालिका परिषद मंदसौर द्वारा आगामी 10 मार्च मंगलवार को आयोजित होने वाले 17वें श्री खिड़की माता मेले की तैयारियाँ शुरू हो गई हैं। मेले की व्यवस्थाओं को लेकर शुक्रवार को नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर की अध्यक्षता में मेला समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मेला समिति सभापति माया नीलमचन्द भावसार सहित विभिन्न समितियों के सभापति और सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मेले के मुख्य आकर्षण भजन संध्या के आयोजन पर विस्तृत चर्चा की गई। तय किया गया कि 10 मार्च को प्रातः 11.30 बजे से शाम 4 बजे तक भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। नपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि अगले एक-दो दिनों के भीतर भजन संध्या के कलाकारों का चयन अंतिम कर लिया जाए। बैठक में मेला लिपिक राजेन्द्र नीमा ने भजन संध्या हेतु प्राप्त निविदाओं की जानकारी भी समिति के समक्ष रखी।

बैठक के पश्चात नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर, मेला सभापति श्रीमती भावसार और समिति के सदस्यों ने मंदसौर बायपास स्थित श्री खिड़की माता मंदिर परिसर पहुँचकर मेला स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण से पूर्व सभी जनप्रतिनिधियों ने माताजी के दर्शन कर जिले की सुख-समृद्धि की कामना की। नपाध्यक्ष ने मौके पर मौजूद नगरपालिका कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मेले से जुड़े सभी आवश्यक कार्य आगामी दो दिनों में पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए आयोजन स्थल पर भव्य मंच, पर्याप्त टेंट और कूलरों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही स्वास्थ्य एवं जलप्रदाय विभाग के सभापतियों को सफाई और पेयजल के पुख्ता इंतजाम करने को कहा गया। सुरक्षा की दृष्टि से शिवना नदी के किनारे बैरिकेट्स लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है ताकि पानी से होने वाली किसी भी दुर्घटना को रोका जा सके।

## लोक नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियों से सजेगा कृति उत्सव-2026

**नीमच।** शहर में कला, संस्कृति और परंपरा का उत्सव कृति उत्सव-2026 के अंतर्गत 7 मार्च को टाउन हॉल में भव्य लोक नृत्य का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ रात्रि 8 बजे से होगा, जिसमें शहर के कला प्रेमियों को लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ देखने का सुअवसर मिलेगा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर खंडवा के अनुजा उपाध्याय ग्रुप द्वारा आकर्षक लोक नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों और जीवंत संगीत के साथ कलाकार लोक जीवन की विविध झलकियाँ मंच पर प्रस्तुत करेंगे, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। यह आयोजन कृति परिवार, नीमच द्वारा निशुल्क किया जा रहा है। संस्था अध्यक्ष डॉ. अक्षय राजपुरोहित, सचिव कमलेश जायसवाल एवं प्रचार सचिव कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। 7 मार्च के कार्यक्रम के संयोजक इंजी. बाबूलाल गौड़ एवं श्याम टाकवाल रहेंगे। आयोजकों ने शहर के कला प्रेमियों, विद्यार्थियों और परिवारों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कलाकारों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में डॉ दीपक सिंहल ( ऑर्थोपेडिक सर्जन) , श्रीमती सरितादेवी गोयल (वृंदावन ग्रीन होटल), डॉ यशवंत पाटीदार (ऑर्थोपेडिक सर्जन), श्री प्रेम प्रकाश नागदा ( सिविल कांट्रेक्टर), श्री राजेश जायसवाल उपस्थित रहेंगे।

## टैक्स बार एसोसिएशन के सीए अंकुश जैन अध्यक्ष मनोनीत



**मन्दसौर।** मंदसौर टैक्स बार एसोसिएशन की सत्र 2026-27 की नई कार्यकारिणी के गठन हेतु जनरल मीटिंग आयोजित की गई जिसमें एसोसिएशन के आगामी वर्ष हेतु अध्यक्ष सीए अंकुश जैन, उपाध्यक्ष सीए आयुष जैन, सचिव आदिश जैन, सहसचिव अशोक पाटनी, कोषाध्यक्ष सीए मयंक जैन, लाइब्रेरियन सीए चेतन गुप्ता, स्वागत समिति अध्यक्ष सोहनलाल कोठारी, वी के राणावत, संरक्षक सीएम जैन, शांतिलाल डोसी को मनोनीत किया। नवीन अध्यक्ष सीए अंकुश जैन सहित नवीन कार्यकारिणी को संघ के पूर्व अध्यक्ष सीए दिनेश जैन, लोकेन्द्र जैन, मुकेश पारिख, कोषाध्यक्ष अर्पित नागदा आदि ने बधाई दी।

# मछली मार्केट के पास कार की टक्कर से जूनियर वकील की दर्दनाक मौत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

शहर के कोर्ट क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक हृदयविदारक सड़क हादसे ने जूनियर वकील की जान ले ली। कोर्ट की घाटी स्थित मछली मार्केट के समीप एक अज्ञात कार ने जूनियर एडवोकेट मनीषदास बैरागी को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मनीष के सिर, मुंह और कमर में गंभीर चोटें आईं और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से उन्हें जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

मूल रूप से जिले के ढाबला निवासी मनीष बैरागी अपने निजी काम से कोर्ट से बाजार गए थे। दोपहर में जब वे बाजार से वापस कोर्ट की ओर लौट रहे थे, तभी कोर्ट की घाटी के नीचे तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे को अंजाम देने के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं और फरार वाहन की तलाश के लिए तकनीकी साक्ष्यों व मुखबिरों की मदद ली जा रही है।

इस हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। दिवंगत मनीष बैरागी की महज छह माह की एक मासूम बेटी है, जिसके सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया। एएसआई अभिषेक पाल ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से कार की पहचान की जा रही है।

# खेत में मिक्सर से डोडाचूरा पीसते माफियाओं के ठिकाने पर दबिश, आरोपी फरार

## 141 किलो मादक पदार्थ समेत कार और चार बाइक जब्त

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

जिले के सुवासरा थाना पुलिस ने ग्राम हंसपुरा के पास एक खेत में दबिश देकर अवैध डोडाचूरा पीसने के काले कारोबार का पदार्फाश किया है। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने मौके से कुल 141 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त किया है, जिसकी बाजार कीमत करीब 2 लाख 82 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस की इस घेराबंदी को देख आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में सफल रहे, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

एएसपी गरोठ हेमलता कुरील और एसडीओपी सीतामऊ दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अनिल रघुवंशी की टीम ने यह बड़ी कार्यवाही की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हंसपुरा स्थित श्यामसिंह के खेत पर छापा मारा। वहाँ आरोपी इको कार और मोटर साइकिलों के साथ डोडाचूरा पीसने के काम में लगे थे। पुलिस ने मौके से एक मारुति इको कार नं. एमपी 13 जेडवी 4489, चार मोटर साइकिलें, दो मिक्सर जार और एक इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा बरामद किया है। जब्त किए गए वाहनों और उपकरणों की कुल कीमत करीब 8 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है।

इस मामले में पुलिस ने हंसपुरा निवासी विक्रमसिंह पिता गुमानसिंह, नेपाल सिंह पिता गंगाराम, खेजड़िया मेघा निवासी ईश्वर सिंह पिता राघुसिंह और उनके दो अन्य साथियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। एएसआई अभिषेक पाल के अनुसार, आरोपी पुलिस की आहट पाते ही मौके से भाग निकले। पुलिस इन फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

## क्षत्रिय महिलाओं ने मनाया फाग उत्सव



**मन्दसौर।** रंगों के त्योहार होली के अवसर पर राजपूत महिलाओं द्वारा फाग उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। पर्यावरण को ध्यान में रखकर सभी महिलाओं द्वारा फूलों और गुलाल से होली खेली। कार्यक्रम की संयोजक मेघना चौहान (भाटी) द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम में दूरदराज व मन्दसौर से करीब साठ महिलाओं द्वारा नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ होली खेली। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इन्द्रा कुंवर राठौड़, विशेष अतिथि संविता कुंवर राठौर, ज्योति कुंवर भाटी व शोभा कुंवर चौहान थीं। कार्यक्रम का संचालन मोनिका राठौर, निधी राठौर व गीतांजली राठौर द्वारा किया गया। आभार सुधा राठौर व उमा कुंवर झाला ने किया। कार्यक्रम में आशा पंवार, शिल्पा चुण्डावत, मेघा चुण्डावत, कृष्णा राठौर, प्रकाश कुंवर राठौर, अंजना चौहान, चंचल राठौर, सुषमा राणा, प्रियम राठौर, उषा चौहान, नेहा चौहान, प्रीति राणा, नूतन, हंसा कुंवर, श्रैया राठौर, योगिता राठौर, मनीषा सिसोदिया, बुलबुल चौहान आदि ने भाग लिया।

# रीजन कॉन्फ्रेंस मुस्कान में क्लब पदाधिकारीयो को नवाजा अवार्ड से



**जावरा ।** लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 32 33 जी 1 के अंतर्गत रीजन 10 की रीजन कॉन्फ्रेंस" मुस्कान" हुई ।इसमें सेवा समर्पण और सांस्कृतिक समरसता के इस आयोजन ने समाज सेवा की भावना को नई ऊर्जा प्रदान की ।अतिथि सांसद सुधीर गुप्ता रहे। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल खंडेलवाल, प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जयप्रकाश त्रिपाठी, द्वितीय वाइस गवर्नर राम जाट ,राजेंद्र गर्ग, डॉक्टर साधना राजेंद्र सोडाणी, एन के मेहता, संजय डिंग डांग एवं संतोष सोनी भी रहे। महंत मधु सुदनानंद गिरी ने इस अवसर पर कहा कि सेवा व मानवता के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी 2021 की मिस यूनिवर्स एशिया एवं समाजसेविका डॉ दिव्या पाटीदार की विशेष उपस्थिति रही।

कॉन्फ्रेंस में रीजन के अंतर्गत आने वाले सभी लायंस क्लबो द्वारा वर्ष भर में किए गए सेवा कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया ।समाज सेवा एवं बाल कल्याण के क्षेत्र में योगदान देने वाले सेवा मनीषियों को सेवा सम्मान अवार्ड से सम्मानित किया। रीजन 10 के सभी क्लबो अध्यक्षों सचिव एवं कोषाध्यक्षों झोन चेयरमैन डॉक्टर शैलेंद्र पांडे,सुनीता जैन,तपन पगारिया, लायंस क्लब अध्यक्ष यश जैन, को श्रेष्ठ एवं सर्वश्रेष्ठ अवार्ड प्रदान किया। समारोह में गायक अहमद राजा की प्रस्तुति कृष्ण लीला फाग उत्सव सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा ।रीजन चेयरमैन संतोष मेडतवाल की महत्वपूर्ण भूमिका से मुस्कान कॉन्फ्रेंस यादगार रही।

# सेवानिवृत एवं पेंशनर महासंघ का होली मिलन समारोह संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी



गांधी चौराहा स्थित कार्यालय पर श्री देवीलाल सेठिया जिला उपाध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य व श्री पंकज शर्मा तरुण की अध्यक्षता में दिनांक 5 मार्च को शाम चार बजे होली पर्व की शुभ कामनाओं के साथ तथा सभी को गुलाल लगा कर आयोजित की गयी। जिसमें सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन पुष्प माला अर्पित कर किया गया। संघ का प्रेरणा गीत श्री सेठिया उपाध्यक्ष ने प्रस्तुत किया तथा सभी सदस्यों द्वारा समवेत स्वर में गा कर बैठक का शुभारंभ किया गया।

प्रारंभ में सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं सभी सदस्यों द्वारा अपने उद्बोधन में सम्माननीय सदस्य श्री भगवती प्रसाद गहलोत के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सभी उपस्थित पेंशनर्स साथियों द्वारा उनके चौहत्तर वर्ष पूर्ण होने पर पुष्प माला पहना कर शाल श्री फल से सम्मानित किया गया,तथा दीघार्यु होने की मंगल शुभकामनाएं दी।सबनेअपने अपने संस्मरण सुनाए।

उपस्थित सभी सदस्यों में सर्व प्रथम श्री कन्हैयालाल कारपेंटर ने वंदे मातरम गीत प्रस्तुत किया जिसमें सभी ने अपना स्वर दिया।आध्यात्मिक विषय पर प्रेरक भजन सुनाया। पश्चात सभी उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने अपने उद्गार तथा रचनाएं गीत प्रस्तुत किए। श्री भगवती प्रसाद गहलोत ने जन्म दिवस क्यों मनाया जाता है इसके बारे में बोलते हुए कहा , ' प्रतिवर्ष किसी का भी जन्म दिवस मनाते हैं तो उस पर उसके कार्यों की समीक्षा की जाती है व उसके अच्छे -बुरे पलों के आधार पर आगामी वर्ष की भावी जीवन यापन विधि तय कर ली जाती है। होली मिलन पर सभी वरिष्ठ नागरिकों को शुभकामनाओं दी । अंबालाल कारपेंटर व हुकमीचंद कनेरिया ने स्वरचित प्रेरक रचना सुनाई, अध्यक्ष श्री पंकज शर्मा तरुण के द्वारा स्वरचित गीत प्रस्तुत किया।

अंत में श्री हरिसिंह यादव द्वारा जिन सदस्यों ने वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा नहीं किया है उनसे शुल्क जमा कर रसीद प्राप्त करने हेतु कहा बैठक में निम्न सभी सदस्य उपस्थित रहे 9श्री के सी टेलर,श्री राजेंद्र कैथवास , श्री वासुदेव धनोतिया,श्री अमृत लाल जैन सचिव,श्री बालूराम कराड़ा श्री राधेश्याम प्रजापति,श्री सुरेश जैन,श्री रामचंद्र आर्य, श्री अंबालाल कारपेंटर,श्री हुकमीचंद कनेरिया श्री अशोक जैन श्री श्रीराम धनोतिया,श्री घनश्याम आर्य श्री राधेश्याम सैनी श्री बालूराम कराड़ा श्री अमृत लाल जैन ,डॉक्टर श्री पी पी ओझा एवं श्री सुनील राठौर सदस्य बैठक में उपस्थित रहे तथा आभार श्री हरिसिंह यादव द्वारा व्यक्त कर बैठक का समापन किया गया । बैठक का अंत जल पान के बाद संपन्न हुआ।

## नेनोरा में युवाओं ने खेली कपड़े फाड़होली

**पिपलिया मंडी।** मल्हारगढ़ तहसील अंतर्गत गांव नेनोरा में धुलेंडी उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया।डीजे साउंड पर रंगों से सराबोर युवाओं ने थिरकते हुए गांव में गैर निकाली। सभी ने एक दूसरे को रंग लगाते हुए आपस में कपड़े फाड़कर होली धुलेंडी खेलने का आनंद लिया।





## धधकते अंगारों पर आस्था निकले श्रद्धालु

**महिदपुर।** धुलेंडी के पावन अवसर पर धुर्जटेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। वर्षों पुरानी परंपरा के तहत आयोजित भव्य चूल कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने धधकते अंगारों पर नंगे पैर चलकर अपनी अटूट श्रद्धा प्रकट की। कार्यक्रम की शुरूआत विधि-विधान से हुई। महंत राजेंद्र भारती ने माता हिंगलाज और भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की। ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक गैर के साथ महादेव के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। इसके बाद सैकड़ों महिला, पुरुष और बच्चों ने धधकते अंगारों की चूल पार की। श्रद्धालुओं का मानना है कि सच्ची श्रद्धा और माता हिंगलाज व महादेव के आशीर्वाद से अंगारे भी शीतल हो जाते हैं। यह परंपरा क्षेत्र की पहचान बन चुकी है और इसे देखने के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।

## रामायण ग्रंथ का चल समारोह निकालकर किया संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**सारंगपुर।** सार्वजनिक हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में सात दिवसीय होली उत्सव के तहत आयोजित रंगारंग कार्यक्रमों की कडी में प्रथम दिन सोमवार रात्रि को रामायण ग्रंथ का चल समारोह निकालकर बाल रूप हनुमान मंदिर पुराना बस स्टैंड पर संगीतय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। हिंदु उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला के नेतृत्व में अंबे माता मंदिर से रामायण ग्रंथ को वाल्मीकि समाज द्वारा अपने सिर पर धारण कर ढोल धमाके के साथ चल समारोह प्रारंभ हुआ। जो मुखर्जी चौक, टेंशन चौराहा, जोशी अस्पताल, भेरू दरवाजा रोड, महाराणा प्रताप चौराहा, बस स्टैंड महात्मा, फुले चौराहा थाने के सामने एबी रोड होते हुए बाल रूप हनुमान मंदिर पहुंचा। जहां बाल रूप सुंदरकांड मंडल के गायक कलाकार आनंद जोशी, बालमुकुंद गुप्ता, दिलीप लोहार, पंकज पुष्पद, अंकुर सोनी, सुशील व्यास, परमानंद जोशी, सत्यनारायण शर्मा, केलाश पुष्पद सहित अन्य गायक कलाकारों द्वारा भजनों की तर्ज पर सुंदर कांड पाठ की चौपाइयों का संगीतमय गायन किया तथा एक से बढकर एक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री वैभव पुष्पद में किया तथा आभार कोषाध्यक्ष अशोक साहू ने माना। इस दौरान हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, मुक्तिधाम समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, महेश पाटीदार, दिनेश सिसोदिया, जितेन्द्र सोलंकी, प्रकाश पुरी, कैलाश वर्मा, सतीश गिरजे, शिवनारायण पुष्पद, सतीश राठौर, गोपाल पाल, सतीश मिश्रा, अनिल जैन, मांगीलाल पाटीदार सहित बडी संख्या में हिंदू समाज जन उपस्थित थे।

## महिलाओं ने परंपरागत होलिका की पूजा अर्चना की



**सारंगपुर।** गांव की महिलाएं एकत्रित होकर मंगल गीत गाकर शीतला माता मंदिर पहुंची। वहां पूजा अर्चना कर विधिवत पूरे गांव में ब्राह्मण होली चौक पहुंची। जहां होलीका की पूजा कर जल से कंकू अबीर गुलाल से पूजा हसन कर क्षेत्र की मंगल कामना की। होलिका दहन भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है जो बुराई पर अच्छाई की विजय प्रतीक माना जाता है यहां पर होली की पूर्व संध्या पर मनाया जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार भक्त पहलाद की रक्षा के लिए भगवान विष्णु की कृपा से होली का अग्नि में जलकर भस्म हो गई थी तभी से यहां परंपरा चली आ रही है इसी दिन लोग लकडिया और उपलों ढेर लगाकर अग्नि प्रचलित करते हैं। पुरानी मान्यताओं के अनुसार पूरे गांव के लोग अपने घर से खडा नमक गेहूं की बालियां एक नारियल अन्य सामग्री साथ लाते हैं, जो तपती हुई होली का में डालकर अपने घर ले जाते हैं।

## फुलेश्वर महादेव मंदिर के सामने धधकते अंगारों पर निकलते आस्था के पैर



**खरसौदकलां।** क्षेत्र में रंगों का पर्व होली उत्साह से मनाई । डीजे की थाप पर युवाओं ने नाचते गाते अबीर गुलाल लगाकर गैर निकाली। दोपहर पश्चात फुलेश्वर महादेव मंदिर एवं वाडीनाथ मंदिर के सामने धधकते अंगारों पर सैकड़ों ग्रामीणजन ने चलकर आस्था के साथ उत्साह दिखाया। महीलाओं ने भी मन्नत पूरी होने पर बच्चों को गोद में उठाकर चूल चली।

### धुलेंडी का उल्लास: बच्चों में दिखा उत्साह

# मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़, पुलिसकर्मियों ने मनाया होली मिलन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में रंगों का पर्व धुलेंडी बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। होली के दूसरे दिन बुधवार को सुबह से ही गली-मोहल्लों में रंग और गुलाल की बौछार देखने को मिली। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह नजर आया। लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। धुलेंडी के अवसर पर नगर के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। शीतला माता मंदिर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर शीतला माता को जल अर्पित किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मातृशक्ति द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही और भक्तिमय माहौल बना रहा।





**मनकामनेश्वर महादेव मंदिर में हुआ होली मिलन समारोह**

होली धुलेंडी पर्व के अवसर पर बुधवार को नगर के मनकामनेश्वर महादेव मंदिर परिसर में जनअभियान परिषद के बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। साथ ही आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। समारोह के दौरान सांस्कृतिक वातावरण में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा।छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे के साथ रंग-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से युवाओं में सामाजिक एकता, सहयोग की भावना और पारंपरिक सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

**पुलिसकर्मियों ने भी मनाई होली**

धुलेंडी पर्व के बाद गुरुवार को सुसनेर थाना परिसर में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने भी होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। डीजे और ढोल की धुन पर पुलिस जवानों ने जमकर नृत्य किया और त्योहार की खुशियां साझा कीं।

**तनोडिया**

नगर मे रामलीला चौक,बस स्टैंड, मां लाल माता मंदिर परिसर,चौकी के सामने चार स्थानों पर होली उत्सव समिति एवं नगरवासियों के तत्वाधान में मंगलवार की तड़के 4 बजे विधी विधान के साथ होली दहन किया गया। इससे पूर्व होली का आकर्षक रुप से सजाया गया। दहन से पूर्व ग्राम की महिलाओं युवतियों ने मांगी घर परिवार में सुख समृद्धि की कामना एवं विधिविधान से पूजा अर्चना कर शुभ मुहुर्त मे गांव के पटेल लालसिंह यादव के द्वारा अग्नि दी गई। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

पुलिस प्रशासन के अनुसार होली दहन शान्ति पूर्ण तरीके से हो इसी को देखते हुए जिला पुलिस कप्तान के निदेर्शानुसार आगर थाना प्रभारी शशि उपाध्याय व प्रभारी सचिन धाकड के आदेश पर होली दहन के दौरान पुलिस जवान अपनी ड्यूटी पर तैनात रहे।

**इन गांवो हुआ होली का दहन**

ग्राम मलवासा ,हडाई, थडोदा, गुन्दीकलां मे भी मंगलवार को तड़के होलिका दहन किया गया सभी बच्चों ने मिलजूल कर एक दूसरे के रंग लगाकर होली का पर्व बडे हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया।

महिलाओं ने मां शीतला की पूजा अर्चना कर होली को शीतल जल अर्पित कर किया ठंडा।

अल सुबह से ही नगर की महिलाएं अलग अलग समूह के साथ मां शीतला जी पूजा एवं होली को शीतल जल से ठंडा करते जाते समय यह गीत गाती हुई पहुची। देवी शीतला माता की पूजा अर्चना कर होलिका को जल अर्पित कर ठंडा कर पुरानी परम्परा का निर्वाह किया गया। होली पर्व पर परम्परागत नगर मे रीती रिवाज के अनुसार होली पर्व से पूर्व मे जिन परिवारों मे गमी हो जाती है उन परिवारों के यहां होली के दूसरे दिन धुलंडी पर समिति एवं गणमान्य नागरिक का एक समुह ढोल की ताल के साथ पूरे नगर मे घूमते हुए लगभग 20 घरों मे पहुंच कर परिवारजनों के उपर रंग डालने की परम्परा निभाई गई।

# सारंगपुर में आलू की बंपर पैदावार लेकिन दाम 10 रुपये प्रतिकिलो

### किसान बोले- लागत निकालना मुश्किल, प्रति बीघा पांच हजार का घाटा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर और आसपास के इलाकों में इस बार किसानों ने गेहूं छोडकर आलू की खेती पर भरोसा जताया था। फसल तो उम्मीद से कहीं ज्यादा अच्छी हुई है, लेकिन यही बंपर पैदावार अब किसानों के लिए मुसीबत बन गई है। मंडियों में आलू की भारी आवक होने की वजह से दाम गिर गए हैं, जिससे किसानों को अपनी लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है। किसानों ने सैकड़ो बीघा में आलू लगाया है।

**लागत से भी कम मिल रहे हैं दाम**

मंडियों में आलू के भाव 8 से 10 रुपए प्रति किलो तक नीचे आ गए हैं। हालत यह है कि थोक भाव उत्पादन लागत से भी कम हो गए हैं। किसानों के मुताबिक, बीज, खाद, सिंचाई, मजदूरी और ट्रांसपोर्ट मिलाकर आलू तैयार करने का खर्च ही करीब 15 रुपए प्रति किलो बैठता है। ऐसे में बाजार में मिल रहे कम दामों की वजह से किसानों को प्रति बीघा 4 से 5 हजार रुपए का घाटा उठाना पड रहा है।



**अधिक आवक से बिगड़ा खेल**

सारंगपुर के किसान शंकर सिंह एवं मेहरबान सिंह का कहना है कि इस बार आलू का निर्यात कम होने से भी कीमतों पर बुरा असर पडा है। फसल अच्छी होने के बावजूद व्यापारी सही दाम देने को तैयार नहीं हैं। छोटे किसानों को घर चलाने के लिए तुरंत नकदी की जरूरत होती है, इसलिए वे मजबूरी में औने-पौने दामों पर अपनी फसल बेच रहे हैं। किसानों का कहना है कि अगर यही स्थिति रही तो अगली बार वे आलू की खेती कम कर सकते हैं।

**सरकार से मदद की उम्मीद**

मंडियों में आलू की भारी आवक और गिरते दामों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने समय रहते बाजार को स्थिर करने या फसल खरीदी के लिए कोई कदम नहीं उठाए, तो भविष्य में आलू की खेती पर इसका गहरा असर पडेगा। फिलहाल, हाट-बाजारों में मंदी के चलते किसान अपनी मेहनत की कमाई डूबते देख परेशान हैं।

## सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ महाआरती के साथ समापन

**तनोडिया।** स्थानीय सनातन चौक पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया। जिसमें भागवत कथा में कथावाचक श्री सच्चिदानंद गुरु रुपेश महाराज ने कथा के अंतिम दिन राजा परीक्षित की मोक्ष के बारे में बताया तो वहीं सुदामा चरित्र के बारे में प्रसंगों में आगे कहा कि सुदामा श्री कृष्ण की मित्रता का वर्णन करते हुए कहा इतना बड़ा आदमी नहीं हूं केवल द्वारिकाधीश को बता देना कोई दीवाना आया है और नाम सुदामा बता रहा है श्री कृष्णा में सुदामा को अपने गले से लगाए और अपने महल में ले गए। वही कथा प्रसंग में आगे राजा परीक्षित के बारे में यह बताया परीक्षित ने अपने जीवनकाल में कई अश्वमेघ यज्ञ किए और एक प्रतापी राजा के रूप में शासन किया। वे शक्तिशाली राजा बने, लेकिन एक ऋषि के श्राप के कारण तक्षक नाग के काटने से उनकी मृत्यु हुई शुकदेव मुनि ने उन्हें सात दिनों तक भागवत कथा सुनाई, जिससे राजा परीक्षित का मन सांसारिक मोह से हट गया और उन्हें मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति हुई। कथावाचक महाराज द्वारा कथा के बीच बीच में मधुर मधुर भजन की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कथा में होली बडी धूमधाम से खेली गई। कथा का समापन महाआरती के साथ की गई। और भक्त जनों ने महाप्रसादी का लाभ लिया और नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण करने के लिए पहुंचे और हर हर महादेव के सदस्य एवं नारायणी सेवा गोमाता समिति के युवाएं व्यवस्था में जुटे हुए थे।

## भगवान श्रीचित्रगुप्तजी की विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की यम द्वितीया भाई दूज के पावन पर्व पर मुल्तानपुरा स्थित भगवान श्रीचित्रगुप्त मंदिर धाम पर चित्रांश बंधुओ द्वारा भगवान श्रीचित्रगुप्तजी की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षण विद्युत साज-सज्जा और फूलों से सजाया गया। पंडित आचार्य के द्वारा पूजा अर्चना व हवनशांति कराइ गई भगवान श्रीचित्रगुप्त जी के साथ-साथ कलम दवात की भी पूजा अर्चना की गई। चित्रांश बंधुओ ने शुभ मुहूर्त में भगवान श्रीचित्रगुप्तजी और कलम दवात का घर घर पूजा अर्चना की गई।



## पांचवी- आठवीं परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रारंभ

**महिदपुर रोड।** कक्षा पांचवी तथा आठवीं के वार्षिक परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य गुरु वार से तहसील मुख्यालय पर स्थित उत्कृष्ट विद्यालय में प्रारंभ हो गया उत्तर पत्रिकाओं के मूल्यांकन कार्य के लिये जन शिक्षा केंद्र संकुल केंद्र अंतर्गत आने वाली विभिन्न शासकीय प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं की ड्यूटी मूल्यांकन कार्य हेतु लगाई गई मूल्यांकन कार्य में लगाये गये शिक्षक शिक्षिकाओं ने गुरुवार को मूल्यांकन केंद्र पर पहुंच कर मूल्यांकन कार्य प्रारंभ किया।

## श्री गोपाल मंदिर में संपन्न हुआ फाग उत्सव

**महिदपुर।** स्वर्गीय बंशीधर जी राठी परिवार के द्वारा श्री गोपाल मंदिर महिदपुर मे भी फाग उत्सव धूमधाम से मनाया गया। पूजा श्रीपाल राठी ने बताया कि *फाग उत्सव* भगवान गोपाल जी की सेवा में होने होने वाला प्रमुख उत्सव है... मंदिर में महिलाओं ने भजन गाकर एवं फूलों के साथ होली मना कर उत्सव मनाया... प्रभु गोपाल जी की आरती एवं प्रसादी के साथ उत्सव संपन्न हुआ।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**सारंगपुर।** पुराने नेशनल हाइवे शिवधाम के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने एक बाइक सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। गनीमत यह रही कि बाइक सवार व्यक्ति एवं पीछे बैठी महिलाओं को ज्यादा गंभीर चोटे नहीं आई। सिर्फ हाथ पैर और कमर में चोटे लगी। दुर्घटना के शिकार भोजपुर निवासी व्यक्ति ने बताया कि वह तारागंज होली को लेकर आए थे और पुनः घर जा रहे थे कि एक कार उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। नागरिकों ने पुलिस से तेज रफ्तार कार और उसके चालक की खोज सीसीटीवी कैमरे की मदद से करने की मांग की ताकि उस पर उचित कार्रवाई हो सकें।

### किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने दिया,ज्ञापन

# मार्केटिंग सोसाइटी में गेहूं की तुलाई जल्द शुरू हो

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना

तराना ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा सभी ने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार के आवाहन पर किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि वर्तमान समय में विद्युत विभाग की अनियमितताओं के कारण खेतों में झूलते तार और तेज हवा-आंधी के चलते गेहूं की फसल में आग लगने जैसी घटनाओं की आशंका बनी रहती है, इसलिए विद्युत वितरण के समय में परिवर्तन की मांग की गई। साथ ही आगामी समय में मार्केटिंग सोसाइटी में गेहूं की तुलाई जल्द शुरू करने की मांग की गई।इसके अतिरिक्त 15 अप्रैल तक बैंकों की किस्तों और बिजली बिल की वसूली पर रोक लगाने तथा मंडियों और खुले बाजार में किसानों के साथ हो रही खुली लूट को रोकने की मांग की गई। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कप्तान सिंह पवार शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश रावल ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश पांडे वरिष्ठ नेता नरेंद्र कांनडी, कैलाश गोठी, गजराज सिंह चौहान मौजूद रहे।



## शहर कांग्रेस ने मनाई स्व. अर्जुन सिंह की पुण्यतिथि



**देवास।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केंद्रीय मंत्री राज्यपाल जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए अर्जुन सिंह ने हमेशा गरीबों के हक में अपनी आवाज उठाई उनके कार्यकाल में सबसे ज्यादा काम गरीबों मजदूरो, अल्पसंख्यक वर्ग ,अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान के लिए किए गए उन्हीं के कार्यों का परिणाम रहा कि आज यह वर्ग समाज की मुख्य धारा में रहकर काम कर ते हुवे आगे बढ़ रहा है रहा उक्त विचार स्व अर्जुनसिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर जवाहर चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण करने के पश्चात संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयाग गौतम प्रदीप चौधरी सहित अनेक वक्ताओं ने व्यक्त किए । इसी के साथ कार्यक्रम के संयोजक भगवान सिंह चावड़ा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने स्व अर्जुन सिंह के सानिध्य में लंबे समय तक काम किया है उनके कामों को कभी बुलाए नहीं जा सकता। इस अवसर पर कांग्रेस नेता शौकत हुसैन सुधीर शर्मा गुरु चरण सिंह सलूजा जाहिद पठान पोपसिंह परिहार जितेंद्र सिंह गौड़ बनेसिंह असताय प्रहलाद मिस्त्री शाहजी हाशमी शहिद भाई धीरज कल्याने अशोक पटेल रूपेश पटेल हारीश गजधर बंसी लाल चौधरी रोहित राय चौहान कबीर मिर्जा बेग जहीर शेख दीपेश हरोडे राजेश लोदिया प्रिंस कटेसरिया अजय कटेसरिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### ट्रैक्टर रैली में किसानों ने भरी सरकार के खिलाफ हुंकार सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

# ट्रेड डील और बीमे को लेकर ब्लॉक कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उन्हेल

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उन्हेल के तत्वधान में पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शंकर पटेल के नेतृत्व में अपार जनसैलाब के साथ ट्रैक्टर रैली में क्षेत्र के किसानों ने ट्रेड डील और बीमे को लेकर भरी सरकार के खिलाफ हुंकार, सरकार के खिलाफ की जम कर नारे बजी, जन जागरण यात्रा के संयोजक किसान नेता बालेश्वर आंजना द्वारा निकाली गई।

किसान जन जागरण यात्रा एवं ट्रैक्टर रैली में क्षेत्र में हुई बेमौसम बारिश,ओलावृष्टि,आंधी तूफान में खराब हुई फैसलों के बीमा एवं मुआवजे की मांग, ट्रेड डील को निरस्त करने की मांग सहित विभिन्न मांगों को लेकर पांच दिवसीय किसान जन जागरण यात्रा क्षेत्र के 60 गांव एवं उन्हेल शहर सहित निकाली जिसके दूसरे चरण में गुरुवार को उन्हेल में किसानों ने सैकड़ों ट्रैक्टर के साथ पशु हाट से तहसील कार्यालय तक ट्रैक्टर रैली निकल कर मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया, ज्ञापन में किसानों की मुख्य मांग रखी गई जिसमें खराब फसलों का बीमा दिया जाए,सभी फसलों को एम.एस.पी पर खरीदी जाए,विद्युत विभाग द्वारा बिना जांच के कनेक्शन के एच.पी. बढ़ाए जा रहे है जिसे कम किया जाए,स्मार्ट मीटर योजना को समाप्त किया जाए,अमेरिका से ट्रेड डील को किसान हित में निरस्त किया जाए, सरकारी कार्यालयों में किसानों को बैठने एवं पेय जल की व्यवस्था की जाए एवं सम्मान जनक व्यवहार किया जावे,ग्रीन फील्ड हाइवे के प्रभावित किसानों को बाजार मूल्य से मुआवजा दिया जाए सहित विभिन्न मांग की गई.रैली में किसानों द्वारा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की गई।




यात्रा में किसानों ने पूरे क्षेत्र सहित सैकड़ों गांव से किसानों ने एकता के साथ जमकर हिस्सा लिया एवं अपने हक एवं अधिकार की मांग की।

यात्रा को यात्रा संयोजक बालेश्वर आंजना, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शंकर पटेल,वरिष्ठ किसान नेता वीरसिंह राणा, केसरसिंह पटेल, यात्रा के दो सह संयोजक राकेश पाटीदार, इंदरसिंह पीपावाद,पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भरत मालवीय, गुड्डू कुरैशी, यु.का. नेता राहुल सोलंकी आदि ने संबोधित किया, ज्ञापन का वाचन अक्षय जैन ने किया एवं आभार बालेश्वर आंजना ने माना।



## सामान्य ज्ञान

यहां बच्चों के लिए विभिन्न सामान्य ज्ञान के सवाल-जवाब बता रहे हैं। यहां देश, सेना, इतिहास और खेल से संबंधित विषय पर आधारित बातों के बारे में जानने को मिलेगा।



- पृथ्वी का सबसे निकटतम तारा कौन सा है?
उत्तरः सूर्य
- पृथ्वी पर सबसे लंबी नदी कौन सी है?
उत्तरः नील
- पृथ्वी के लिए ऊर्जा का प्रमुख स्रोत कौन सा है?
उत्तरः सूर्य
- मानव शरीर में कितने फेफड़े होते हैं?
उत्तरः दो
- पानी का मानक स्वाद क्या है?
उत्तरः पानी स्वादहीन है
- विश्व का सबसे ऊँचा पर्वत कौन सा है?
उत्तरः माउंट एवरेस्ट
- जमीन पर सबसे तेज दौड़ने वाला जानवर कौन सा है?
उत्तरः चीता
- किस महाद्वीप को 'अंधकारमय' महाद्वीप के नाम से जाना जाता है?
उत्तरः अफ्रीका
- किस ग्रह को लाल ग्रह के नाम से जाना जाता है?
उत्तरः मंगल ग्रह
- हमारे शरीर का सबसे संवेदनशील अंग कौन सा है?
उत्तरः त्वचा
- विश्व का सबसे बड़ा महासागर कौन सा है?
उत्तरः प्रशांत महासागर
- किस दिन को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है?
उत्तरः 5 जून
- एक शताब्दी में कितने वर्ष होते हैं?
उत्तरः एक सौ
- विश्व का सबसे बड़ा देश कौन सा है?
उत्तरः रूस (क्षेत्रफल के अनुसार)

स्विमिंग हेल्थ के लिए बेहद अच्छी हैं, वहीं अगर इसे सही तरीके से न किया जाए तो यह नुकसानदायक भी साबित हो सकती है।

# बच्चे कर रहे हैं स्विमिंग... जरूर रखें इन बातों का ध्यान

गर्मियों के दौरान ज्यादातर पेरेंट्स अपने बच्चों को कुछ नया सिखाना चाहते हैं और उन्हें कुछ अच्छी एक्टिविटीज में बिजी रखना चाहते हैं। उनमें से एक स्विमिंग को हमेशा से अच्छी एक्सरसाइज माना जाता रहा है। इस तरह की एक्टिविटीज न केवल बच्चों को फिजीकली फिट रखती हैं, बल्कि उनकी मेंटल हेल्थ के विकास में भी हेल्प करती हैं। वास्तव में स्विमिंग स्पोर्ट्स से कहीं बढ़ कर है, यह न केवल जीवन का एक कौशल है बल्कि ऐसी एक्सरसाइज है जो हमें कई तरह की बीमारियों से बचा कर रखता है।

जहां एक ओर स्विमिंग हेल्थ के लिए बेहद अच्छी हैं, वहीं दूसरी ओर अगर इसे सही तरीके से न किया जाए तो यह नुकसानदायक भी साबित हो सकती है। स्विमिंग करते समय कुछ विशेष नियमों को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए। पूल के बाहर और भीतर हमेशा कुछ निदेशों का पालन करें।



### हेल्थ चेकअप

बच्चों को स्विमिंग क्लास भेजने से पहले, डॉक्टर से उनका चेकअप करवा लें। पूल के पानी में क्लोरीन की मात्रा बहुत ज्यादा होती है इसलिए स्किन इंफेक्शन, आंख, नाक, गला और कान का चेकअप करवा लें। इसके अलावा अगर बच्चे का वेट नॉर्मल से कम या ज्यादा (ओबेसिटी) है तो भी डॉक्टर स्विमिंग से पहले कुछ सावधानियां बरतने की सलाह देते हैं।

### हाइड्रेशन

बहुत से पेरेट्स इसके बारे में नहीं जानते हैं। हालांकि यह एक्सरसाइज आप पानी में करते हैं लेकिन तैरने के दौरान आपकी बॉडी से डिहाइड्रेशन बहुत ज्यादा होता है। इस दौरान बहुत ज्यादा पसीना आता है। इसलिए अपने साथ पानी रखें। बच्चे को अच्छा सिपर दें, ताकि स्विमिंग के बीच में प्यास लगने पर वह पानी पी सके।

### स्विमिंग पूल की सफाई

पूल की सफाई पर ध्यान देना बहुत जरूरी है क्योंकि एक ही पूल का इस्तेमाल बहुत से लोग करते हैं और किसी को भी स्किन की या अन्य बीमारी हो सकती है। अपने बच्चे को स्विमिंग क्लास भेजने से पहले जनकारी लें कि क्या पूल का पानी नियमित रूप से बदला जाता है और क्या पूल की सफाई की जाती है।

### फर्स्ट एड की सुविधा

सरकारी नियमों के अनुसार स्विमिंग पूल में प्राथमिक चिकित्सा कक्ष और प्राथमिक चिकित्सा की अन्य सभी सुविधाएं होनी चाहिए। यह सुविधाएं पूल के नजदीक उपलब्ध होनी चाहिए। आपातकालीन स्थिति में व्यक्ति को सबसे पहले प्राथमिक चिकित्सा कक्ष में ले जाना चाहिए और आवश्यकतानुसार उसे प्राथमिक चिकित्सा दी जानी चाहिए।

### सुरक्षा उपकरण

बच्चों को तैरते समय सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल करना चाहिए जैसे - फ्लोटर्स, आई ग्लास, ईयर प्लग, कैप, टॉवर आदि। बड़े लोग जिन्हें तैरना आता है, वे जानते हैं कि बच्चे पानी से अक्सर डरते हैं, कुछ बच्चों को शुरूआत में पूल में जाना अच्छा नहीं लगता। आपको ध्यान रखना चाहिए कि बच्चे जिस फ्लोटर का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह खराब न हो, और बच्चे पूल में इसे खिलौने की तरह न इस्तेमाल करें।


### लाईफ गार्ड

सभी पूल्स में निर्धारित संख्या में लाईफ गार्ड जरूर होने चाहिए। ज्यादातर मामलों में देखा जाता है कि एक आम तैरने वाले व्यक्ति को लाईफ गार्ड के रूप में तैनात कर दिया जाता है, जिसके पास आपातकालीन स्थिति में किसी व्यक्ति को बचाने के लिए कोई ट्रेनिंग नहीं होती है। साथ ही जब तैरने वालों की संख्या ज्यादा हो (सुबह और शाम के समय) तब सही अनुपात में लाईफगार्ड मौजूद होने चाहिए।

### ट्रेनर और ट्रेनिंग

ध्यान रखें कि पानी में कूदने से पहले बच्चे को किसी अनुभवी कोच के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाए। बाहर से देखने में स्विमिंग बहुत आकर्षित करती है, लेकिन तैरने से पहले तैराकी सीखना बहुत जरूरी है। इसलिए सुनिश्चित करें कि बच्चे कोच की निगरानी में तैराकी सीखें और इसके बाद ही पानी की गहराई में जाएं।


### रंग भरकर चित्र बनाओ



### रास्ता खोजो



### बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ






आईसीसी ने टी20 विश्व कप 2026 के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए नामित खिलाड़ियों की लिस्ट जारी की है। इसमें भारत से संजू सैमसन का नाम शामिल है।

# विश्वकप में भारत का दबदबा, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट की दौड़ में संजू सैमसन शामिल; कउउ ने जारी की लिस्ट

**अहमदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को टी20 विश्व कप के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए आठ खिलाड़ियों को नामित किया है। इस सूची में भारत के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन का नाम भी शामिल है। पूरे टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रदर्शन दमदार रहा है और फाइनल तक के सफर में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा साफ नजर आया है।



### सैमसन ने दिखाया दम

सैमसन ने टूर्नामेंट के शुरूआती मैचों में मौका नहीं मिलने के बाद जब टीम में जगह बनाई तो अपने बल्ले से धमाका कर दिया। उन्होंने लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता और भारत को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। सेमीफाइनल में उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सिर्फ 42 गेंदों में 89 रनों की शानदार पारी खेली, जिसकी बदौलत भारत ने रोमांचक मुकाबले में सात रन से जीत दर्ज की। इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ वर्चुअल क्वार्टरफाइनल में सैमसन ने 50 गेंदों में 97 रन बनाकर टीम को पांच विकेट से जीत दिलाई। अब तक सैमसन ने टूर्नामेंट में खेले चार मैचों में 232 रन बनाए हैं। उनका औसत 77.33 और स्ट्राइक रेट 201.73 का रहा है, जो उनके आक्रामक और मैच जिताऊ प्रदर्शन को दशार्ता है।

### प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट की दौड़ में ये खिलाड़ी भी शामिल

इस पुरस्कार की दौड़ में सैमसन के अलावा इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स, पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान, दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी और कप्तान एडेन मार्करम, न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र, विकेटकीपर बल्लेबाज टिम सीफर्ट और अमेरिका के गेंदबाज शैडली वान स्कालविक शामिल हैं।

पाकिस्तान के फरहान ने टूर्नामेंट में छह पारियों में 383 रन बनाकर एक ही टी20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया है। वहीं, इंग्लैंड के विल जैक्स ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ मैचों में 226 रन और नौ विकेट लिए हैं। दक्षिण अफ्रीका के एनगिडी ने सात मैचों में 12 विकेट लेकर अपनी टीम की गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती दी, जबकि कप्तान मार्करम ने आठ मैचों में 286 रन बनाए। न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 128 रन और 11 विकेट लिए हैं। हालांकि, अमेरिका की टीम ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सकी, लेकिन तेज गेंदबाज स्कालविक ने सिर्फ चार मैचों में 13 विकेट लेकर सबको प्रभावित किया। वहीं न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट ने आठ मैचों में 274 रन बनाकर टीम को फाइनल तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई।

### लगातार दूसरे खिताब पर भारत की नजरें

भारतीय टीम कुल चौथी बार और लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंची है। टीम इंडिया ने 2007 में खेला गया पहला टी20 विश्व कप जीता था। इसके बाद 2024 में खेले गए पिछले विश्व कप में भी टीम इंडिया चैंपियन रही थी। अगर भारतीय टीम न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीतने में सफल रहती है, तो लगातार 2 बार टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली टीम बन सकती है। न्यूजीलैंड दूसरी बार फाइनल में पहुंची है। आखिरी बार न्यूजीलैंड ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल खेला था जिसमें उसे हार का सामना करना पड़ा था।

# हार से दुखी हुए जैकब बेथलः मैच के बाद पिता के गले लगकर रोए

**मुंबई।** टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ शानदार शतक लगाने वाले इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज जैकब बेथल हार के बाद बेहद भावुक नजर आए। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले के बाद बेथल स्टैंड में बैठे अपने पिता के पास पहुंचे और उन्हें गले लगाकर फूट-फूट कर रो पड़े। इस भावुक पल का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर क्रिकेट फैंस भी भावुक हो रहे हैं।



### भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में खेली ऐतिहासिक पारी

सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 253 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इतने बड़े लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं था, लेकिन जैकब बेथल ने इंग्लैंड के लिए उम्मीद की लौ जलाए रखी। बेथल ने सिर्फ 48 गेंदों में 105 रन की विस्फोटक पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने आठ चौके और सात छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट लगभग 218 रहा। बेथल ने सिर्फ 45 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जो उस समय टी20 विश्व कप इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक बन गया। जब इंग्लैंड के बाकी बल्लेबाज एक-एक कर आउट हो रहे थे, तब भी बेथल क्रीज पर डटे रहे और टीम को मैच में बनाए रखा। उन्होंने विल जैक्स (35 रन) के साथ अहम साझेदारी भी की और मुकाबले को आखिरी ओवर तक पहुंचा दिया।

### पिता के गले लगकर रो पड़े बेथल

मैच खत्म होने के बाद का एक भावुक पल सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। बेथल मैदान से सीधे फैमिली स्टैंड की ओर गए, जहां उनके पिता मौजूद थे। उन्होंने बिना कुछ कहे अपने पिता को गले लगा लिया और काफी देर तक रोते रहे। उनके पिता भी उन्हें ढांढस बंधाते नजर आए। यह पल स्टेडियम में मौजूद दर्शकों के लिए भी बेहद खास था। भारतीय प्रशंसकों ने भी बेथल की शानदार पारी की सराहना करते हुए तालियां बजाईं। भले ही इंग्लैंड यह मैच हार गया, लेकिन जैकब बेथल की 105 रनों की यह पारी टी20 विश्व कप 2026 की सबसे यादगार पारियों में से एक मानी जा रही है।

# फाइनल से पहले रिकी मार्टिन बिखेरेंगे जलवा

**अहमदाबाद।** टी20 विश्व कप 2026 अपने आखिरी पड़ाव पर पहुंच चुका है। रविवार यानी 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। फाइनल मुकाबले से पहले टी20 विश्व कप के समापन समारोह का आयोजन होगा। इसमें अंतरराष्ट्रीय पॉप सुपरस्टार रिकी मार्टिन जलवा बिखेरेंगे। इसकी जानकारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को दी। भारतीय समयानुसार कार्यक्रम शाम 5:30 बजे शुरू होगा। अपनी दमदार आवाज, स्टेज पर जबरदस्त मौजूदगी और दुनिया भर में लैटिन पॉप गानों के लिए लोकप्रिय इस गायक की प्रस्तुति की खबर सुन फैंस रोमांचित हैं। गायक से उम्मीद है कि वह मैच देखने आए फैंस को एक रोमांचक और यादगार अनुभव देंगे।

मकान बिकाऊ है
उज्जैन में मकान बिकाऊ है बात करो
70679 58884, 9302065222

आवश्यकता है
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की, पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की, पैकिंग हेतु महिलाओं की, हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड, प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

तुरंत लोन
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है ।
प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर।
ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### पति को लेकर दो पत्नियों में मारपीट, दूसरी पत्नी के घर पहुंचने पर हुआ विवाद

**इंदौर।** इंदौर के चंदन नगर थाना क्षेत्र में पति को लेकर दो पत्नियों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। गीता नगर निवासी ताहेरा शाह ने अपने पति वारिस अली की दूसरी पत्नी साइना पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गुरुवार को ताहेरा शाह अपने पति वारिस अली के साथ घर पर थी। इसी दौरान साइना वहां पहुंच गई और वारिस अली के घर नहीं आने को लेकर विवाद करने लगी। ताहेरा शाह ने पुलिस को बताया कि उसने साइना को समझाने की कोशिश की। इस दौरान वह नाराज हो गई और विवाद बढ़ गया। आरोप है कि साइना ने ताहेरा के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की और उसके पेट में लात मार दी। इस दौरान घर में मौजूद वारिस अली और रिश्तेदार नाहिद ने बीच-बचाव किया। मारपीट में घायल ताहेरा को इलाज के लिए पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया। एमवाय अस्पताल में पुलिस ने ताहेरा के बयान दर्ज किए। इसके आधार पर चंदन नगर थाना पुलिस ने साइना के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### होली पर नहीं मिली छुट्टी, देर रात घर जाने के लिए निकले युवक की दुर्घटना में मौत

**इंदौर।** इंदौर के तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार रात खंडवा रोड पर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। बाइक से घर जा रहे युवक को पीछे से आए पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान पूरन सिंह (26) पुत्र बहादुर सिंह के रूप में हुई है, जो सिलिकॉन सिटी क्षेत्र में किराए से रहता था। हादसे के बाद राहगीरों ने उसे नजदीकी अस्पताल पहुंचाया और परिजनों को सूचना दी। देर रात उसकी मौत हो गई, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया। पुलिस के मुताबिक पूरन सिंह गुरुवार रात अपनी बाइक से गाजिंदा गांव जाने के लिए निकला था। इसी दौरान खंडवा रोड पर पीछे से आए एक पिकअप वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। परिजनों ने पुलिस को बताया कि पूरन इंदौर के एक निजी होटल में मैनेजमेंट का काम करता था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी और परिवार में माता-पिता और एक भाई हैं। परिवार के अनुसार होली के आयोजन के कारण उसे होटल से छुट्टी नहीं मिल सकी थी। इसी वजह से वह गुरुवार रात ही घर के लिए निकल गया था। पुलिस के अनुसार हादसे के बाद पिकअप वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। अभी तक वाहन की पहचान नहीं हो सकी है। तेजाजी नगर थाना पुलिस आसपास के ढाबों और होटलों से जानकारी जुटा रही है, ताकि वाहन और चालक की पहचान की जा सके। मामले की जांच जारी है।

दूषित जल से हुई मौतों में अब दूसरी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट

# मौत की वजह साफ नहीं, केवल चिकित्सीय तथ्य दर्ज

### मौतों का सच अब भी अनसुलझा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के चर्चित भागीरथपुरा दूषित पानी कांड में अब तक 35 लोगों की मौत हो चुकी है और 450 से अधिक लोग बीमार होकर अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुके हैं। इस गंभीर मामले में सरकार पहले ही चारों ओर से घिरी हुई है। वहीं, अब सामने आई दूसरी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट ने पूरे मामले को और संदिग्ध बना दिया है।

चौंकाने वाली बात यह है कि इस रिपोर्ट में भी मौत के स्पष्ट कारण का जिक्र नहीं किया गया है, जिससे



कई नए सवाल खड़े हो गए हैं। यह मामला 74 वर्षीय मंजूला वाढे की मौत से जुड़ा है। 29 दिसंबर की रात दूषित पानी पीने के बाद उन्हें अचानक उल्टी-दस्त की शिकायत शुरू हुई। उनके बुजुर्ग पति दिगंबर वाढे पूरी रात उनकी देखभाल करते रहे, लेकिन हालत लगातार बिगड़ती गई। रात में मदद के लिए कोई नहीं था। सुबह जब वे सहायता लेने घर से बाहर निकले तो नगर निगम की टीम गली में सर्वे कर रही थी।

#### पोस्टमॉर्टम के बाद ही सौंपा शव

पति दिगंबर ने पत्नी का शव मांगा तो अस्पताल प्रशासन ने पोस्टमॉर्टम कराने की बात कही। दिगंबर इस प्रक्रिया के पक्ष में नहीं थे। हालांकि अस्पताल प्रशासन का कहना था कि यह स्पष्ट करना जरूरी है कि मौत दूषित पानी से हुई है या किसी अन्य कारण से। इसी आधार पर पोस्टमॉर्टम किया गया।

#### सरकार के तर्कों पर उठे सवाल

इस मामले में हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान शासन ने इसे महामारी घोषित किया है। सीनियर एड्वोकेट नीरज सोनी के मुताबिक जब कोरोना महामारी के दौरान मौतों के मामलों में पोस्टमॉर्टम कराया गया था, तो भागीरथपुरा में हुई मौतों में भी यही प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए थी। उनका कहना है कि यदि पोस्टमॉर्टम नहीं कराया जाता तो सरकार भविष्य में यह तर्क दे सकती थी कि सभी मौतें सामान्य थीं और इसलिए मुआवजा देने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे में पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया आवश्यक थी।

# इंदौर में बीजेपी के 18 जिलों के वक्ता ट्रेनिंग लेंगे

- हर जिले से 20 वक्ताओं का किया गया चयन
- मंडल स्तर पर कार्यशालाओं की तैयारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भाजपा पदाधिकारियों को ट्रेनिंग देने के लिए वक्ताओं की सूची तैयार की जा रही है। इन वक्ताओं को राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के पदाधिकारी ट्रेनिंग देंगे। 10 मार्च को इन्दौर में 18 जिलों के वक्ता भाग ले रहे हैं। हर जिले से 20 वक्ताओं का चयन किया गया है।

भाजपा समय-समय पर अपने आपको मजबूत करने और नए सदस्यों तथा पदाधिकारियों को पार्टी की विचारधारा के साथ जोडकर उन्हें प्रशिक्षित करने का काम करती है। भाजपा में यह प्रक्रिया लंबे समय से चली आ रही है।

**20-20 वक्ताओं के नाम मांगे-** भोपाल में हुई बैठक के बाद अब जिला और मंडल स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित करने की तैयारी हैं, लेकिन उसके पहले इंदौर में बड़े स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक जिले से संगठन की रचना के अनुसार 20-20 वक्ताओं के नाम मांगे गए थे।

## महिला ने फांसी लगाई, मायके पक्ष ने पति पर लगाए आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में रहने वाली एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह परिवार के लोगों ने उसे कमरे में फंदे पर लटका देखा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। मामले में मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं।

पुलिस के मुताबिक मृतका की पहचान स्नेहा (27) पत्नी नितेश थोरात निवासी प्रजापत नगर द्वारकापुरी के रूप में हुई है। स्नेहा पीथमपुर की एक निजी कंपनी में नौकरी करती थी। सुबह वह नौकरी पर जाने के लिए नहीं उठी। तब परिवार ने उसे पास के कमरे में फंदे पर लटका देखा। उसका पति पेशे से ड्राइवर है। घटना के समय सास-ससुर दूसरे कमरे में थे। स्नेहा के पिता शंकर राव ने बताया कि शुक्रवार सुबह उन्हें ससुराल पक्ष के लोगों ने फोन पर घटना की जानकारी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बेटी को ससुराल में काफी समय से प्रताड़ित किया जा रहा था। पिता के मुताबिक गुरुवार रात करीब 1 बजे भी उनकी बेटी से मोबाइल पर बात हुई थी, उस दौरान उसने परेशान किए जाने की बात बताई थी। गुरुवार को करीब तीन बार बेटी से घर वालों की मोबाइल पर बात हुई थी। परिजनों का कहना है कि स्नेहा और नितेश की शादी करीब 7 साल पहले हुई थी और उनका एक बेटा भी है। सास-ससुर पति और नंनद पर परिवार ने आरोप लगाए हैं। पुलिस को मौके से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। द्वारकापुरी पुलिस का कहना है कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। मायके पक्ष के बयान दर्ज किए जा रहे हैं, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ड्रिंक एंड ड्राइव में पकड़ाया, थाने से कार लेकर भागा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एरोड्रम पुलिस ने बुधवार रात चेकिंग के दौरान नशे में कार चलाते युवक को पकड़ा। पुलिस रिपोर्ट लिखने की लिखा-पढ़ी कर रही थी इतनी देर में वह थाने से ही कार लेकर फरार हो गया। 500 मीटर दूर एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया। वह कोमा में है। वहीं एक अन्य व्यक्ति भी घायल हुआ, जिसका उपचार कराया गया है।



इधर, पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। एरोड्रम थाना पुलिस ने छोटा बांगड़दा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान कार चालक दीपक पिता शंकरलाल को ड्रिंक एंड ड्राइव करते हुए पकड़ा था। पुलिस कार सहित आरोपी को थाने लेकर पहुंची थी। मौका पाकर आरोपी दीपक ने थाने से चाबी उठाई और कार लेकर फरार हो गया। तेज रफ्तार कार चलाते हुए एक बाइक को टक्कर मार दी। इस पूरे घटनाक्रम का एक युवती ने वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और आरोपी पर कार्रवाई की। इधर, पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। जब कार थाने में जब्त थी तो आरोपी उसे लेकर कैसे फरार हो गया? थाने के अंदर मौजूद पुलिसकर्मी आरोपी को रोक भी नहीं पाए।

## मजदूर की मौत के मामले में ठेकेदार पर प्रकरण दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भवन की तीसरी मंजिल पर काम के दौरान छत का हिस्सा गिरने से मजदूर की मौत के मामले में विजय नगर पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ठेकेदार पर सुरक्षा इंतजाम नहीं करने का आरोप है। पुलिस जांच के बाद आगे की कार्रवाई करेगी।

कुलकर्णी का भट्टा निवासी 45 वर्षीय मजदूर हरिओम सिंह 28 फरवरी को विजय नगर क्षेत्र में एक मकान में काम कर रहा था वह तीसरी मंजिल पर बने टॉवर को तोड़ रहा था, तभी छत का एक हिस्सा भरभराकर उसके ऊपर गिर गया। जिससे वह मलबे में दब गया और जब तक उसे बाहर निकाला गया, तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। साथियों ने उसे बाहर निकाला और ठेकेदार महेश की मदद से अस्पताल पहुंचाया।

**परिवार ने लगाया लापरवाही का आरोप-** घटना में मजदूर हरिओम सिंह के परिजनों ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया था। उन्होंने पुलिस से कहा था कि काम के दौरान हरिओम को सुरक्षा उपकरण नहीं दिए गए। जिससे घटना में हरिओम को गंभीर चोटें लगी। हरिओम के भाई भी मकान निर्माण के काम से जुड़े हैं, घटना के बाद वे ही सबसे पहले पहुंचे थे।

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति
सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
- दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
- टूर गाइड सुविधा
- आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
- टेम्पो ट्रैवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
- आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
- प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
- दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
- तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रैन अथवा स्लीपर बस में
- चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
- पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
- छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाड़ी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार
समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे, मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com